

किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 225 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 25 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# अमेरिका-ईरान 60 दिन के संघर्ष विराम समझौते के करीब, होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की संभावना

समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव में बड़ी कूटनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। अमेरिकी वेबसाइट Axios की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देश एक ऐसे समझौते के बेहद करीब हैं, जिसके तहत 60 दिन का अस्थायी संघर्ष विराम लागू किया जा सकता है और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोले जाने की संभावना है।

रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि प्रस्तावित "60 डे डील" के तहत ईरान को सीमित शर्तों के साथ तेल निर्यात की अनुमति दी जा सकती है, जबकि इस दौरान उसके परमाणु कार्यक्रम पर भी बातचीत आगे बढ़ेगी।



सूत्रों के अनुसार, इस समझौते में यह भी शामिल हो सकता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से सभी टोल शुल्क से मुक्त रखा जाए, ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। साथ ही ईरान द्वारा कथित रूप से बिछाई गई समुद्री माइंस को हटाने पर भी सहमति बनने की बात कही जा रही है।

इसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंधों में राहत देने और उसके बंदरगाहों से जुड़े आर्थिक प्रतिबंधों को आंशिक रूप से हटाने पर विचार कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से यह प्रतिबद्धता भी ली जाएगी कि वह किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार विकसित करने का प्रयास नहीं करेगा तथा यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को सीमित करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया सोशल मीडिया टिप्पणी को भी इस संभावित कूटनीतिक प्रगति से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। (इनपुटः आईएएनएस, Axios, Reuters रिपोर्ट)

### क्षेत्रीय सुरक्षा और कूटनीतिक पहलू

*रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि इस संभावित समझौते के दायरे में इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच तनाव कम करने की कोशिशें भी शामिल हैं। हालांकि, यदि हिज्बुल्लाह किसी प्रकार का हमला करता है तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई की छूट बनी रहेगी।*

*अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यदि समझौता आगे बढ़ता है तो इसे अमेरिकाझ्ईरान संबंधों के "रीसेट" के रूप में देखा जा सकता है, जिससे ईरान को अपनी आर्थिक गतिविधियों को पुनः गति देने का अवसर मिल सकता है।*

*इस बीच, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने "एमओयू पर काम जारी" होने की पुष्टि करते हुए संकेत दिया है कि बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।*

## फाल्टा पुनर्मतदान में भाजपा की बड़ी जीत, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने जनता को दिया धन्यवाद

समाज जागरण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर मतदाताओं का आभार जताते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि फाल्टा की जनता ने लोकतंत्र और विकास के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि बदनाम "डायमंड हार्बर मॉडल" अब "तृणमूल के नुकसान का मॉडल" बन चुका है। उन्होंने फाल्टा की जनता को नमन करते हुए कहा कि मतदाताओं ने भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु पांड्या को विधानसभा भेजकर बड़ा संदेश दिया है।

उन्होंने कहा,
"मैं फाल्टा के मतदाताओं का विशेष रूप से आभारी हूं। मैंने अपील की थी कि भाजपा उम्मीदवार को एक लाख वोटों के अंतर से जिताएं, लेकिन जनता ने इससे भी बड़ा समर्थन दिया और जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया। हम विकास के जरिए जनता का यह विश्वास लौटाएंगे और 'स्वर्णिम फाल्टा' बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

### तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए पार्टी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, जनता के पैसे की लूट की और भय व सिंडि-केट के जरिए राज्य पर कब्जा जमाने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि "माफिया कंपनी" बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चुनावों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर विधानसभा क्षेत्र में कृत्रिम बढ़त बनाई गई थी।

# "अमेरिका में भी हैं बेवकूफ लोग"

## भारतीयों पर नस्लीय टिप्पणियों को लेकर बोले मार्को रुबियो

समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत दौरे के दौरान भारतीयों के खिलाफ होने वाली नस्लीय टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "दुनिया के हर देश में कुछ बेवकूफ लोग होते हैं" और अमेरिका भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका एक स्वागत करने वाला देश है और भारतीय समुदाय ने वहां की अर्थव्यवस्था व समाज में बड़ा योगदान दिया है।

चार दिवसीय भारत यात्रा पर आए मार्को रुबियो ने रविवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियां बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं और उन्हें ऐसी घटनाएं गंभीर लगती हैं।

उन्होंने कहा,
"अमेरिका में दुनियाभर से लोग आकर बसे हैं और उन्होंने अमेरिकी समाज व अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है। कुछ लोग मूर्खतापूर्ण टिप्पणियां करते रहते हैं, लेकिन इससे पूरे अमेरिका की सोच को नहीं आंका जा सकता।"



### भारतीय समुदाय की भूमिका की सराहना

मार्को रुबियो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीय समुदाय और भारतीय कंपनियों के योगदान की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है और बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत के साथ आर्थिक और तकनीकी सहयोग आगे भी मजबूत होता रहे।

### वीजा नियमों पर क्या बोले मार्को रुबियो

जे-1, एफ-1 और एच-1बी वीजा नियमों में बदलाव को लेकर उठ रहे सवालों पर मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अपने आव्रजन तंत्र को 21वीं सदी के अनुरूप आधुनिक बना रहा है। उन्होंने साफ किया कि नई नीतियां किसी एक देश को निशाना बनाकर नहीं बनाई गई हैं, बल्कि पूरी दुनिया पर लागू होंगी।

मार्को रुबियो ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 2 करोड़ से ज्यादा लोग अवैध रूप से अमेरिका पहुंचे, जिसके कारण आव्रजन व्यवस्था में बड़े सुधार की जरूरत महसूस हुई।

उन्होंने माना कि बदलाव के इस दौर में कुछ परेशानियां और चुनौतियां सामने आएंगी, लेकिन भविष्य में नई व्यवस्था पहले से ज्यादा प्रभावी, टिकाऊ और कुशल साबित होगी।

### "भारत पर असर ज्यादा दिख सकता है"

अमेरिकी विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि भारत जैसे देशों पर इन बदलावों का असर ज्यादा दिखाई दे सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में उच्च कौशल वाले भारतीय पेशेवर अमेरिका जाते हैं।

उन्होंने कहा,
"हम ऐसी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं जो अमेरिका और यहां आने वाले लोगों—दोनों के लिए बेहतर हो। भविष्य में यह भारतीय कामगारों और नवाचार से जुड़े लोगों के लिए भी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकती है।" (इनपुट-आईएएनएस)

# यूपी पंचायत चुनाव टले, 26 मई को खत्म होगा प्रधानों का कार्यकाल, सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा प्रशासनिक और राजनीतिक अपडेट सामने आया है। प्रदेश के 27 हजार 694 ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, लेकिन पंचायत चुनाव में देरी के चलते योगी सरकार अब मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने पर विचार कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, अगले 48 घंटे के भीतर ग्राम सभाओं के प्रशासकों को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो पंचायत चुनाव होने तक गांवों के विकास कार्यों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का संचालन मौजूदा प्रधान ही करेंगे।

### पहली बार बदल सकती है परंपरा

अब तक उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद एडीओ पंचायत को प्रश-ासक नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन इस बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की तर्ज पर प्रधानों को ही जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी चल रही है।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ ने भी सरकार से यही मांग की थी कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव तक मौजूदा प्रधानों को अधिकार दिए जाएं।



### चुनाव में करीब एक साल की देरी संभव

सूत्रों के अनुसार, पंचायत चुनाव अब विधानसभा चुनाव 2027 के बाद कराए जाने की तैयारी है। हाईकोर्ट की प्रक्रिया, ओबीसी आरक्षण निर्धारण और मतदाता सूची तैयार न होने के कारण चुनाव में करीब एक साल की देरी हो सकती है।

प्रदेश में पंचायत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को होना है। ऐसे में चुनाव आयोग अभी तत्काल चुनाव कराने की स्थिति में नहीं माना जा रहा।

### ओबीसी आरक्षण बना देरी की बड़ी वजह

पंचायत चुनाव से पहले योगी स-रकार ने ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए आयोग का गठन किया है। आयोग की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राम अवतार सिंह कर रहे हैं। आयोग में दो सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला जज और दो रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। आयोग को छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है। माना जा रहा है कि आयोग नवंबर 2026 तक अपनी रिपोर्ट देगा, जिसके बाद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण का अंतिम स्वरूप तय होगा।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हा-ईकोर्ट ने 4 फरवरी 2025 को राज्य सरकार को ओबीसी आयोग गठित करने का निर्देश दिया था।

### गांवों के विकास कार्यों पर टिकी नजर

यदि सरकार मौजूदा प्रधानों को प्रशासक बनाती है तो गांवों में चल रहे विकास कार्य, पंचायत योजनाएं और सरकारी परियोजनाएं बिना रुकावट जारी रह सकेंगी। वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है और पंचायत चुनाव समय पर न कराने को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में देरी बता रहा है।

# मुंबई को हराकर प्लेऑफ में पहुंची राजस्थान रॉयल्स, पंजाब और केकेआर का सपना टूटा

समाज जागरण

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स ने करो या मरो मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में शानदार एंट्री कर ली। इसी के साथ राजस्थान रॉयल्स इस सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम बन गई। राजस्थान की जीत के साथ ही पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी पूरी तरह खत्म हो गईं।

रियान पराग की कप्तानी वाली राजस्थान ने अपने आखिरी लीग मैच में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी और दबाव भरे मुकाबले में मुंबई इंडियंस को मात देकर सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट हासिल किया। अब एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

### 206 रन के लक्ष्य के सामने लड़खड़ाई मुंबई

राजस्थान रॉयल्स द्वारा दिए गए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने बिना खाता खोले ही पहला विकेट गंवा दिया, जब तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने रोहित शर्मा को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। रोहित अपना खाता भी नहीं खोल सके।

इसके बाद नमन धीर 6 रन और रयान रिकेल्टन 12 रन बनाकर आउट हो गए। विल जैक्स ने 33 रन बनाए, जबकि तिलक वर्मा सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



### सूर्यकुमार यादव ने दिखाई लड़ाई

मुंबई की ओर से सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या ने पारी संभालने की कोशिश की। हार्दिक पंड्या ने 15 गेंदों में 34 रन की तेज पारी खेली, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 42 गेंदों पर 60 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

मुंबई इंडियंस की टीम 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी और मुकाबला 30 रन से हार गई।

### आर्चर की घातक गेंदबाजी

राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। नांद्रे बर्गर और ब्रिजेश शर्मा ने भी 2-2 विकेट लेकर मुंबई की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

### प्लेऑफ की तस्वीर साफ

इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने 16 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

# दिल्ली में पद्म भूषण 2026 पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी महाराज का बयान बोले—"मुझसे अधिक योग्य समाजसेवकों को मिलना चाहिए था यह सम्मान"

समाज जागरण

दिल्ली, विशेष संवाददाता। भगत सिंह कोश्यारी महाराज को पद्म भूषण 2026 से सम्मानित किए जाने के बाद उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में विनम्रता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनसे अधिक योग्य समाजसेवकों, निस्वार्थ कार्यकताओं और साधु-संतों को दिया जाना चाहिए था।

कोश्यारी ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था, जिसमें आग्रह किया गया था कि यह सम्मान किसी अन्य योग्य व्यक्ति को प्रदान किया जाए। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए वे आभारी हैं। उन्होंने स्वयं को "एक साधारण कार्यकर्ता" बताते हुए कहा कि अपने जीवन में उन्होंने शिक्षा के प्रसार और समाज सुधार के क्षेत्र में लगातार कार्य करने का प्रयास किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने समाज में अब भी मौजूद कुरीतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि गांवों में आज भी छुआछूत जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं, जिन्हें समाप्त करने के लिए निरंतर सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।



# पाकिस्तान अब नहीं बचा पाएगा अपना कोई भी आतंकी

**मृत्युंजय दीक्षित**

पुलवामा आतंकी हमले का साजिशकर्ता और भारत में कई आतंकी हमलों में वाछित अल बदर मुजाहिदीन का आपरेशनल कमांडर अर्जमंद गुलजार उर्फ हमजा बुरहान पाकिस्तान में गुलाम कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में मार दिया गया है। हमजा को दो अज्ञात लोगों ने आजरा में एमएस कालेज परिसर के पास मारा। मूलतः दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के खरबतपोरा के रहने वाले बुरहान पर सुरक्षाबलों ने 10 लाख का इनाम रखा था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी उसे 20 अप्रैल 2022 को आतंकी घोषित कर रखा था।



हमजा बुरहान करीब आठ वर्ष से पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का बहुत चहेता था। आईएसआई व पाक सेना हमजा की सुरक्षा किया करती थी। वह आतंकी संगठन अल बदर मुजाहिदीन की कमान काउंसिल में तीसरा स्थान रखता है। पहले नंबर पर बख्त जमीन उसके बाद यूसुफ बलोच और हमजा बुरहान आता था। घाटी में हिजबुल मुजाहिदीन के नेटवर्क के लगभग तबाह होने के बाद आईएसआई के स्थानीय चेहरे के रूप में उसे इस्तेमाल करते हुए कश्मीर में स्थानीय आतंकियों की भर्ती का षड्यंत्र चला रही थी। पाकिस्तान में जिस प्रकार एक के बाद एक आतंकी मारे जा रहे हैं उससे यह बात सिद्ध हो रही है कि जो पाकिस्तान आज पश्चिम एशिया युद्ध में शांति दूत बनने की कोशिश कर रहा है असल में दुनिया भर में अशांति का दूत है। पाकिस्तान केवल अपने आप को बचाने के लिए अमेरिका की गोद में बैठकर दुनिया को शांति मार्ग दिखाने का नाटक कर रहा है।

पुलवामा हमले में 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा में आतंकियों ने विस्फोटकों से भरी एक कार से सीआरपीएफ के काफिले में शामिल वाहन को टक्कर मारी थी । इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। यह कुख्यात आतंकी हमजा बुरहान उसी हमले का साजिशकर्ता था जो अब मारा जा चुका है। यह कई और आतंकी वारदातों मे भी शामिल रहा था। पाकिस्तान में जिस प्रकार से एक के बाद एक भारत विरोधी आतंकी मारे जा रहे हैं उससे इन आतकी संगठनो के नेतृत्व में खलबली व बैचेनी बढ़ गई है कि अब अगला नंबर किसका हो सकता है।आतंकी संगठनों में खलबली मचना इसलिए भी स्वाभाविक है क्योकि उनकी सुरक्षा पाक सेना करती है। पाकिस्तान में एक चर्चा यह भी हो रही है कि कहीं ये घटनाएं आपसी गुटबाजी या संघर्ष का परिणाम तो नहीं हैं। हमजा बुरहान 2017 में पाकिस्तान चला गया था। वह खुद को पाकिस्तान में शिक्षक बताता था। वह पाक अधिकृत गुलाम कश्मीर में कई आतंकी संगठनों को प्रशिक्षण देने के काम में लगा हुआ था। साथ ही वह आतंकियों को भारत में घुसपैठ करवाने में मदद करता था। हमजा को अपने सर्किल में ह्लडाक्टरह्व नाम से भी जाना जाता था।

पाकिस्तान में एक बाद एक आतंकी लगातार मारे जा रहे हैं । सुरक्षा की दृष्टि से यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में अब तक दो दर्जन से अधिक ऐसे आतंकी मारे जा चुके हैं जो भारत में किसी बड़ी आतंकी घटना में शामिल रहे हैं। अब तक जिन आतंकियों को एक तरह से मारा गया है उनमें मार्च 2025 को लश्कर आतंकी फैजल नदीम उर्फ अबु कताल, फरवरी 2025 को लश्कर -ए -तैयबा की राजनीतिक शाखा का चीफ मौलना काशिफ अली, मार्च 2025 में ही आईएसआई का अंडर कवर एजेंट मुफ्ती शाह मीर , नवंबर 2023 मे आतंकी मससूद अजहर का करीबी रहीम उल्लह मारिक, नवंबर 2023 में ही लश्कर आतंकी अकरम गाजी और लश्कर आतंकी ख्साजा शाहिद फिर सितंबर 2023 में लश्कर आतंकी मौलना जियाउर रहमान अप्रैल 2025 में मसूद अजहर का करीबी काजी एजाज आबिद, अक्तूबर 2023 में मसूद अजहर का करीबी दाऊद मालिक दिसंबर 2023 में लश्कर आतंकी अदनान अहमद, फरवरी 2023 में हिजबुल आतंकी बशीर अहमद पीर मार्च 2022 में जैश का आतंकी जहूर इब्राहीम, मार्च 2025 में आईएसपीआर अधिकारी मेजर दानियाल, सितम्बर 2023 में लश्कर- ए -तैयबा का आतंकी रियाज अहमद तथा मई 2023 में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिहं पंजवार को अब तक मारा जा चुका है । यह सभी कुख्यात आतंकी रह चुक थे तथा भारत में बड़ी आतंकी वारदातों को आंजाम देने में इन सभी की बड़ी भूमिका रह चुकी थी।

इसके अलावा भी कई और आतंकवादी अज्ञात व गुमानाम लोगों के द्वारा मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान में अभी भी हाफिज सईद और मसूद अजहर सहित भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी खुलेआम घूम रहे हैं । दाऊद इब्राहीम भी सेना व आईएसआई के संरक्षण में वहीं रह रहा है और इन सभी की सुरक्षा अत्यंत कड़ी है। यहां पर यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि हमजा बुरहान को सेना ने सुरक्षा गार्ड और कार तक दे रखी थी। भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कई अवसरों पर पाक को कड़ी चेतावनी दे चुके हैं कि अब पाकिस्तान की एक भी गली व कोना भारत से छिपा हुआ नहीं रह गया है, जिस देश को भारत ने जन्म दिया है वह उसे समाप्त भी कर सकता है। भारतीय सेना भी कह रही कि अगर पाकिस्तान नहीं सुधरा तो उसका इतिहास- भूगोल सब कुछ बदल जाएगा।

**प्रेषक – मृत्युंजय दीक्षित**

# व्यंग्य: समाजवाद की राजनीति से ककरोच और "ब्लैक हीट" तक

कभी-कभी लगता है कि राजनीति अब विचारधारा नहीं रही, बल्कि एक ऐसा किचन बन चुकी है जिसमें हर चीज उबल रही है—आदर्श भी, आरोप भी और अफवाहें भी। पहले समाजवाद की राजनीति में "गरीबों की थाली" की चर्चा होती थी, अब थाली से ज्यादा चर्चा इस बात की होती है कि थाली किसने उठाई और किसने गिरा दी।

एक दौर था जब समाजवाद का मतलब था समानता, न्याय और संघर्ष। लेकिन आज हालत यह है कि मंच पर भाषण कम और "ब्रांडिंग पैकेज" ज्यादा चल रहा है। नेता अब विचार नहीं बेचते, बल्कि "कंटेंट स्ट्रेटजी" बेचते हैं—और जनता को वही परोसा जाता है, जिसे "ट्रेंडिंग" कहा जाए।

इधर राजनीति के इस पुराने घर में अब नए किरायेदार भी आ गए हैं—ककरोच भी और ब्लैक हीट भी। ककरोच इसलिए, क्योंकि ये हर सिस्टम में जीवित रहते हैं—चाहे व्यवस्था कितनी भी साफ करने की कोशिश करे। और ह्लब्लैक हीटह्व इसलिए, क्योंकि बहसों का तापमान इतना बढ़ गया है कि सच अब पिघलने लगा है और अफवाहें जमने लगी हैं।

पहले कहा जाता था कि समाजवाद विचार है, अब लगता है कि यह एक "डिबेट शो" बन गया है, जिसमें आवाज ऊँची होना तर्क से ज्यादा जरूरी है। नीतियों की जगह अब नारों की डिलीवरी होती है, और समाधान की जगह "सवालों की प्रेस रिलीज"। और मजे की बात यह है कि हर पक्ष खुद को "स्वच्छ राजनीति" का ठेकेदार बताता है, जबकि पीछे से वही पुरानी दीवारों में नए-नए ककरोच अपने लिए जगह बना चुके हैं।

# गंगा दशहरा : श्रद्धा, शुद्धि और सनातन परंपरा

**- महेन्द्र तिवारी**




गंगा दशहरा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। भारत में गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि जीवन, आस्था, मोक्ष और संस्कृति की धारा मानी जाती है। करोड़ों लोगों की श्रद्धा गंगा से जुड़ी हुई है। भारतीय सभ्यता का विकास गंगा के तटों पर हुआ और आज भी गंगा भारतीय जनजीवन की आत्मा मानी जाती है। गंगा दशहरा का पर्व मनुष्य को केवल धार्मिक आस्था से नहीं जोड़ता बल्कि प्रकृति, जल और संस्कृति के महत्व का भी स्मरण कराता है।

अयोध्या के राजा सगर सूर्यवंश (इक्ष्वाकु वंश) के एक अत्यंत प्रतापी और शक्तिशाली चक्रवर्ती सम्राट थे। वे भगवान श्रीराम के पूर्वज थे। पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार अयोध्या के राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ कराया था। उस यज्ञ का घोड़ा इंद्र के भय के कारण कपिल मुनि के आश्रम में पहुंच गया। राजा सगर के 60000 पुत्र घोड़े की खोज करते हुए वहाँ पहुंचे और उन्होंने कपिल मुनि पर चोरी का आरोप लगा दिया। उनके अपमान से क्रोधित होकर कपिल मुनि ने अपने तपोबल से सभी पुत्रों को भस्म कर दिया। उन आत्माओं की मुक्ति तभी संभव थी जब स्वर्ग से गंगा पृथ्वी पर आकर उनके अस्थि अवशेषों को स्पर्श करती। कई पीढ़ियों तक प्रयास चलता रहा, अंततः राजा भगीरथ ने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया। ब्रह्मा जी ने गंगा को पृथ्वी पर जाने की अनुमति दी लेकिन गंगा का वेग इतना प्रचंड था कि पृथ्वी उसे सहन नहीं कर सकती थी। तब भगवान शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को धारण किया और धीरे-धीरे पृथ्वी पर प्रवाहित किया। इसी घटना की स्मृति में गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है।

गंगा दशहरा का धार्मिक महत्व अत्यंत व्यापक है। यह माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के 10 प्रकार के पापों का नाश होता है। दशमी तिथि होने के कारण इसे दशहरा कहा जाता है। धर्मग्रंथों में बताया गया है कि मनुष्य के 10 प्रकार के पाप होते हैं जिनमें 3 शरीर से, 4 वाणी से और 3 मन से किए जाते हैं। गंगा स्नान और पूजा से इन पापों से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि इस दिन लाखों श्रद्धालु हरिद्वार, वाराणसी, प्रयागराज, ऋषिकेश और गंगासागर जैसे तीर्थ स्थलों पर एकत्र होते हैं।

गंगा भारतीय समाज में केवल धार्मिक प्रतीक नहीं है बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन की आधारशिला भी है। गंगा नदी लगभग 2525 किलोमीटर लंबी है और उत्तराखंड के गोमुख से निकलकर बंगाल की खाड़ी में मिलती है। इसका विशाल क्षेत्र भारत और बांग्लादेश के करोड़ों लोगों को जल प्रदान करता है। खेती, पेयजल, व्यापार और आजीविका का बड़ा हिस्सा गंगा पर निर्भर है। उत्तर भारत की उपजाऊ भूमि गंगा की देन मानी जाती है। गंगा के किनारे बसे नगरों ने भारतीय संस्कृति, साहित्य, संगीत और अध्यात्म को समृद्ध किया है।

गंगा दशहरा के अवसर पर विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं। लोग प्रातःकाल गंगा स्नान करते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके बाद माँ गंगा की आरती, दीपदान और मंत्रोच्चार किया जाता है। श्रद्धालु फूल, दूध, अक्षत और प्रसाद अर्पित करते हैं। कई स्थानों पर भंडारे और दान पुण्य का आयोजन होता है। जल से भरे कलश, पंखे, वस्त्र, फल और अन्न का दान विशेष फलदायी माना जाता है। इस दिन गंगा स्तोत्र और गंगा चालीसा का पाठ भी किया जाता है।

भारतीय साहित्य और लोकजीवन में गंगा का विशेष स्थान है। कवियों और संतों ने गंगा को मोक्षदायिनी, पापहारिणी और जीवनदायिनी कहा है। तुलसीदास, कबीर, सूरदास और अन्य अनेक कवियों की रचनाओं में गंगा का उल्लेख मिलता है। लोकगीतों में गंगा माँ की महिमा का वर्णन आज भी सुनाई देता है। विवाह, जन्म, मृत्यु और अन्य संस्कारों में गंगाजल का प्रयोग शुभ माना जाता है। यह विश्वास भारतीय जनमानस में गहराई से जुड़ा हुआ है कि गंगाजल पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

गंगा दशहरा केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोग एक साथ पूजा और स्नान करते हैं। मेलों में लोक संस्कृति की झलक दिखाई देती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के लोग समान रूप से इस पर्व में भाग लेते हैं। यह पर्व भारतीय समाज में सामूहिकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

वर्तमान समय में गंगा नदी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। बढ़ता प्रदूषण, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा और अवैज्ञानिक विकास कार्य गंगा की पवित्रता और अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। कई स्थानों पर गंगा का जल प्रदूषित हो चुका है जिससे जलीय जीवों और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। गंगा दशहरा का पर्व हमें यह भी संदेश देता है कि केवल पूजा और आस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास भी आवश्यक हैं।

सरकार और समाज द्वारा गंगा संरक्षण के लिए अनेक योजनाएँ चलाई गई हैं। घाटों की सफाई, सीवेज उपचार संयंत्र, वृक्षारोपण और जनजागरण अभियान जैसे कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है जब आम नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें। नदियों में कचरा फेंकने, प्लास्टिक का उपयोग करने और जल को दूषित करने से बचना आवश्यक है। गंगा केवल धार्मिक धरोहर नहीं बल्कि प्राकृतिक संपदा भी है। इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

गंगा दशहरा का आध्यात्मिक संदेश भी बहुत गहरा है। गंगा का अवतरण त्याग, तपस्या और लोककल्याण का प्रतीक माना जाता है। राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार और समाज के कल्याण के लिए कठिन तप किया था। यह कथा मनुष्य को निस्वार्थ कर्म और धैर्य की प्रेरणा देती है। भगवान शिव द्वारा गंगा को अपनी जटाओं में धारण करना संतुलन और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। यह संदेश देता है कि प्रकृति की शक्तियों का सम्मान और संतुलित उपयोग आवश्यक है। आज के भौतिकवादी युग में गंगा दशहरा जैसे पर्व लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। आधुनिक जीवन की व्यस्तता के बीच यह पर्व मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और आत्मिक संतुलन का अनुभव कराता है। गंगा तट पर होने वाली आरती, मंत्रोच्चार और दीपों की पंक्तियाँ मन को अद्भुत शांति प्रदान करती हैं। यह दृश्य केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक अनुभव भी होता है। गंगा दशहरा भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का प्रतीक है जिसमें प्रकृति को माता के रूप में पूजने की भावना निहित है। भारतीय सभ्यता ने सदैव नदियों, पर्वतों, वृक्षों और पृथ्वी को सम्मान दिया है। गंगा की पूजा वास्तव में जल और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जल ही जीवन है और उसका संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।

अंततः गंगा दशहरा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का जीवंत प्रतीक है। इसमें आस्था, इतिहास, संस्कृति, पर्यावरण और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। माँ गंगा भारतीय जनमानस में सदियों से श्रद्धा और विश्वास की धारा के रूप में प्रवाहित हो रही हैं। यह पर्व हमें पवित्रता, सेवा, त्याग और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। यदि हम गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति सचेत रहें तो यही गंगा दशहरा का सच्चा सम्मान होगा। गंगा की निर्मल धारा केवल जल नहीं बल्कि भारत की आत्मा है, जिसे सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## कॉकरोच जनता पार्टी:
# अपमान से जन्मा डिजिटल जनविद्रोह

**जो मरना सीख चुके थे, उन्होंने कॉकरोच बनकर जीना शुरू कर दिया**
**अब हंसना भी हथियार है: जब बेरोजगार युवा व्यंग्य से लड़ाई लड़ रहे हैं**

सपनों की उम्र जब नीट के पेपर लीक, अधूरी भर्तियों और बेरोजगारी में उलझे, तब गुस्सा भीतर ही भीतर जमा होने लगता है। 15 मई 2026 की अदालत टिप्पणी ने उसी दबे आक्रोश को आवाज दी। जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ बेरोजगार युवाओं को ह्लकॉकरोचह्व और ह्लपरजीवीह्व कहा, तो यह बयान पूरी पीढ़ी के आत्मसम्मान पर चोट बन गया। युवाओं ने चुप रहने के बजाय अपमान को प्रतिरोध में बदला दिया। कुछ ही दिनों में ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गए। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लंबे समय से भीतर दबाए बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है।

यह सिर्फ इंटरनेट पर चल रहा कोई क्षणिक मजाक या मीम अभियान नहीं है; इसके पीछे उस पीढ़ी की घुटन है, जो डिग्री लेकर भी बेरोजगारी की कतारों में खड़ी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं, भर्तियां रद्द होती हैं और परिणाम अटक जाते हैं। लाखों युवा कोचिंग में समय, पैसा और मानसिक शांति खो रहे हैं। ऐसे में जब व्यवस्था उन्हें ह्लपरजीवीह्व की नजर से देखे, तो आक्रोश फूटना स्वाभाविक है। युवाओं ने ह्लकॉकरोचह्व शब्द को अपमान नहीं, बल्कि प्रतिरोध की पहचान बना दिया। उनका संदेश है – व्यवस्था उन्हें कितना भी कुचलने की कोशिश करे, वे मिटने वाले नहीं हैं। जैसे कॉकरोच हर कठिन परिस्थिति में जीवित रह जाता है, वैसे ही यह पीढ़ी भी संघर्षों के बीच खुद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।

लंबे भाषणों और नारों के बीच ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व ने व्यंग्य को अपना हथियार बना लिया है। जहां पारंपरिक राजनीतिक दल विचारधाराओं में उलझते हैं, वहीं यह अभियान मीम्स, छोटे वीडियो और इंटरनेट संस्कृति से युवाओं से जुड़ रहा है। इसकी सदस्यता की शर्तें भी व्यवस्था पर तंज हैं – बेरोजगार होना, दिनभर ऑनलाइन रहना, पेशेवर ढंग से शिकायत करना और आलसी दिखना। पहली नजर में यह मजाक लगता है, लेकिन इसमें आज के युवा भारत की सच्चाई छिपी है। करोड़ों युवाओं के पास डिग्री और मेहनत है, पर अवसर नहीं। इसी कारण सोशल मीडिया पर लाखों युवा ह्लमैं भी कॉकरोच हूंह्व कहकर अपनी पीड़ा साझा कर रहे हैं। कोई 5 साल से परीक्षा की तैयारी में अटका है, किसी को साक्षात्कार के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो कोई असफलताओं से टूट चुका है।




यह आंदोलन केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक दबाव को भी उजागर कर रहा है। नौकरी का अभाव सिर्फ आय नहीं छीनता, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को कमजोर करता है। देश में युवा अवसाद, अकेलेपन और भविष्य के भय से जूझ रहे हैं। छोटे शहरों और गांवों से छात्र बड़े शहरों में कोचिंग और नौकरी की तलाश में आते हैं, लेकिन असफलता और असुरक्षा उनका पीछा करती है। परिवार की उम्मीदें, समाज के ताने और सोशल मीडिया की बनावटी सफलताएं इस दबाव को बढ़ा देती हैं। ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व ने इस दर्द को सार्वजनिक चर्चा में जगह दी है। यही कारण है कि यह आंदोलन इंटरनेट से आगे बढ़कर दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों में ऑफलाइन मुलाकातों और छोटे कस्बों में व्हाट्सऐप समूहों के जरिए लोगों को जोड़ रहा है।

स्क्रीन पर उठती प्रतिक्रियाएं अब वैश्विक राजनीति की नई शुरूआत बन चुकी हैं। पिछले दशक में कई बड़े जनआंदोलन सोशल मीडिया से ही शुरू हुए। अरब स्प्रिंग में युवाओं ने फेसबुक और ट्विटर से सत्ता को चुनौती दी, श्रीलंका के आर्थिक संकट में ऑनलाइन गुस्सा सड़कों तक पहुंचा और सरकार परिवर्तन हुआ, जबकि बांग्लादेश में छात्रों ने डिजिटल मंचों को आंदोलन का साधन बनाया। इसी बदलाव के बीच भारत में ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व एक नए दौर का संकेत देती है, जहां इंटरनेट केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का मंच बन चुका है। यहां शुरूआत गंभीर नारों से नहीं, बल्कि व्यंग्य और हास्य से हुई है। लेकिन इतिहास बताता है कि कई बार सबसे हल्की हंसी के भीतर गहरा असंतोष छिपा होता है।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह केवल डिजिटल शोर बनकर रह जाएगा या आगे चलकर चुनावी ताकत में बदल पाएगा। ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व के पास फिलहाल कोई संगठित ढांचा नहीं है—न चुनावी मशीनरी, न संसाधन और न मजबूत जमीनी नेटवर्क। लेकिन उसकी ताकत उसी जगह है जहां आज राजनीति बदल रही है—डिजिटल स्पेस। लाखों युवाओं का जुड़ना दिखाता है कि देश में असंतोष का नया रूप उभर रहा है। यदि यह आंदोलन छात्र संगठनों, बेरोजगार युवाओं या क्षेत्रीय शक्तियों से जुड़ता है, तो यह पारंपरिक दलों के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने भी इसे युवा असंतोष का प्रतिबिंब माना है। साफ है कि अब सत्ता और विपक्ष दोनों इसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं।

डिजिटल युग में किसी आंदोलन की असली परीक्षा केवल उसकी लोकप्रियता नहीं, बल्कि उस पर सत्ता की प्रतिक्रिया भी होती है। सोशल मीडिया पर खातों को सीमित करना, सामग्री हटाना और इस अभियान को ह्लराष्ट्रविरोधीह्व या ह्लअराजकह्व बताने की कोशिशें दिखाती हैं कि इसे हल्के में नहीं लिया जा रहा। लेकिन इंटरनेट के दौर में विचारों को पूरी तरह रोकना कठिन है, खासकर जब वे करोड़ों युवाओं के अनुभव से जुड़े हों। यही कारण है कि ह्लकॉकरोचह्व का प्रतीक इतना प्रभावी बन गया है – वह दबाने पर भी खत्म नहीं होता। आज का युवा पारंपरिक मीडिया पर निर्भर नहीं है; वह स्वयं कंटेंट बनाता है, विचार गढ़ता है और वायरल कर देता है। ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व इसी डिजिटल आत्मनिर्भरता का परिणाम है।

जब दर्द आवाज बनने लगे और स्क्रीन पर दिखने लगे, तो वह सिर्फ ट्रेंड नहीं रहता, संकेत बन जाता है। ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्व अब इंटरनेट मजाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की अभिव्यक्ति है जो खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस करती है। इसका भविष्य अनिश्चित है—यह शांत हो सकता है या बदलाव का कारण बन सकता है। इतिहास दिखाता है कि सत्ता अक्सर युवा असंतोष को शुरूआत में हल्के में लेती है। लेकिन यह पीढ़ी अब चुप नहीं है; वह दर्द को मीम, अपमान को प्रतीक और गुस्से को डिजिटल आंदोलन में बदल रही है। यह केवल नाम नहीं, बल्कि चेतावनी है—और जब उपहास जनता का हथियार बन जाता है, तब सबसे मजबूत व्यवस्थाएं भी भीतर से दरकने लगती हैं।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद्**
**बड़वानी (मप्र)**

***(25 मई – गंगा दशहरा पर विशेष)***

## गंगा अवतरण उजियारा

*गंगा अवतरण का पावन पर्व,*
*लेके आया है शुभ उजियारा।*
*श्रद्धा, भक्ति और आस्था से,*
*गूंज उठा हैं हर घाट किनारा।*

*यूं ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन,*
*इस धरती पर गंगा आई थीं।*
*भगीरथ की कठोर तपस्या से,*
*माँ सबका उद्धार कराई थीं।*

*गंगा जल की ये निर्मल धारा,*
*यहाँ पे पापों को हर लेती है।*
*गर मन में सच्ची श्रद्धा हो तो,*
*ये जीवन के हर सुख देती है।*

*दीप जलाकर, दान-पुण्य कर,*
*सूर्य देवता को 'अर्घ्य' चढ़ाएँ।*
*माँ गंगा के इस पावन जल से,*
*तन-मन अपना पवित्र बनाएँ।*

*ये गंगा दशहरा का पावन पर्व,*
*आस्था-श्रद्धा सन्देश सुनाता।*
*सत्य, सेवा और सद्भावना से,*
*हमारा जीवन है सुंदर बनाता।*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दिल्ली-NCR में मौसम का बड़ा अलर्ट जारी

## अगले 2-3 घंटे में धूल भरी आंधी, IMD ने येलो अलर्ट किया जारी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दिल्ली-NCR क्षेत्र में मौसम को लेकर बड़ा अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले 2 से 3 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में धूल भरी आंधी चलने की संभावना है, जिसमें हवाओं की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

राजधानी क्षेत्र (Delhi) में इस दौरान दृश्यता (विजिबिलिटी) में भी कमी आने की आशंका जताई गई है, जिससे यातायात और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

IMD ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। साथ ही, पेड़ों, पुराने बोर्ड्स और कमजोर ढांचों के पास खड़े होने से भी सावधानी बरतने की अपील की गई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, यह स्थिति अस्थायी है लेकिन तेज हवाओं और धूल के कारण कुछ इलाकों में परेशानी बढ़ सकती है।

# थाना सूरजपुर में ईद-उल-अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना सूरजपुर कार्यालय में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की, जिसमें उनके साथ सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेन्ट्रल नोएडा श्री राजीव कुमार गुप्ता भी उपस्थित



रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद करते हुए आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने या अफवाह फैलाने का प्रयास किया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना रहा।

# थाना जारचा पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध हथियार भी बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कम्पनी से चोरी तथा अन्य आपराधिक घटनाओं में वांछित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया सामान, एक मोटरसाइकिल तथा अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा अभियुक्त दुष्यन्त पुत्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम ऊंचा अमीरपुर, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर, उम्र लगभग 25 वर्ष को समाना नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर किर्लोस्कर कम्पनी, एनटीपीसी परिसर से 15 नवंबर 2025 को कॉपर तार चोरी करने का आरोप है, जिसके संबंध में थाना जारचा पर मु0अ0सं0 196/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है।

इसके अतिरिक्त 10 दिसंबर 2025 को कस्बा जारचा में बकरी चोरी की घटना के संबंध में भी अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 214/2025 धारा 305(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था, जिसमें वह वांछित चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 25 किलोग्राम कॉपर तार, एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

इस संबंध में थाना जारचा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा नोएडा महानगर के दो दिवसीय "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" का सफल समापन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में अग्रसेन भवन में आयोजित दो दिवसीय ॡपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानॡ का सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।




कार्यक्रम में कार्यकताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं चुनावी दृष्टि से अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने ॡकार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधनॡ विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक निरंतर सक्रिय रहने वाली संगठनात्मक पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ता वर्ष भर जनसंपर्क और संगठन विस्तार में जुटे रहते हैं। उन्होंने संगठन की शक्ति, अनुशासन और निरंतर चुनावी तैयारी को भाजपा की प्रमुख विशेषता बताया।

द्वितीय दिवस के नवम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ब्रज बहादुर ने "भाजपा का इतिहास एवं विकासॡ विषय पर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा के वर्तमान स्वरूप तक की यात्रा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान, अनुच्छेद 370 एवं 35अ की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण तथा ॡविकसित भारत 2047" के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला।

दशम सत्र में पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्री राजा वर्मा ने "देश के समक्ष चुनौतियांॡ विषय पर संबोधन देते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता पर बल दिया। समापन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कार्यकताओं को संगठन विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन के गुर बताते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देश की सख्त नीति का भी उल्लेख किया।

इस द्वि-दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में गौतमबुद्ध नगर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक श्री पंकज सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने तथा "विकसित भारत 2047" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# सेक्टर-73 में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-73 स्थित महादेव अपार्टमेंट में रविवार को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईकेयर नोएडा अभियान के अंतर्गत फर्स्ट रिहैब फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में फर्स्ट रिहैब फाउंडेशन के निदेशक, फिजियोथेरेपिस्ट एवं एगोनोमिस्ट डॉ. महिपाल सिंह ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने आरएसआई (रिपीटेटिव स्ट्रेन इंजरी), पोस्चरल करेक्शन, मानव शरीर पर भावनात्मक प्रभाव तथा हीट वेव से बचाव जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. महिपाल सिंह ने कहा कि मनुष्य का शरीर और मस्तिष्क एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। मानसिक स्थिति का प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि उसके व्यवहार एवं पारिवारिक जीवन पर भी दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि गलत कार्य-शैली एवं असंतुलित दिनचर्या से शारीरिक एवं मानसिक तनाव बढ़ता है, जिससे व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा एवं एकाकी प्रवृत्ति का हो सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि सही पोस्चर और नियमित व्यायाम के माध्यम से आरएसआई जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम में हीट वेव से बचाव के उपाय भी बताए और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट एवं प्रबंध निदेशक डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सोसाइटी के निवासियों ने स्वच्छता अभियान चलाया तथा पौधारोपण किया। साथ ही फर्स्ट रिहैब फाउंडेशन के बच्चों द्वारा तैयार किए गए हैंडवॉश, सैनिटाइजर एवं साबुन का वितरण भी किया गया।

# नोएडा में पारिवारिक विवाद में हमला, महिला की मौत; पुलिस जांच में जुटी

नोएडा। थाना फेस-1 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-5 में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां मकान की छत पर सो रहे एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस हमले में पति, पत्नी और उनकी दो पुत्रियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, पड़ोसी द्वारा किए गए इस हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान महिला संजू देवी की मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

अधिकारियों के अनुसार, घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।– बाइटः मनीषा सिंह, एडीसीपी, नोएडा

# थाना जारचा में ईद-उल-अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार तथा डीसीपी/एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी द्वितीय ग्रेटर नोएडा श्रीमती प्रशाली गंगवार द्वारा थाना जारचा कार्यालय पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी ईद-उल-अजहा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के उद्देश्य से की गई।

बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा सभी से अपील की गई कि आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाया जाए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि धार्मिक भावनाओं को आहत करने या अफवाह फैलाने का प्रयास किया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। पुलिस प्रशासन ने सभी उपस्थित लोगों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया जा सकता है। – मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# हरौला गांव में नाइट फ्लैग मार्च का आयोजन

नोएडा। 11 केवी स्टेडियम डिवीजन, नोएडा के अंतर्गत हरौला गांव में रात्रि फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।



इस दौरान विभाग के सभी 11 केवी के अधिशासी अभियंता (EE), सहायक अभियंता (AE), अवर अभियंता (JE) के साथ-साथ 33 केवी के एए, अए एवं खए भी उपस्थित रहे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी या आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा। अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान टीम ने स्थानीय स्तर पर फील्ड विजिट कर व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रवीन्द्र उत्सव 2026 में संगीत, नृत्य और संस्कृति का भव्य संगम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। तपस्या संगीत नृत्य कला केंद्र द्वारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के उपलक्ष्य में ॡरवीन्द्र उत्सव 2026ॡ का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह सांस्कृतिक संध्या गुरुदेव की अमर साहित्यिक, संगीत एवं दार्शनिक विरासत को समर्पित रही।



कार्यक्रम में रवीन्द्र संगीत एवं कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा गुरु श्रीमती लिली भट्टाचार्जी एवं गुरु श्री सुब्रत दास के निर्देशन में प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर मयूर विहार फेज-1 स्थित कार्तियानी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पार्पण एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिंदुस्तान आर्ट्स एंड म्यूज़िक सोसायटी के संस्थापक-सचिव एवं प्रख्यात तबला वादक पंडित प्रोसेनजीत पोद्दार उपस्थित रहे। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने पर बल दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नृत्य नाटिका ॡध्रुपदी प्रकृतिॡ रही, जिसमें लाइव संगीत एवं कथक नृत्य के माध्यम से गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचनाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं समर्पण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

'तपस्या संगीत नृत्य कला केंद्र', जो पिछले 30 वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत है, ने इस अवसर पर समाज में कला शिक्षा को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंद बच्चों को कला से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम का समापन आयोजकों द्वारा सभी कलाकारों, गुरुजनों, अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। साथ ही कला एवं संस्कृति से जुड़े रहने और इसे निरंतर प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

# बीएनआई नोएडा और गाजियाबाद द्वारा 'झूम नाइट 2026' का भव्य आयोजन

## संगीत, सौहार्द और नेटवर्किंग का अद्भुत संगम, 400 से अधिक सदस्यों ने लिया हिस्सा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-52 स्थित अदिरा बैंक्वेट में व्यापारिक नेटवर्किंग संगठन बीएनआई द्वारा बहुप्रतीक्षित वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम 'झूम नाइट 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस शानदार संध्या में 400 से अधिक सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लेकर संगीत, स्वादिष्ट व्यंजनों और टीम-बिल्डिंग गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।



कार्यक्रम का आयोजन बीएनआई नोएडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमित पाल्टा के कुशल एवं प्रेरणादायक नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उनकी दूरदृष्टि ने बीएनआई नोएडा को केवल व्यावसायिक रेफरल मंच ही नहीं, बल्कि एक सशक्त और जीवंत पारिवारिक समुदाय के रूप में स्थापित किया है।

अमित पाल्टा ने कहा कि जो संगठन साथ मिलकर उत्सव मनाता है, वही साथ मिलकर आगे भी बढ़ता है। 'झूम नाइट' हमारे उन सभी सदस्यों के प्रति आभार और सम्मान का प्रतीक है, जो प्रत्येक सप्ताह बीएनआई परिवार को अपनी ऊर्जा, समय और समर्पण प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध सूफी गायक एवं उनके बैंड की मनमोहक लाइव प्रस्तुति रही। सूफियाना संगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। इसके साथ आयोजित विभिन्न टीम-बिल्डिंग गतिविधियों ने सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव और भाईचारे को और मजबूत किया।

इस सफल आयोजन के पीछे बीएनआई नोएडा की समर्पित सपोर्ट डायरेक्टर्स टीम का अथक योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में प्रेम खमेसरा, दीपक शर्मा, अश्वनी हांडा, एस. वैद्यनाथन, सुश्री आशा पंवार, बी.डी. राठौड़, गौरव अग्रवाल, अमन पाल्टा, सुश्री सुरभि सिंह, दिनेश बारी, रजत अजमानी, गौरव कोछड़, मनवीर सिंह, अर्पित गर्ग, आयुष गुप्ता, सुश्री कृतिका बाजपेयी सहित अनेक डायरेक्टर्स एवं एम्बेसडर्स का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रायोजकों की भी विशेष भूमिका रही जिसमें इवेंट स्पॉन्सर के रूप में वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में मेसर्स द वेल्थी का विशेष सहयोग रहा वहीं गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में सुश्री शुचि गुनवंत की संस्था अनहद डाइमंडस प्राइवेट लिमिटेड एवं सिल्वर स्पॉन्सर के रूप में समित माहेश्वरी की सुप्रीम इलेक्ट्रिकल्स तथा बी.डी. राठौर की गुड इंश्योरेंस ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# ग्राम तुगलपुर में किन्नर का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तुगलपुर में आज एक किन्नर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।



पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी के रूप में हुई है। शव को पंचायतनामा की कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस एवं एफएसएल टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया तथा साक्ष्य एकत्र किए गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और आवश्यकतानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# IndianOil ने दी स्पष्टता: देशभर में ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, अफवाहों पर न दें ध्यान

नोएडा। सोशल मीडिया पर फ्यूल सप्लाई को लेकर चल रही चचाओं के बीच IndianOil' ने आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। कंपनी ने कहा है कि देशभर के सभी रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं तथा पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह नियमित है। कंपनी के अनुसार किसी भी स्थान पर ईंधन आपूर्ति में कोई बाधा या कमी नहीं है और सभी पंपों पर सामान्य स्थिति बनी हुई है। इंडियनऑयल ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। नोएडा में सेक्टर-50 स्थित Paras Fuels से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप पर ईंधन की उपलब्धता एवं सेवाएं पूरी तरह सुचारू हैं और सामान्य रूप से संचालन जारी है।

# नोएडा वर्कर्स प्रोटेस्ट को लेकर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस, यूपी पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार ने आज प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नोएडा में हाल ही में हुए मजदूरों के प्रदर्शन और उसके बाद की पुलिस कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

हिमांशु कुमार ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की जांच प्रक्रिया में कई विरोधाभास दिखाई दे रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि प्रदर्शन के दौरान हिंसा की स्थिति किन परिस्थितियों में उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि मजदूर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद हालात अचानक बिगड़ गए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाए तथा प्रदर्शन में शामिल मजदूरों पर दर्ज मामलों की पुनर्समीक्षा की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि वास्तविक तथ्यों की जानकारी सामने आ सके।

हिमांशु कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस की भूमिका नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि उनकी आवाज को दबाना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामलों में पारदर्शिता नहीं रखी गई तो इससे जनता का भरोसा व्यवस्था पर कमजोर हो सकता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर 47°C की भीषण गर्मी में बस खराब, यात्रियों को बीच रास्ते छोड़े जाने का आरोप

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा/आगरा। 23 मई 2026 की शाम आगरा से नोएडा आ रही 5:05 बजे की एक इलेक्ट्रिक बस सेवा को लेकर यात्रियों ने गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे पर बस के अचानक खराब हो जाने से यात्रियों को भीषण गर्मी में बीच रास्ते असुविधा का सामना करना पड़ा। यात्रियों के अनुसार, उस समय तापमान लगभग 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसी दौरान बस का एयर कंडीशनिंग सिस्टम (एसी) बार-बार प्रयास करने के बावजूद चालू नहीं हुआ और कुछ ही देर में बस पूरी तरह बंद हो गई।

स्थिति बिगड़ने पर बस के भीतर बैठे यात्रियों, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे, को




तेज गर्मी और घुटन का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि बस स्टाफ द्वारा कई प्रयासों के बावजूद तकनीकी खराबी दूर नहीं हो सकी। आरोप है कि सहायता उपलब्ध कराने के बजाय यात्रियों को बस से उतरने को कहा गया और बताया गया कि रिफंड दिया जाएगा। सुनसान एक्सप्रेसवे पर यात्रियों के लिए न तो पेयजल की व्यवस्था थी और न ही किसी वैकल्पिक वाहन की तत्काल सुविधा उपलब्ध कराई गई।

इस घटना के बाद यात्रियों ने संबंधित बस सेवा पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रीमियम और सुरक्षित यात्रा के दावों के बावजूद इस प्रकार की स्थिति गंभीर लापरवाही को दशार्ती है।

यात्रियों ने कंपनी से तत्काल जवाबदेही, मुआवजे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

# नोएडा में महिंद्रा सर्विस सेंटर पर लापरवाही का आरोप, ग्राहक की कार 5 दिन से खड़ी

नोएडा। सेक्टर-59 स्थित कोनसेप्ट महिंद्रा सर्विस सेंटर पर एक ग्राहक ने गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्राहक का कहना है कि उसकी कार को सर्विस सेंटर में 5 दिन से अधिक समय से रखा गया है, लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है।

ग्राहक के अनुसार, जब देरी का कारण पूछा गया तो सर्विस सेंटर की ओर से बताया गया कि इंश्योरेंस अप्रूवल ईमेल प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राहक का कहना है कि यदि यह जानकारी पहले ही दे दी जाती तो वह स्वयं अपने बीमा प्रदाता से संपर्क कर प्रक्रिया को तेज कर सकता था। आरोप है कि समय पर स्पष्ट जानकारी न मिलने के कारण न केवल अनावश्यक देरी हुई, बल्कि परिवार की यात्रा योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। ग्राहक ने यह भी कहा कि कार अब कम से कम 3 से 4 दिन और सर्विस सेंटर में रह सकती है।

## बिना जरूरत नाला निर्माण पर उठे सवाल, नगर पालिका में पहुंची शिकायत

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नगर पालिका परिषद स्योहारा में प्रस्तावित आरसीसी नाला निर्माण को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। वार्ड संख्या 1 से लेकर वार्ड संख्या 11 तक हरिजन धर्मशाला से नजाकत पहलवान के होटल तक करीब 130 मीटर लंबाई में कराए जाने वाले आरसीसी नाला निर्माण कार्य के विरोध में नगर पालिका प्रशासन को एक प्रार्थना पत्र सौंपा गया है।

शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि जिस स्थान पर नया आरसीसी नाला बनाए जाने की योजना है, वहां पहले से बना नाला पूरी तरह सही स्थिति में है और पानी की निकासी भी सुचारु रूप से हो रही है। इसके अलावा नाले के दोनों ओर की दीवारें भी मजबूत और चौड़ी हैं, जिससे किसी प्रकार की तत्काल मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस नहीं होती।

प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि ऐसे कार्यों पर सरकारी धन खर्च करना सार्वजनिक धन का दुरुपयोग साबित हो सकता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि नगर में कई स्थान ऐसे हैं जहां विकास कार्यों की वास्तविक जरूरत है, इसलिए नगर पालिका को धनराशि उन्हीं क्षेत्रों में खर्च करनी चाहिए ताकि आम जनता को सीधा लाभ मिल सके।

स्थानीय लोगों का भी कहना है कि नगर के कई इलाकों में टूटी सड़कें, जलभराव और सफाई जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य होना चाहिए।

फिलहाल इस प्रार्थना पत्र के बाद नगर पालिका प्रशासन में मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी द्वारा गल्ला वितरण नही करने की एसडीएम से की शिकायत

**समाज जागरण**

पबांसा। पबांसा विकासखंड की ग्राम पंचायत लहरा कमंगर में योगी आदित्यनाथ की सरकार में बाल पुष्टाहार नहीं दिया जा रहा है शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया बच्चों और गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वितरण किये जा रहे राशन नही मिलने का आरोप लगाते हुए पंवासा ब्लाक के ग्राम लहरा कमंगर निवासी सुनील कुमार ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर एक साल से राशन वितरण नही किये जाने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीते एक वर्ष से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला राशन व घी से



लेकर छ वर्ष तक के बच्चो को मिलने वाला राशन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एक वर्ष से नही दिया गया है। इस अवसर पर प्रियंका, प्रवेश, ववीता वीता ,मीना, मिथिलेश, कंचन ,विवेक, पिंकी, मधु, अमित, रमेश चंद्र, सूरज सिंह, ओमपाल, रामकिशन, मदनलाल, नेकपाल आदि मौजूद रहे

बाइट सुनील कुमार ग्राम लहरा कमंगर निवासी ने बताया कि सरकार की जितनी योजनाएं दी जा रही हैं भीख मांगने की बावजूद भी नहीं दी जा रही है और सरकार इन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पूरा राशन दे रही है

## हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष को मातृ शोक

### 25 मई को सनातन धर्म मंदिर में होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की शतवर्षीय माता जी का निधन लंबी बीमारी के चलते नगर के हसीना बेगम अस्पताल में हुआ। शर्मा परिवार, हिंदू जागृति मंच परिवार एवं नगर समाज में शोक की लहर दौड़ गई।



पिछले 8 दिन से हसीना बेगम अस्पताल में आईसीयू में रहने के बाद शनिवार प्रातः काल उन्होंने अंतिम सांस पूरी की` कमला देवी शर्मा के निधन होने पर उनके निवास दुर्गा कॉलोनी में समाज के अनेक लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़े। गाजे, बाजे के साथ चली शव यात्रा देर शाम अनूपशहर में गंगा तट पर पहुंची जहां स्वर्गीय कमला देवी शर्मा का विधि विधान से अंत्येष्टि संस्कार किया गया। उनके पुत्र एवं हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने मुखाग्नि देकर सदैव के लिए अपनी मां को अश्रु पूरी विदाई दी। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि कल (आज) 25 मई सोमवार को अपराहन 2:00 बजे से मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्रद्धांजलि समारोह /तीजा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अनेक धार्मिक, साहित्यिक, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ सामान्य और विशिष्ट जनों की उपस्थिति रहेगी। बताते चलें कि हिंदूवादी नेता के रूप में समाज हित समर्पित अजय कुमार शर्मा गत लंबे समय से समाज सेवा में रत रहकर वर्तमान में हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष, इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष, गायत्री परिवार, आर्य समाज, केमिस्ट एसोसिएशन, ज्ञानदीप सेवा समिति जैसे अनेक संगठनों का संचालन कर रहे हैं।

## अवैध खनन पर पचोखरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचोखरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में लिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया है। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध खनन एवं रिफ्लेक्टर चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना पचोखरा पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया ।इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं, जिनमें महिन्द्रा 575 DI XP, स्वराज ट्रैक्टर तथा सोनालिका DI 60 ट्रैक्टर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों वाहनों को सीज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है ।अभियान में तहसीलदार सुशील कुमार, थाना प्रभारी अमित तौमर, खनन अधिकारी मफत लाल खान, उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल विष्णु कुमार मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर लेखपाल परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

लखनऊ, 24 मई। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीपीएससी) ने लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार और अफवाहों पर सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 21 मई 2026 को आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा प्रदेश के 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्रों पर पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई थी। इसके बावजूद कुछ लोग गलत मंशा से प्रेरित होकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने और अभ्यर्थियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

## बच्चों के विवाद से भड़का बवाल, थाने के बाहर सड़क बनी रणभूमि, पुलिस ने दर्ज किए मुकदमे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। कस्बे के मोहल्ला पीर का बाजार स्थित वाल्मीकि बस्ती में बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने ऐसा उग्र रूप ले लिया कि पूरा इलाका दहशत में आ गया। घर के बाहर सीढ़ियों पर बैठने को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में बदल गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले बच्चों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों के बड़े लोग भी आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव शुरू हो गया। अचानक भड़की हिंसा से मोहल्ले में भगदड़ जैसे हालात बन गए और आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

संघर्ष में कई लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे, लेकिन वहां भी मामला शांत नहीं हुआ।

हैरानी की बात यह रही कि स्योहारा थाने के बाहर ही दोनों पक्ष दोबारा भिड़ गए और पुलिस की मौजूदगी में सड़क पर जमकर मारपीट हुई। कुछ देर के लिए थाने के बाहर का इलाका रणभूमि में तब्दील हो गया। सड़क पर हुए हंगामे और मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर नगर में चचाओं का दौर जारी है।

थाने के बाहर बढ़ते तनाव को देख पुलिसकर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला और भारी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को अलग किया। पुलिस ने मौके से करीब एक दर्जन महिला एवं पुरुषों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

घायलों को मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया, लेकिन विवाद की आग वहां भी शांत नहीं हुई। अस्पताल में दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच फिर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। हालांकि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने समझा-बुझाकर स्थिति को संभाल लिया।

घायलों में कपिल (37) पुत्र राकेश, सुमन (40) पत्नी भारत, हरिराज (38) पुत्र छुन्नू, राजू पुत्र राजेश और सतीश पुत्र रमेश सहित अन्य लोग शामिल बताए गए हैं। सभी का उपचार कराया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। वहीं पुलिस ने अपनी तरफ से भी कानून-व्यवस्था भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और थाने के बाहर हंगामा करने के आरोप में दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा पूरे मामले की गहन जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में की हड़ताल

### अधिकारियों द्वारा एक माह का वेतन देने के पश्चात खत्म हुई हड़ताल।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। वेतन न मिलने के डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों ने रविवार को हड़ताल कर दी जिससे शहर भर में गंदगी का माहौल हो गया हड़ताल सूचना पर सफाई कर्मचारी के नेता एवं डोर टू डोर संस्था के अधिकारी मौके पर पहुंचे और वार्ता के पश्चात उन्हें एक माह का वेतन देकर हड़ताल को समाप्त कराया।



प्रातः सुबह 6 बजे उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी अशोक मोती वाल्मीकि, जालिम सिंह वाल्मीकि,योगेश सरन, बबलू गौतम, को प्राप्त सूचना अनुसार लायंस सर्विसेज डोर टू डोर प्रा० लि० के समस्त कर्मचारियों का 2 महीने से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों का सब्र का बांध टूट गया पेमेश्वर गेट कन्हैया नगर स्थित लायंस सर्विसेज कार्यशाला पर सफाई काम पूर्ण तरीके से बंद कर कंपनी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आचार्य कृष्ण मुरारी ने लायंस सर्विसेज प्रा० लि० के अधिकारियों से वार्ता कर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज इन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला तो अनिश्चित कालीन सफाई काम ठप्प कर किसी भी वाहन को निकलने नहीं दिया जाएगा सफाई कर्मचारी प्रतिदिन प्रातः 5 बजे उठ कर भूखा प्यासा रहते हुए कठिन परिश्रम कर शहर की गंदगी को साफ कर स्वच्छ वातावरण प्रदान करता है। इतना कठोर एवं गंदा कार्य करने के उपरांत भी लायंस सर्विसेज डोर टू डोर कंपनी के कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं दिया जाता है 2 महीने कार्य करने के पश्चात तब कहीं इनको 1 महीने का वेतन मिलता है। लायंस कंपनी की हठधर्मिता के चलते भीषण महंगाई में आखिर इन कर्मचारियों के परिवार में भरण पोषण का संकट पैदा हो जाता है और यह भुखमरी के कगार पर जीवन यापन करने को विवश हो जाते हैं। स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री अशोक मोती वाल्मीकि ने कहा कि कंपनी को प्रति माह दिनांक 10 तारीख से 15 तक सभी कर्मचारियों को वेतन प्रदान करना चाहिए और इन भोले भाले कर्मचारियों के साथ अन्याय एवं उत्पीड़न नहीं करना चाहिए जिला अध्यक्ष जालिम सिंह ने वार्ता में बोलते हुए कहा कि जब तक कर्मचारियों को पूर्ण वेतन नहीं मिल जाता है काम बंद हड़ताल रहेगी वेतन मिलने के बाद ही काम शुरू किया जाएगा प्रांतीय महामंत्री योगेश सरन ने कहा कि प्रचंड ग्रीष्म ऋतु एवं गर्मी की लहर को देखते हुए कर्मचारियों का समय प्रातः 5 बजे से 11 बजे तक होना चाहिए किसी भी कर्मचारी के साथ यदि दुर्घटना होती है तो कंपनी को अपने स्तर से हर संभव मदद करना चाहिए वार्ता के दौरान कंपनी के एच आर रजत पचौरी सुमित कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा फर्श पर ही समस्त कर्मचारियों के मध्य तत्काल प्रभाव से वेतन प्रदान करने की घोषणा की और कहा की जो भी आपकी मांगे हैं संगठन से मिलकर उनका भी शीघ्रता शीघ्र समाधान किया जाएगा वेतन की घोषणा होते हुए सफाई कर्मचारी संगठन के नेतागणों के निर्देश पर ईद एवं दशहरा जैसे पावन पर्वों को देखते हुए समस्त कर्मचारी वाहन निकाल कर सफाई कार्य पर लौट गए और हड़ताल को समाप्त कराया गया इस दौरान उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ के महानगर अध्यक्ष वालमीकि विनय चौहान प्रवक्ता राजीव यादव महामंत्री पवनदीप चौहान रोबिन मोहन सिंह विजय चौधरी सोहेल खान लक्ष्मण सिंह नाजिम कुरैशी रामकुमार अरविंद दीपक रोहित करोशिया नरेंद्र बृजेश कुलदीप आमिर गौरव राठौर सुनील राठौर पवन सिंह महेंद्र प्रताप इंद्रजीत राठौर सोनू निगम आदि सैकड़ो सफाई कर्मचारी ड्राइवर शामिल रहे।

## एका पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा व कारतूस सहित दबोचा

### दो तमंचे और तीन जिंदा कारतूस बरामद, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना एका पुलिस ने अवैध असलहा रखने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान गदनपुर चौराहा क्षेत्र से कस्बा निवासी नवीन कुमार को पकड़ा, जिसके पास से एक 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद वाहनपुर कच्ची सड़क मार्ग पर एसपीजी इंटर कॉलेज के पास बावनवारी निवासी आलोक कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजुल पांडे ने बताया चेकिंग के दौरान आरोपी पकड़े गए हैं जिन्हें जेल भेजा गया है।




## अस्पताल परिसर में बच्चे पर गिरा सिलेंडर गिरने से हुई मौत, परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप, किया हंगामा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद । नगर के कृष्णा नर्सिंग होम में खेलते हुए अचानक एक बच्चे पर ऑक्सीजन सिलेंडर गिर गया। गंभीर चोट लगने के बाद उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल के बाहर लोगों ने भारी हंगामा किया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।




नगर के अस्पताल परिसर में मोहम्मद अजान पुत्र फैजान निवासी मोहल्ला पठानपुरा चारबाग खेल रहा था अचानक उसके ऊपर एक आक्सीजन का सिलेंडर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान हायर सेंटर में मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों के साथ अन्य स्थानीय लोग भी अस्पताल में जमा हो गये और जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बताया गया कि मोहम्मद फैजान अपनी पत्नी गुलिस्ता परवीन और दो बच्चों के साथ कृष्णा नर्सिंग होम में इलाज के लिए आये थे। अचानक उनका तीन वर्षीय बेटा अजान अस्पताल परिसर में खेलते-खेलते अस्पताल परिसर में रखे ऑक्सीजन सिलिंडरों के पास पहुंच गया। तभी एक ऑक्सीजन सिलिंडर बच्चे के ऊपर आ गिरा, सिलेंडर गिरने से अजान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी हायर सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन सिलेंडर असुरक्षित तरीके से रखे गए थे, जबकि बिजली के तार और विद्युत बॉक्स भी खुले व नीचे लटके हुए बताए जा रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है ।परिजनो ने इस मामले में पुलिस को तहरीर भी दी है जिसमें अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि अस्पताल में सुरक्षा के उचित इंतजाम होते तो मासूम की जान बच सकती थी। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है

## गंगा एक्सप्रेस वे पर अधिक टोल वसूली का आरोप, भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

**समाज जागरण**

पंवासा। पंवासा निवासी जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला मंत्री अवधेश प्रताप सिंह हैप्पी ने गंगा एक्सप्रेस वे पर निर्धारित शुल्क से अधिक टोल वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र भेजा है।


भारतीय जनता पार्टी
जनपद-सम्भल
अवधेश प्रताप सिंह 'हैप्पी'

शिकायत में उन्होंने बताया कि 23 मई को अपरा लगभग 3 बजे वह अपने संबंधी डॉ. अमित चौहान के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या यूपी 38 केएल 5052 तथा हुंडई गाड़ी संख्या यूपी 21 बी 4418 से शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए थे। दोनों वाहन लहरावन टोल प्लाजा से एक्सप्रेस वे पर चढ़े और शाहजहांपुर पर उतरे। अवधेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि 24 घंटे के भीतर वापसी करने के बावजूद स्कॉर्पियो वाहन से 1720 रुपये तथा हुंडई वाहन से 1515 रुपये टोल शुल्क वसूला गया, जो निर्धारित दरों से कहीं अधिक है। उनका कहना है कि लहरावन टोल से शाहजहांपुर टोल की दूरी लगभग 146 किलोमीटर है, जिसके अनुसार करीब 500 रुपये टोल बनता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टोल की वसूली मेरठ से की गई दर्शाई गई, जबकि वह मेरठ गए ही नहीं।

भाजपा नेता ने बताया कि जब उन्होंने लहरावन टोल प्लाजा पर इस संबंध में शिकायत की तो वहां मौजूद टोल कर्मी अभद्रता पर उतर आए और विवाद करने लगे। उन्होंने कहा कि आम जनता से मनमाने तरीके से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी टोल टैक्स वसूली करने वाली कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा आम जनता को राहत दिलाने की मांग की है। साथ ही कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। शिकायती पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा जिलाधिकारी संभल को भी भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

## आगामी चुनाव को लेकर कार्यकताओं के साथ की गई विस्तृत चर्चा।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के जिला के सभी 17 मण्डलों के दो सौ इक्यावन शक्ति केन्द्रों पर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक की गई। बैठक में शक्ति केंद्र प्रवासी , शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। साथ ही, बैठक सम्पन्न होने के उपरांत सभी बूथ अध्यक्षओं ने बैठक के फोटो सरल ऐप पर अपलोड किये।। शक्ति केन्द्र श्री गढ़ी मण्डल नगला खंगर विधानसभा सिरसागंज जिला फिरोजाबाद. जयवीर सिंह कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग व जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बैठक की ।। शक्ति केन्द्र चिलासनी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख टूण्डला हनुमंत सिंह बघेल ने बैठक की ।शक्ति केन्द्र प्राणपुर मण्डल जसराना विधानसभा में पूर्व विधायक राम गोपाल पप्पू लोधी ने बैठक की। कोटला शक्ति केंद्र पर डॉ.अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी व शक्ति केन्द्र प्रवासी ने की। शक्ति केंद्र वजीरपुर कोटला में गोपाल कृष्ण सिंह ने बैठक की। इसी तरह सभी शक्ति केन्द्र पर समस्त जिला पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेतागणो , जनप्रतिनिधियों सहित मण्डल अध्यक्षों व कार्यकताओं द्वारा बैठक की गई है। इस दौरान जयवीर सिंह केबिनेट मंत्री व उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने कहा कि बैठक में कार्यकताओं के साथ संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। ऊजावान कार्यकताओं का उत्साह और समर्पण संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आकाश शर्मा , डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , ओमेंद्र बघेल , हनुमंत सिंह बघेल , ठा. राघवेन्द्र सिंह , प्रमोद कुमार बाबू , शिव शंकर शर्मा , शैलेन्द्र सिंह , सुरेंद्र सावन झा , राजीव यादव , पवन चक , दिनेश गुप्ता , संजय चक , नीलम दिवाकर , विपिन शिवहरे , धर्मेंद्र सिंह संजू, ईश्वर दयाल कुशवाहा , आजाद जैन , अजीत जुरैल, यशपाल यादव , वीरू धाकरे , अजीत कुशवाहा , अमलेश राजपूत , देश दीपक चौहान , मानपाल सिंह लोधी , राजवीर सिंह , नीलेश रावत , रेनू उपाध्याय , स्नेहलता कुशवाहा , गोपाल कृष्ण सिंह, मंजेश शर्मा , लक्ष्मी नारायण , हरपाल सिंह आदि सहित सभी शक्ति केन्द्र संयोजक/प्रभारी/प्रवासी और बूथ अध्यक्षगण व कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।




## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होगा उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

- प्रदेश में शीघ्र लागू होगी आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति, मुख्यमंत्री ने दिए दिशा-निर्देश
- प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास वेलनेस और हीलिंग आधारित पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं: मुख्यमंत्री
- आयुष संस्थानों को समग्र वेलनेस, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता: मुख्यमंत्री
- पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर, 100 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केंद्र

**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 मई:- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस नीति-2026 को लागू करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को केवल उपचार आधारित व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए आयुष, योग, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा और वेलनेस सेवाओं के समन्वय से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष सेवाओं को आधुनिक प्रबंधन, गुणवत्ता मानकों और पर्यटन से जोड़ते हुए ऐसा मॉडल तैयार किया जाना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रोजगार और निवेश को भी नई गति मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत, आयुर्वेद एवं योग की परंपरा तथा धार्मिक पर्यटन सर्किट को आयुष वेलनेस सेक्टर से जोड़ा जाए। वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास वेलनेस और हीलिंग आधारित पर्यटन विकसित किए जाने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष संस्थानों को उपचार केंद्रों के साथ-साथ वेलनेस, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 3,953 आयुष स्वास्थ्य इकाइयां, 1,034 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 225 योग वेलनेस सेंटर और 19 आयुष चिकित्सा महाविद्यालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आयुष सेवाओं का विस्तार गुणवत्तापूर्ण और मानकीकृत स्वरूप में किया जाए। इसके लिए पीपीपी मॉडल के माध्यम से आधुनिक आयुष वेलनेस सेंटर, 100 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा आयुष कॉलेजों के उन्नयन की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई की जाए।

बैठक में प्रस्तावित नीति के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। नीति के अंतर्गत एकीकृत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आयुष वेलनेस एवं चिकित्सा केंद्र, प्रशिक्षण युक्त एकीकृत संस्थान तथा आयुष कॉलेज आधारित मॉडल विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इन केंद्रों में पंचकर्म, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, डिजिटल हेल्थ सेवाएं तथा अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष आधारित वेलनेस इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने निवेशकों को एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से त्वरित स्वीकृतियां उपलब्ध कराने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित नीति में निवेश आधारित सब्सिडी, संचालन संबंधी प्रोत्साहन, ब्याज सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट तथा रोजगार सृजन आधारित प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। आयुष शोध, नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के लिए भी विशेष प्रोत्साहन प्रस्तावित हैं।

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, गोंडा, मेरठ, आगरा एवं बस्ती मंडलों में एकीकृत आयुष महाविद्यालयों की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों को आधुनिक आयुष चिकित्सा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के उत्कृष्ट केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए।

विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने आयुष चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी सेवाओं को बेहतर बनाने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पंचकर्म जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष सेवाओं को जनविश्वास और गुणवत्ता से जोड़ते हुए मरीजों को बेहतर उपचार एवं वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्यमंत्री ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर में शोध एवं नवाचार गतिविधियों को गति देने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थायी फैकल्टी की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा आयुष की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

# गुर्जर शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का हुआ आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**
बागपत नगर में गुर्जर शहीद दिवस पर धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के तत्वाधान में होटल कार्निवल में श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में आये अतिथियों का फूल माला व पटका पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इसके उपरान्त वर्ष 2008 में राजस्थान में हुए ऐतिहासिक गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान अपने अधिकारों और आत्मसम्मान के लिए शहीद हुए 73 वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान व गुर्जर समाज के हितों की लड़ाई लड़ने वाले स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को याद किया गया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित



लोगों को सम्बोधित करते हुए धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने कहा कि राजस्थान में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के नेतृत्व में चला आंदोलन केवल आरक्षण का संघर्ष नहीं, बल्कि सम्मान, अधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई था। कहा कि शहीद समाज की चेतना होते हैं, उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है। कहा कि समाज को अपने इतिहास, संघर्ष और बलिदानों को याद रखना चाहिए, जो समाज अपने महापुरुषों और शहीदों को भूल जाता है, उसका भविष्य भी कमजोर हो जाता है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने युवाओं से एकता, शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व बैंक अधिकारी व सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा ने कहा कि वीरभूमि राजस्थान के गुर्जर आरक्षण आंदोलन में अपने समाज के हक और सुनहरे भविष्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद 73 अमर वीर गुर्जर सपूतों को युगों-युगों तक याद किया जायेगा। सुप्रसिद्ध समाजसेवी जयप्रकाश धामा ने कहा कि गुर्जर समाज के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को सामाजिक एकता, सद्भाव और न्याय के लिए समर्पित अविस्मरणीय योगदान के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के अन्त में दो मिनट का मौन रखकर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व बैंक अधिकारी डॉक्टर महेंद्र सिंह धामा द्वारा की गई। इस अवसर पर कैप्टन सुभाषचंद्र, जयचन्द मुखिया, सतपाल सिंह, राजबीर सिंह, कपिल बंसल, सुनील सहित समाज के गणमान्य लोग एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# भाजपा बूथ अध्यक्षों की बैठक, संगठन मजबूत करने पर जोर

जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज बोले- बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे मजबूत कड़ी, घर-घर पहुंचाएं सरकार की योजनाएं

**समाज जागरण बागपत।**
विधानसभा क्षेत्र के डोला गांव में रविवार को भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत प्रथम शक्ति केंद्र पर बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति व प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे मह त्वपूर्ण कड़ी हैं। भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकताओं और मजबूत बूथ संरचना में है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि जनहितकारी



योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बूथ स्तर पर सक्रिय रहने, नए कार्यकताओं को जोड़ने और आपसी समन्वय पर जोर दिया। बैठक में बूथ समितियों को सशक्त बनाने और संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। कार्यकताओं ने संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक दीपक शर्मा, प्रमोद राणा, वीर सिंह, युवराज मास्टर, शक्ति केंद्र प्रभारी सचिन राणा, सत्येंद्र मास्टर, मनोज, नीतू, रॉकी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वर्ण समाज के अधिकारों के लिए बने संगठन, दिनेश शर्मा बने बागपत जिलाध्यक्ष*

समाजसेवी अलंकार अग्निहोत्री ने किया "राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा" का गठन; यूजीसी से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प

**समाज जागरण बड़ौत।**

स्वर्ण समाज के अधिकारों और यूजीसी से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से समाजसेवी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा "राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम)" नामक संगठन का गठन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद दिनेश शर्मा को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का बागपत जिला ध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन के माध्यम से समाज के विभिन्न मुद्दों को मजबूती से उठाने और लोगों को एकजुट करने का संकल्प लिया गया। दिनेश शर्मा की नियुक्ति पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष बनने पर दिनेश शर्मा ने कहा कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। स्वर्ण समाज के अधिकारों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया



जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर जागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर आचार्य विश्रुतपाणी महाराज, जय हिंद मंच राष्ट्रीय कोर कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल शर्मा, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, एडवोकेट दीपक शर्मा, त्रिलोकीनाथ शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा राठौड़ा, ओमबीर तोमर, महिपाल सिंह, सुदेश शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक शर्मा, अशोक शर्मा, प्रधानाचार्य मांगेराम उपाध्याय, सोहनवीर सिंह, अरुण मलिक, प्रधानाचार्य के.के. त्यागी, चौरासी चौधरी सुभाष शर्मा, विनीत शर्मा, कृष्णदत्त शर्मा, रेणु शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा शर्मा, पंडित विजय पाल शर्मा, आचार्य उमेश कौशिक, पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम शर्मा, आचार्य संजय कौशिक, महेंद्र दत्त शर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण दत्त शर्मा सिनोली, आचार्य संदीप दत्त गौतम, आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, मदर मैरी स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रेनू शर्मा, मास्टर जगदीश प्रसाद सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दिनेश शर्मा को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# युवा जैन मिलन वर्धमान ने लगाया निशुल्क मेडिकल कैंप

**समाज जागरण बागपत।**
युवा जैन मिलन वर्धमान द्वारा दिगंबर जैन अतिथि भवनबड़ौत में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मैक्स हॉस्पिटल साकेत दिल्ली की विशेष डॉक्टर टीम द्वारा सभी का मुफ्त इलाज किया गया। इस शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक, ऑन्कोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, गैस्ट्रो एवं पीडियाट्रिक विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही ईसीजी, पीएफटी, बोन डेंसिटी, ब्लड शुगर, बीपी की जांच भी मुफ्त की गई। इस शिविर में 269 मरीजों ने



मेडिकल सेवा का लाभ प्राप्त किया व 110 लोगो ने रक्त दान किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री केपी मलिक, अश्वनी तोमर, अमित राणा, डॉ जितेन्द्र मलिक,जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन,मंत्री मनोज कुमार जैन, हंस कुमार जैन, सेंट आर वी स्कूल के प्रबंधक अनुराग जैन, विवेक जैन उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य भूमिका जैन मिलन वर्धमान के अध्यक्ष यश जैन (पेट्रोल पम्प), मंत्री सत्यम जैन (फरजल्लापुर वाले), संस्थापक शुभम्-जैन (शांतिनाथ मार्बल), वंदित जैन, आयुष जैन, प्रथम जैन, आदित्य जैन, ऋषभ जैन,सौरभ जैन, नितेश जैन, गौरव जैन, नमन जैन, संयम जैन, संजोग जैन, पारस जैन, रजत जैन का सहयोग रहा।

# एनएमडीसी ने दक्षिण बस्तर में शुरू किया समर कैंप, 1700 बच्चे होंगे शामिल

जनजातीय समुदायों के बच्चों के पोषण और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शुरू की गई एक अनूठा प्रयास के तहत, एनएमडीसी ने 20 मई से 15 जून 2026 तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में 'समर कैंप' ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया है।

इस अनूठी पहल के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों के दौरान लगभग 1700 बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षण (experiential learning), रचनात्मकता तथा खेलकूद से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई है। हालांकि अधिकांश गांवों में ये गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, फिर भी बच्चों की संख्या बढ़ाने व जुटाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में, एनएमडीसी समर कैंप में प्रत्येक गांव से प्रतिदिन 30 से 40 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। इस शिविर में बच्चे प्रतिदिन तीन से चार घंटे का सफलता, खुशहाली व मनोरंजन का समय बिता रहे हैं, जिसके तहत वे पठन-पाठन, शिल्प कार्य (क्राफ्टवर्क) और संगीत कार्यशालाओं में भाग लेते हैं। इसके बाद, वे फ्रिसबी, कबड्डी तथा खो-खो जैसे ऊर्जावान खेलों का आनंद लेते हैं और अंत में स्वास्थ्यवर्धक स्वल्पाहार (रिफ्रेशमेंट) ग्रहण कर दिन का समापन करते हैं। शिक्षा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'वोस्का'



(WOSCA) के सहयोग से संचालित यह समर कैंप बस्तर की अगली पीढ़ी के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित और उत्साहजनक वातावरण तैयार कर रहा है। ग्रामीण समुदायों में, जहाँ संरचनात्मक व रचनात्मक शिक्षण के अवसरों की उपलब्धता सीमित है, वहाँ एनएमडीसी का यह अनूठी पहल व प्रयास जमीनी स्तर पर बच्चों की क्षमता और उनकी आकांक्षाओं में निवेश करके इस गैप को पूरा रहा है। ग्राम विकास के प्रति अपनी व्यापक प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह पहल वंचित समुदायों के बच्चों में सामाजिक और व्यावहारिक कौशल ज्ञान प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर युवाओं के रूप में विकसित होने में सहयोग मिल रही है।

जिन गांवों में समर कैंप शुरू किए गए हैं, वहां बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय हितधारकों (stakeholders) की ओर से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है और सामुदायिक भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। आने वाले हफ्तों में इस पहल के और विस्तार के साथ, एनएमडीसी परिवारों एवं समुदाय के सदस्यों को दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए इस गर्मी को और अधिक जीवंत बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# कोताना गांव में नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में पथराव, आधा दर्जन घायल

घर के बाहर सफाई को लेकर भिड़े पड़ोसी; दोनों पक्षों ने कोतवाली में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण बड़ौत।**
कोताना गांव में गली में नाली साफ करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मकान पर जमकर पथराव किया। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने बड़ौत कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एक पक्ष की ललिता पत्नी सोनू ने बताया कि वह घर के बाहर अपनी नाली साफ कर रही थी। तभी गीता पत्नी सतीश ने गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। वह दौड़कर अपने मकान में घुस गई तो दूसरे पक्ष ने मकान पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। बड़ी मुश्किल से जान बचाई। वहीं दूसरे पक्ष की गीता ने आरोप लगाया कि वह गली




में कूड़ा-कचरा हटा रही थी तभी दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश होकर गली के कोने पर गिर गई। इसके बाद भी उस पर लाठी-डंडों से वार किया गया। पड़ोसियों ने बीच-बचाव कराया। इस झगड़े में एक पक्ष से ललिता पत्नी सोनू और दूसरे पक्ष से गीता पत्नी सतीश, शिवानी, बबली, रिमी घायल हुई हैं। सभी घायलों ने सीएचसी में उपचार कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। मामले की छानबीन की जा रही है और कार्रवाई की जाएगी।

# विहर्ष सभागार में आयोजित हुआ सनातन जागृति शंखनाद कार्यक्रम

विश्व हिंदू महासंघ अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने की अध्यक्षता; पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट हरिशंकर जैन मुख्य वक्ता रहे

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर के विहर्ष सभागार में रविवार को श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा एवं विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में ह्यसनातन जागृति शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए सनातनी लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि हम सब लोगों को सनातन के प्रति जागरूकता पैदा करनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की। मुख्य वक्ता के रूप में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ और एडवोकेट हरिशंकर जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के सचिव कपिल शर्मा रहे। बनारस से साध्वी गुरु मां चेतन भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री



के.पी. मलिक, नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि डॉ. वरुण तोमर, भाजपा नेता सुधीर मान, सभासद अमित राठी, संजय गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलदीप जिंदल ने किया। श्री सनातन धर्म प्रचारिणी सभा के सचिव एवं विश्व हिंदू महासंघ के प्रभारी डॉ. दीपक गौतम ने सभी का धन्यवाद किया और कार्यक्रम में हुई किसी भी त्रुटि के लिए क्षमा प्रार्थना की। कार्यक्रम में ब्रह्म सिंह गोयल, वैभव राजपूत, मंसाराम गर्ग, धर्म प्रकाश वर्मा, शेखर वर्मा, अनुपम राजपूत, दिव्या उज्जवल, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. अखिलेश, कविता चिकारा, वर्षा लोहिया, मीनाक्षी सिसोदिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दुकान से मोबाइल चार्जर चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए युवक

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के कैराना रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से मोबाइल चार्जर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।
कैराना रोड निवासी समीर पुत्र मोहसिन की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। रविवार को उन्होंने थाना कांधला में तहरीर देकर बताया कि दो युवक उनकी दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे थे। दोनों युवकों ने दुकान पर रखे विभिन्न सामान को देखने के बहाने काफी देर तक बातचीत की। आरोप है कि इसी दौरान मौका पाकर दोनों युवक दुकान में रखा करीब तीन हजार रुपये कीमत का मोबाइल चार्जर चोरी कर फरार हो गए।

दुकानदार को घटना की जानकारी तब हुई जब उसने सामान की जांच की। शक होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो दोनों युवक चोरी करते हुए दिखाई दिए। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित समीर ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# रिटायर्ड फौजी की मौत के बाद भी निकलती रही पेंशन, पोते पर लाखों के गबन का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीश्याम में रिटायर्ड फौजी की मौत के बाद भी पेंशन निकाले जाने के मामले में पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मृतक के पोते पर करीब दस माह तक सरकारी पेंशन निकालकर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगा है। मामले की शिकायत एसडीएम कैराना और खंड विकास अधिकारी से की गई है।शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को दिए पत्र में बताया कि उसके बाबा अजबसिंह सेना से रिटायर्ड सुबेदार थे और उन्हें नियमित पेंशन मिलती थी। आरोप है कि उनकी मृत्यु के बाद भी परिवार के एक युवक ने विभाग को सूचना नहीं दी और बैंक खाते से लगातार पेंशन की रकम निकालता रहा।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पेंशन निकालने के लिए फर्जी तरीके से दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। करीब दस माह तक पेंशन निकाले जाने से लाखों रुपये की सरकारी धनराशि का गबन होने की आशंका जताई गई है।पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर, अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर सरकारी धनराशि की वसूली के साथ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# गेटवे पब्लिक स्कूल टॉप करने पर वंशक गोयल को वैश्य समाज गौरव सम्मान

भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने घर पहुंचकर किया सम्मानित, डॉ. राजीव गुप्ता बोले- संस्कार ही विद्यार्थी को आगे बढ़ाते हैं

**समाज जागरण अग्रवाल मंडी टटीरी।**

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षा में गेटवे पब्लिक स्कूल टॉप करने पर टटीरी निवासी डॉ. ब्रजेश गोयल के पुत्र वंशक गोयल को भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने वैश्य समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सलाहकार मनोज सिंघल व टीम ने वंशक गोयल के आवास पर पहुंचकर पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों के साथ माता-



पिता के संस्कार ही विद्यार्थी को उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं। वंशक की उपलब्धि पूरे वैश्य समाज के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मनोज सिंघल, ब्रजेश गोयल, ज्योति गोयल, अखिल सिंघल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मदरसा दारुल कुरआन बड़ौत में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 100 लोगों की हुई जांच

रामा हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दी परामर्श व दवाएं, ऑपरेशन वाले मरीजों को अस्पताल भेजा

**समाज जागरण बड़ौत।**

मदरसा दारुल कुरआन फरीदिया बड़ौत में रविवार को रामा हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने करीब 100 लोगों की आंखों की जांच की। मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाइयां निःशुल्क दी गईं। ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को आगे के उपचार के लिए रामा हॉस्पिटल भेजा गया। शहर काजी व दीनी तालीमी बोर्ड जिला बागपत के अध्यक्ष मौलाना आरिफुल हक ने कहा कि ऐसे शिविर गरीब व



जरूरतमंदों के लिए बेहद लाभदायक हैं। मानव सेवा सबसे बड़ा कार्य है। जमीयत उलेमा जिला बागपत के उपाध्यक्ष मुफ्ती शाह आलम ने कहा कि दीनी संस्थान हमेशा सामाजिक सेवा में आगे रहे हैं। ऐसे शिविर आम जनता को बड़ी राहत देते हैं। कारी अब्दुल वाजिद अशरफी ने कहा कि आंखों की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, समय पर जांच जरूरी है। शिविर में मुफ्ती एहसान कासमी, तहसील अध्यक्ष कारी साबिर, कारी मोहम्मद मुस्तफा, हाफिज मुनव्वर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आर्य वीरांगना शिविर में बोले पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ, मोबाइल की लत छोड़ राष्ट्र और संस्कृति से जुड़ें युवा

डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन बेटियों को आत्मरक्षा, योग और राष्ट्रवाद का दिया गया संदेश

**समाज जागरण बड़ौत।**
डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में राष्ट्रीय आर्य वीर दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रभक्ति, वैदिक संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण पर जोर दिया गया। विशेष बौद्धिक सत्र में प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने वीरांगनाओं से मोबाइल का सीमित उपयोग कर राष्ट्र और संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। शिविर की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद बालिकाओं ने सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, पीटी और कदमताल का अभ्यास किया। प्रशिक्षण सत्रों में लाठी संचालन, तलवार चलाने और आत्मरक्षा की अन्य गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। विशेष बौद्धिक सत्र में पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मोबाइल का अनावश्यक उपयोग युवाओं की ऊर्जा, समय और एकाग्रता को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य संस्कारित, जागरूक



और अनुशासित युवा पीढ़ी पर निर्भर है। बेटियों से भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों और राष्ट्रवाद की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। शिविर संयोजक आचार्य धर्मवीर आर्य ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बेटियों को शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत, सांस्कृतिक रूप से जागरूक और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित बनाना है। बौद्धिक सत्रों में भारतीय संस्कृति, वैदिक आदर्शों, नारी शक्ति, राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन के महत्व पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय आर्य वीर दल की प्रधान शिक्षिका सुमेधा आर्या के मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं स्वाति आर्य, समीक्षा, सृष्टि, परी और तनु ने प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन किया। संपूर्ण शिविर का संचालन राजेश उज्जवल एवं ऋतु आर्य के सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में योग, प्राणायाम, वैदिक संस्कार, नेतृत्व क्षमता विकास और व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीसरे दिन शिविर का वातावरण राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

# उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्रों (जीएटीसी) का दायरा बढ़ाया; सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसरों का सत्यापन सक्षम किया गया

राज्यों को अतिरिक्त श्रेणियां अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया;
ईंधन डिस्पेंसरों के लिए नए सत्यापन शुल्क अधिसूचित किए गए;
सटीक और विश्वसनीय माप के लिए सार्वजनिक-निजी
भागीदारी; उपभोक्ता विश्वास, स्वच्छ ईंधन अवसंरचना और राष्ट्रव्यापी सत्यापन क्षमता को मजबूत करने के लिए कानूनी माप विज्ञान सुधार उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भारत के कानूनी मापन तंत्र को और मजबूत करने और देश के वजन और माप के सत्यापन बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए कानूनी मापन (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र) नियम, 2013 में संशोधन किया है। पांच नई ईंधन वितरण प्रणालियों को जीएटीसी ढांचे के अंतर्गत लाया गया इस संशोधन की एक प्रमुख विशेषता सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्रों (जीएटीसी) के दायरे का विस्तार करना है, जिसमें अतिरिक्त ईंधन वितरण प्रणालियों के सत्यापन और पुनः सत्यापन को शामिल किया गया है। इस कदम से सत्यापन सेवाओं की उपलब्धता बढ़ने, दक्षता में सुधार होने और देश भर में स्वच्छ ईंधनों को अपनाने में हो रही वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है।
संशोधित नियमों के तहत, वितरण प्रणालियों की निम्नलिखित पांच श्रेणियों को उन उपकरणों की सूची में जोड़ा गया है जिनका सत्यापन जीएटीसी द्वारा किया जा सकता है:
पेट्रोल/डीजल डिस्पेंसर सीएनजी डिस्पेंसर एलपीजी
डिस्पेंसर एलएनजी डिस्पेंसर हाइड्रोजन डिस्पेंसर इन उपकरणों को शामिल करने के साथ, सरकार द्वारा अनुमोदित परीक्षण केंद्र अब कानूनी मापन ढांचे के तहत वजन और माप की कुल 23 श्रेणियों का सत्यापन और पुनः सत्यापन कर सकते हैं ।

**स्वच्छ ईंधन अवसंरचना का समर्थन करना**
जीएटीसी ढांचे के अंतर्गत सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसरों को शामिल करना ऐसे समय में हुआ है जब देश भर में स्वच्छ ईंधनों का उपयोग बढ़ रहा है। यह कदम ईंधन की सटीक आपूर्ति सुनिश्चित करने और लेन-देन में अधिक पारदर्शिता लाने में सहायक होगा।

# कैराना में बिना अनुमति मेला लगाने पर रोक



**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) प्रशासन ने बिना अनुमति लगाए जा रहे मेले पर रोक लगा दी है। टीम ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार व कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी है। नगर के कांधला तिराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि पर ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति मेले की तैयारियां की जा रही थीं। मौके पर आसमानी झूले समेत कई बड़े झूले लगाए जा रहे थे, जबकि स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मेले का विरोध भी किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार शाम करीब छह बजे नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बिना अनुमति मेला लगाने वाले ठेकेदार व कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा कि बिना अनुमति किसी भी हालत में मेला नहीं लगने दिया जाएगा और न ही कोई झूला लगाया जाएगा। आदेशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वहीं, मेले को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि जब मेले की कोई आधिकारिक अनुमति ही नहीं थी, तो आखिर वहां तैयारियां कैसे शुरू हो गईं? विभागीय अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? गौरतलब है कि यही लोक निर्माण विभाग पहले रोडवेज बस स्टैंड के लिए भूमि उपलब्ध कराने से साफ इनकार कर चुका है, लेकिन अब उसी विभाग की जमीन पर बिना अनुमति मेले की तैयारियां होना अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। एसडीएम शिवाजी यादव ने बताया कि मेले की अनुमति नहीं है। टीम को मौके पर भेजकर मेला लगाने पर कार्य पर रोक लगाई गई है। ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का मेला आयोजित नहीं होने दिया जाएगा।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, मचा कोहराम



**समाज जागरण**

कैराना। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। तहसील क्षेत्र के गांव बीनड़ा निवासी नवनीश (48) मजदूरी कर परिवार का पालन–पोषण करता था। शनिवार देर रात वह बाइक से शामली के लिए जा रहा था। बताया जा रहा है कि लिलौन–बलवा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे बुरी तरह कुचल दिया, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार दोपहर करीब दो बजे मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के एक बेटा व दो बेटी बताई गई है।

# दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजिस्टर्ड संस्था के सदस्यों की बैठक आयोजित



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजिस्टर्ड शामली के तत्वावधान में रविवार को नगर पालिका परिषद शामली में संस्था के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य रमेश बजाज ने करते हुए सर्व सम्मति से जितेन्द्र शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक में संस्था के संरक्षक सरवन संगल ने अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका जयपाल सिंह ने अनुमोदन किया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से जितेंद्र शर्मा को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलमालाएं पहनाकर शुभ कामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें रमेश बजाज एवं विनोद शर्मा को मार्गदर्शक मंडल, सरवन संगल एवं रण कुमार शर्मा को संरक्षक, ऋषिपाल गोयल को उपाध्यक्ष, अजय शर्मा को महामंत्री, जयपाल सिंह को मंत्री, अरविंद मलिक को संगठन मंत्री, कविता गुप्ता को प्रचार मंत्री, शिक्षा शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुभाष शर्मा को खाद्य मंत्री तथा उषा सिंह को महिला संयोजिका नियुक्त किया गया। बैठक में रविंद्र कुमार, आदेश जैन, अंकित कुमार बंसल उपस्थित रहे।

# डयूटी पर तैनात होमगार्ड पर आवारा कुत्तों का हमला , होमगार्ड घायल

**समाज जागरण**

शामली। क्षेत्र के गांव लिसाढ स्थित आईटीआई के निकट डयूटी पर तैनात एक होमगार्ड पर आवारा कुत्तों ने हमला बोल दिया। जिसमें होमगार्ड बुरी तरह से घायल हो गया, जिसको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को क्षेत्र के गांव लिसाढ स्थित आईटीआई के निकट होमगार्ड त्रिपाल सिंह चौहान डयूटी पर तैनात था। बताया जाता है कि इसी दौरान आवारा कुत्तों ने होमगार्ड पर हमला बोल दिया, जिसमें होमगार्ड घायल हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को खदेडा और होमगार्ड की जान बचाई। हमले के बाद घायल होमगार्ड को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको उपचार दिया गया। चिकित्सकों नेग बताया कि कुत्तों के काटने के मामले अत्याधिक बढ गए है। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल आ रहे है।

# भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हो गया। शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी कार्यकताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

दो दिनों तक चले प्रशिक्षण वर्ग में 11 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को संगठन, सरकार की योजनाओं, सोशल मीडिया, प्रबंधन और विचार परिवार से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग का समापन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने किया। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बृजेश कुमार सिंह ने मोदी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और मातृ वंदन योजना जैसी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कार्य विस्तार की दृष्टि पर विचार रखे, जबकि डीके शर्मा ने प्रबंधन विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। प्रदेश संयोजक आईटी विभाग हर्ष चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं सरल ऐप के उपयोग की जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक कुमार ने मीडिया प्रबंधन एवं व्यवस्था के विषय में जानकारी साझा की। वर्ग पालक विमल शर्मा ने कार्यकताओं को व्यावहारिक सत्र की जानकारी दी। अंतिम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने विचार परिवार विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उससे जुड़े विभिन्न संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। समापन सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने की, जबकि संचालन रूबी चौधरी ने किया। इस अवसर पर पालक विमल शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, रमेश गौड़ कश्यप, प्रमोद सैनी आट्टा, अनिल चौहान, हरवीर मलिक, मानस संगल, सतेंद्र तोमर, अरविंद संगल, अभय तोमर, राजेश मलिक, पुनीत द्विवेदी, शशि आरोडा, राजेंद्र मादलपुर आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा की तैयारियां तेज बकरा बाजार पूरी तरह गुलजार

**समाज जागरण**

शामली। आगामी 28 मई को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा को लेकर जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व के नजदीक आते ही शहर का बकरा बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आने लगा है। शामली के दिल्ली रोड पर देर रात लगने वाले बकरा बाजार में इन दिनों खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाजार में दूर-दराज क्षेत्रों से व्यापारी विभिन्न नस्लों के बकरे लेकर पहुंच रहे हैं। बाजार में 20 हजार रुपये से लेकर 80 हजार रुपये तक कीमत वाले बकरे बिक्री के लिए लाए जा रहे हैं। खरीदार अपनी पसंद और बजट के अनुसार बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। बकरा व्यापारियों ईनाम, आसमोहम्मद, अकमल का कहना है कि इस बार बाजार में अच्छी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। खासतौर पर बड़े और आकर्षक बकरों की मांग अधिक देखने को मिल रही है। कई बकरों को विशेष रूप से सजाया गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही दिल्ली रोड स्थित बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगती है और देर रात तक खरीदारी का दौर चलता रहता है। बच्चे और युवा भी परिवार के साथ बाजार पहुंचकर बकरों को देखने और खरीदारी का आनंद ले रहे हैं। खरीदारों का कहना है कि ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। हालांकि बकरों की कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में कुछ अधिक हैं, फिर भी लोग अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है।

# पालिका के पार्क में रविवार को चौथे दिन कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)नगर रहा। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

धरनारत कर्मचारियों ने घोषणा की कि सोमवार 25 मई को नगर पालिका के अंतर्गत सफाई कार्य सहित कार्यालय का समस्त कार्य बंदी हड़ताल पर रहेगा। यूनियन पदा धिकारियों ने कहा कि हड़ताल के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन एवं शासन की होगी।

धरने के दौरान कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन प्रदान करने तथा संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तेश्वर, राजन पाहिवाल, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र झंझोट, जोगेश पाहिवाल, जितेंद्र चन्द्रा, दीपक चन्द्रा, सचिन तेश्वर, संजय बिडला मौजूद रहे।

# आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महा मुनिराज का बैंड-बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कस्बा जलालाबाद से रविवार को पूज्य वाक्क केसरी आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महा मुनिराज का बैंड-बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश शामली स्थित दिगम्बर जैन धर्मशाला में हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आचार्य श्री का स्वागत किया।

रविवार को आचार्य श्री का दसवां दीक्षा दिवस भी शामली में अत्यंत श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शामली सहित पानीपत, करनाल, दिल्ली, सरूरपुर, बड़ौत और कैराना आदि क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रवचन सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया। अपने मंगल प्रवचन में आचार्य ने कहा कि जीवन को महान बनाने के लिए केवल घर, साधन और बाहरी सुख-सुविधाओं को सजाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने घर को सुंदर बनाने में बहुत परिश्रम करता है, लेकिन यदि उसी प्रयास का कुछ भाग अपने जीवन को संवारने में लगाए, तो उसका जीवन श्रेष्ठ बन सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की योग्यता ही उसके जीवन का निर्माण करती है। कहा कि जीवन में परिवर्तन स्थान बदलने से नहीं, बल्कि विचारों और व्यवहार में बदलाव लाने से आता है। शिक्षा और सही समझ व्यक्ति को हर परिस्थिति में सहज व्यवहार और संवाद करना सिखाती है। कार्यक्रम के दौरान शामली जैन समाज के श्रद्धालुओं ने गुरु आशीर्वाद प्राप्त कर भक्ति एवं उल्लास के साथ आयोजन का आनंद लिया।

# टैलेंट सीजन-1 ऑडिशन के द्वितीय चरण का भव्य एवं आकर्षक आयोजन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में रविवार को टैलेंट सीजन-1 ऑडिशन के द्वितीय चरण का भव्य एवं आकर्षक आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर ऊर्जा, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और तालियों की गूंज से सराबोर रहा। कार्यक्रम में करनाल से आए शो के प्रोड्यूसर संजीव सिसोदिया निर्णायक मंडल में शामिल रहे, जबकि मुंबई से आए शो के डायरेक्टर एवं एक्टरेंसि कोरियोग्राफर जैक साइबर ने कार्यक्रम का सफल निर्देशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं निर्णायकों का फूलमालाओं से स्वागत किया। ऑडिशन के दौरान प्रतिभागियों ने डांस, एक्टिंग, मॉडलिंग, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की कला, आत्मविश्वास और मंच संचालन शैली ने दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह एवं रोमांच का माहौल बना रहा। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दूसरे राउंड के उपरांत चयनित प्रतिभागियों को आगामी टीवी राउंड के लिए मानव प्रोडक्शन के कार्यालय में ले जाया जाएगा, जहां वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं तथा कुछ शिक्षकों का चयन अगले चरण के लिए किया गया। वहीं विद्यालय की छात्राओं मुग्धा और अंबिका को सीधे टीवी शो के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। बताया कि 26 मई को स्कूल में इंडिया डांस शो के अंतर्गत एक भव्य डांस वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहीद उधम सिंह स्टेडियम में रविवार को 29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए

ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के करीब 25 से 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 1 एवं 2 जून 2026 को पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में पुरुषोत्तम प्रथम तथा हामिद द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में राजन ने प्रथम और श्रीदेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में हिम्मत सिंह प्रथम एवं राजीव द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में निखिल मलिक प्रथम तथा पुरुषोत्तम द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में रिहान जंग ने प्रथम तथा प्रदीप कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 3000 मीटर स्टेबल चेस में प्रदीप कुमार प्रथम एवं सचिन कुमार द्वितीय रहे। भाला फेंक प्रतियोगिता में धीरेंद्र देशवाल प्रथम रहे, जबकि हैमर थ्रो में शिवलाल ने पहला और प्रभात ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में पायल प्रथम एवं शालू द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सपना प्रथम तथा कविता द्वितीय रहीं। वहीं 1500 मीटर दौड़ में मुस्कान ने प्रथम एवं संजना ने द्वितीय स्थान हासिल किया।इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु अहलावत, आजाद चौधरी, सचिन पवार, आकाश पवार, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, तेजपाल, सुरेंद्र, कर्मवीर, रमेश, पीतम, धीरज, अनिल, अजय, विकास, रेशमा मौजूद रहे।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी के हत्या आरोपी पति को ले गई बागपत पुलिस



**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग)थाना क्षेत्र के गांव खेड़ाखुर्तान मे पत्नी पर अवैध संबंधों के शक में उसकी हत्या आरोही पति को बड़ोद पुलिस अपने साथ ले गई।आरोप है कि आरोपी ने वारदात जनपद बागपत के बड़ौत स्थित ईंट भट्ठे पर अंजाम दिया था और बाद में शव को गांव लाकर छिपाने का प्रयास किया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बड़ौत पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई है।विगत शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांव खेड़ाखुर्तान में 35 वर्षीय महिला इशरत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और सीओ हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य और नमूने एकत्र किए।मृतका के मायके पक्ष ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व इशरत ने गांव निवासी आस मोहम्मद पुत्र इशहाक के साथ प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही दोनों के बीच विवाद रहता था। आरोप है कि आस मोहम्मद शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था। दंपती बड़ौत क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। आरोपित को पत्नी के चरित्र पर शक था, जिसके चलते उसने वारदात को अंजाम दिया।पुलिस जांच में सामने आया कि महिला की हत्या बड़ौत स्थित भट्ठे पर की गई थी। इसके बाद आरोपित शव को गांव लेकर पहुंचा और मामले को छिपाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन शव को कैराना ले गए, जहां उसका सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मामले से जुड़े सभी साक्ष्य बड़ौत पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए हैं। बड़ौत पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मारपीट और फायरिंग के आरोप में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। मारपीट और फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद व अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। नगर के मोहल्ला खैलकलां खुरगान रोड निवासी आबिद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 11 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे उसका छोटा भाई जमील बाजार से कोल्डड्रिंक लेने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद तालिब, इनाम, महबूब, सलमान, रहमान और 4-5 अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब वह भाई को बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान तमंचे से तीन राउंड फायरिंग भी की गई, जिसमें वह बाल–बाल बच गए। हालांकि, दोनों भाई मारपीट में घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन शाम करीब साढ़े सात बजे उसका बड़ा भाई आमिल खेत से लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवक पर ईंट से किया हमला

**समाज जागरण**

कैराना। रास्ते में खड़ी स्कूटी हटाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया। ऊंचागांव निवासी अश्वनी शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार को वह अपनी बहन को कैराना स्थित विद्यालय छोड़कर कार से गांव लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही पंकज शर्मा ने उसकी कार के आगे स्कूटी खड़ी कर दी। स्कूटी हटाने के लिए कहने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और ईंट से हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ की अंगुली टूट गई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तर किया। शनिवार देर शाम विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय के पीछे मार्ग पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी एक संदिग्ध के पास से तलाशी के दौरान कैन के अंदर से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोहल्ला नई बस्ती काजी का बाग निवासी वसीम के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# अखिल भारतीय अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा शनिवार देर शाम महाराजा अग्रसेन भवन में अधिष्ठापन एवं सदस्य सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के दौरान संस्था के सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया। संस्था के



संरक्षक अरविंद संगल ने अध्यक्ष पद का दायित्व चंचल गोयल, महामंत्री पद का दायित्व राहुल कुच्छल तथा कोषाध्यक्ष पद का दायित्व शुभम तायल को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में एकता, सहयोग एवं संगठन की मजबूती पर बल दिया। समारोह सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बना रहा। इस अवसर पर संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, संदीप मित्तल, राकेश गर्ग, विशाल गुप्ता, सचिन मित्तल, विवेक बंसल, निर्भय संगल, गौरव गोयल, प्रदीप संगल, अखिल तायल, संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा, भक्त प्रह्लाद के प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन किया

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नारायण कुटुंब ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर के हनुमान धाम पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने बाल भक्त ध्रुव और भक्त प्रह्लाद के प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति किसी बाहरी आडंबर से नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम, श्रद्धा और सच्ची भक्ति से होती है। भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मध्य आत्मिक प्रेम का दिव्य संबंध है। जब मनुष्य अपने हृदय को अहंकार, छल और कपट से मुक्त कर प्रभु का स्मरण करता है, तब भगवान स्वयं उसके जीवन में प्रकट होने लगते हैं। उन्होंने कहा निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। बताया कि भगवान को केवल निर्मल हृदय और सच्चे प्रेम से ही प्राप्त किया जा सकता है। बालक ध्रुव ने अल्पायु में कठोर तप और अखंड भक्ति के माध्यम से भगवान श्रीहरि के दर्शन प्राप्त किए, जबकि भक्त प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी नारायण भक्ति का त्याग नहीं किया। कथा का संचालन उत्तम नामदेव ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य डॉ. सत्यपाल सिंह, सुखबीर भटनागर, पं. विक्रांत, पं. हितेश नवानी, अन्नू मलिक, क्रिश सूर्यदेव, समाजसेवी यशपाल पंवार उपस्थित रहे।



# क्रांतिकारी नागरिक दल के पदाधिकारियों की बैठक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)क्रांतिकारी नागरिक दल के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को शहर स्थित हनुमान टीला लाइब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक में राजनीति के बढ़ते अपराधीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दल के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण देश और समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण राजनीति में विचारधारा



की प्रतिस्पर्धा समाप्त होकर लूट-खसोट और गुंडागर्दी की होड़ लगना है। इसी कारण शिक्षित एवं सज्जन लोग राजनीति से दूरी बनाने लगे हैं और राजनीति अपराधियों की शरणस्थली बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए आवश्यक है कि शिक्षित एवं सज्जन व्यक्ति राजनीति में सक्रिय भागीदारी करें तथा चुनाव के समय मतदाता भी शिक्षित और ईमानदार उम्मीदवार को ही वोट दें, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित क्यों न हो। बैठक में विनोद अत्री, महेश सिरोही, रामकिशोर गर्ग, शिवकुमार शर्मा, ओमवीर तेजन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन करते हुए, पहुँची 90 वीं पैदल ध्वजा यात्रा

- 31 मई, रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।
- श्री बालाजी धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां बाबा के हर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं



**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 24 मई। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

उन्होंने बताया कि शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन तथा देशी वैद्य द्वारा उपचार की सुविधा दी जाती है। सभी मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया। अंकुश तायल एवं अमन कौशिक ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की गईं।

प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार शनि देव मित्र मंडल, तेज कॉलोनी रोहतक एवं अन्य भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से श्री बालाजी धाम डोभ तक पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। इस रविवार 90वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धाम पहुंची।

गर्मी को देखते हुए अब यात्रा का समय प्रातः 8 बजे निर्धारित किया गया है। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारों एवं भजनों के साथ झूमते-गाते हुए धाम तक पहुँचते हैं।

यात्रा के दौरान दो स्थानों पर भक्तों के विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था की जाती है। पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस तथा दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिवानी रोड पर रखा जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम से वापसी हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

प्रधान जी ने आगे बताया कि दिनांक 31 मई, रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य संकीर्तन, विशाल भंडारा, भक्त मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में श्री चन्दर गर्ग जी, डायरेक्टर जेड ग्लोबल स्कूल रोहतक, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर नवीन तनेजा, हर्षित कोचर, रमेश गुप्ता, बिट्टू दुआ, पवन सरीन, बलदेव कात्याल, वंश, खुशाल, सुजल, राजेश गोयल, सुनील निमड़ी, सोनू निमड़ी, अमित कौशिक सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधियों पर भिवानी पुलिस का बड़ा शिकंजा

## चार महीनों में 62 केस दर्ज, 32 साइबर अपराधी गिरफ्तार, करोड़ों रुपये की ठगी राशि बचाई

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। भिवानी जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निदेर्शानुसार थाना साइबर क्राइम पुलिस ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों पर लगातार शिकंजा कस रही है।

जानकारी के अनुसार जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक थाना साइबर क्राइम भिवानी में ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर ठगी से जुड़े कुल 62 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 32 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने पिछले चार महीनों के दौरान साइबर अपराध से जुड़े मामलों में आम नागरिकों के 1 करोड़ 73 लाख 45 हजार 895 रुपये होल्ड करवाकर सुरक्षित बचाए हैं। इसके अलावा गिरफ्तार आरोपियों से करीब 20 लाख रुपये की राशि भी बरामद की गई है। थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों से साइबर वारदातों में इस्तेमाल किए गए 25 मोबाइल फोन और 25 सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। साथ ही पुलिस ने साइबर अपराध से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं।

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। पिछले चार महीनों में जिलेभर में 23 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों, आम नागरिकों और सार्वजनिक स्थानों पर 5 हजार से अधिक लोगों को साइबर अपराध और उससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल फोन, व्हाट्सएप, फेसबुक या टेलीग्राम पर किसी भी अनजान व्यक्ति से संपर्क बढ़ाने से बचें तथा किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बैंकिंग और वित्तीय जानकारी साझा न करें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

# हर विकास खंड में लगेगी साप्ताहिक चौपाल, जन समस्याओं का होगा मौके पर समाधान

- आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री
- बकरीद पर सार्वजनिक स्थलों पर कुबार्नी की अनुमति नहीं, प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर जीरो टॉलरेंसः मुख्यमंत्री

**समाज जागरण,**

लखनऊ, 24 मईः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता की विभिन्न शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल लगाने का निर्णय लिया है। इन चौपालों में राजस्व वाद, घरेलू हिंसा, अवैध वसूली तथा स्थानीय स्तर पर दर्ज न होने वाली पुलिस शिकायतों जैसी आमजन से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। साथ ही सरकारी लाभार्थीपरक योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ भी इन चौपालों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन चौपालों के संचालन के लिए शासन स्तर से विस्तृत एसओपी जारी की जाएगी तथा प्रत्येक आवेदन और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति इन चौपालों में अनिवार्य रहेगी।

मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता से लिया जाए। केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि पीड़ित को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी गंगा दशहरा और बकरीद पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की कुबार्नी की अनुमति नहीं होगी तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कुबार्नी केवल पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी और किसी भी नई परंपरा को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमाज केवल परंपरागत स्थलों पर ही अदा की जाए तथा सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति किसी भी स्थिति में न दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कुबार्नी के बाद अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे तथा अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में भी निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं।

उन्होंने पर्वों के दौरान बिजली आपूर्ति, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्व से पूर्व फ्लैग मार्च किया जाए तथा धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की सतत पैदल गश्त सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अलीगढ़, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर और संभल सहित संवेदनशील जनपदों के जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए कहा कि विगत वर्षों की घटनाओं का अध्ययन कर संभावित अराजक तत्वों की सूची तैयार की जाए तथा आवश्यकतानुसार निषेधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी थाना, तहसील और जनपद स्तर पर पीस कमेटियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

गंगा दशहरा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़, मुजफ्फरनगर और अमरोहा सहित विभिन्न जनपदों में गंगा घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, एम्बुलेंस तैनाती, छायादार व्यवस्था तथा पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में सड़क सुरक्षा और अवैध खनन पर भी मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने तथा अवैध खनन के खिलाफ टास्क फोर्स गठित कर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि किसी भी दबाव या सिफारिश में आए बिना जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाए, लेकिन जांच के नाम पर आम नागरिकों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति का वैध अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। साथ ही जिन जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तैनाती नहीं है, वहां तत्काल नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा।

# कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) छात्रों का सरकार के विरुध आक्रोश

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) देश में इन दिनों कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में है। इसकी शुरूआत उस विवाद के बाद हुई, जब CJI सूर्यकांत की एक टिप्पणी को युवाओं ने अपने सम्मान पर हमला माना। अदालत की सुनवाई के दौरान कॉकरोच और पैरासाइट जैसे शब्दों के इस्तेमाल को लेकर देशभर में बहस छिड़ गई। इसके बाद में CJI ने सफाई देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी बेरोजगार युवाओं के लिए नहीं, बल्कि फर्जी डिग्री लेकर पैसो में आने वाले लोगों के लिए थी।

लेकिन तब तक युवाओं के भीतर गुस्सा और निराशा गहराई से फैल चुकी थी। NEET पेपर लीक जैसे मामलों ने पहले ही लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ा था। करोड़ों युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक और भ्रष्टाचार उनके सपनों पर चोट पहुंचाते हैं। NEET-UG 2026 विवाद में 22 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य प्रभावित होने की बात सामने आई।




इसी माहौल में कॉकरोच जनता पार्टी एक प्रतीक बनकर उभरी। सोशल मीडिया पर इसे युवाओं की आवाज बताया गया, जो बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की खामियों और सिस्टम से नाराजगी को व्यंग्य के जरिए सामने ला रही है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने इसे युवाओं की आवाज बताया।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह केवल एक ऑनलाइन ट्रेंड नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का गुस्सा है जो मेहनत के बावजूद नौकरी, पारदर्शिता और सम्मान के लिए संघर्ष कर रही है। NEET पेपर लीक और कॉकरोच टिप्पणी ने युवाओं के जख्मों को और गहरा कर दिया, जिससे यह आंदोलन तेजी से वायरल हो गया। अपने हको के लिए सरकार से जवाब मांग रहे है। यह तो आने वाला समय बताया गया कि सरकार इनकी आवाज सुने गई या विद्यार्थियों की आवाज को नजर अंदाज कर दिया जाएगा

# स्व. ताराचंद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर होगा आज विशाल जागरण

**श्री अलख गोशाला ट्रस्ट बहल में 25 मई को आयोजित होगा धार्मिक कार्यक्रम**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 24 मई। गोसेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री अलख गोशाला ट्रस्ट बहल द्वारा 25 मई सोमवार को विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम रात्रि 8:15 बजे से श्री अलख गोशाला ट्रस्ट परिसर में शुरू होगा।




आयोजक एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने बताया कि जागरण में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भजन-कीर्तन का आनंद लेंगे तथा स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

उन्होंने कहा कि गोसेवा और धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारे, संस्कार और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्यक्रम समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। गजानंद अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# स्व. ताराचंद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर लगा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं, मरीजों को बांटी गई निःशुल्क दवाइयां

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 24 मई। प्रसिद्ध व्यवसायी, समाजसेवी एवं गोसेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जीटी होप फाउंडेशन द्वारा आधार अस्पताल हिसार एवं मानव कल्याण अस्पताल बहल के सहयोग से मानव कल्याण अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के अनेक लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। रविवार को आयोजित इस शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर और रक्त जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

इसके अलावा विशेष नेत्र जांच शिविर में आंखों की जांच कर मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का चयन किया गया। शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग, बाल रोग, सामान्य सर्जरी और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम आयोजक एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल ने हमेशा समाजसेवा और मानव कल्याण को प्राथमिकता दी। उनकी पुण्यतिथि पर लगाया गया यह शिविर जरूरतमंद लोगों को समर्पित रहा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके।

शिविर में डॉ. डी.पी. बूरा, डॉ. दीपक, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. निखिल सोनी, डॉ. अंकित और डॉ. राजेश पुनिया सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

इस अवसर पर बीआरसीएम संस्थान निदेशक डॉ. एस.के. सिन्हा,



मामनचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, सीए दिपांशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, सुशील चैहडियां, संदीप लाखलाण, रामभक्त सैनी, जयकुमार शर्मा मुन्ना तिवारी, सज्जन साबू, अशोक साबू, पवन सोनी, रामसिंह सेरला, जगदीश जावला, शीबू गोस्वामी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**गौ सेवा और सादगी की मिसाल थे स्वर्गीय ताराचंद जी अग्रवाल दूल्हेरी वाले**

गौ सेवा सादा जीवन और सामाजिक संपर्ण का एक जीवंत उदाहरण रहे स्वर्गीय ताराचंद जी अग्रवाल दुल्हेडी वाले की 11वीं पुण्यतिथि 24 मई को श्रद्धा से मनाई गई। बहल ही नहीं बल्कि आसपास के गांव में भी उन्हें गौ सेवक बापूजी के नाम से जाना जाता था।

**गौ सेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य**

स्वर्गीय अग्रवाल जी ने बहल में 1998 में श्री अलख गौशाला ट्रस्ट की स्थापना की और अपने जीवन का शेष भाग गौ माता की सेवा में समर्पित कर दिया। वे श्री अलख गौशाला के संस्थापक थे और वे इनके आजीवन प्रधान भी रहे। सुबह श्याम गौशाला जाकर गायों की सेवा व देख-रेख करते थे गौशाला का संपूर्ण निर्माण कार्य उन्हीं की अगुवाई में संपन्न हुआ था।

**सादा जीवन उच्च विचार**

14 मार्च 1916 को तोशाम के गांव दुल्हेडी में एक सामान्य परिवार में जन्मे ताराचंद जी की शिक्षा कक्षा पांच तक की ही हुई। लेकिन उन्होंने जीवन में जो उच्चाईयां हासिल की वे शिक्षितों के लिए भी प्रेरणा बन गई। खेती से शुरूआत कर तोशाम में अनाज मंडी की दुकान चलाई और फिर वर्ष 1964- 65 में बहल आकर बाजार में अनाज मंडी दुकान खोली इसके बाद उन्होंने अपनी दुकान आज जिस जगह अनाज मंडी है वहां पर शुरू की उस समय इस मंडी में उनकी पहली दुकान थी इसके बाद इस जगह का नाम अनाज मंडी रखा गया

# गांव हो या नगर, भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

- बढ़ती बिजली मांग के बीच उत्पादन क्षमता बढ़ाने और सभी इकाइयों को पूरी दक्षता से संचालित करने के निर्देश
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की ऊर्जा विभाग समीक्षा, कहा बिलिंग और कलेक्शन क्षमता बढ़ाने की जरूरत
- ट्रांसमिशन नेटवर्क को और मजबूत व भरोसेमंद बनाने पर मुख्यमंत्री का जोर
- फीडर वाइज मॉनीटरिंग करके जवाबदेही तय हो, शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री
- इस वर्ष 30,339 मेगावाट तक पहुंची प्रदेश की पीक बिजली मांग, निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश
- वर्ष 2026 में बढ़ी बिजली मांग के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था मजबूत रखने पर मुख्यमंत्री का जोर
- आंधी-तूफान के बावजूद विद्युत व्यवस्था बहाल रखने के लिए त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखने के निर्देश
- हेल्पलाइन कॉल सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्था की पड़ताल करें : मुख्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री व राज्य मंत्री को दिए निर्देश
- आम जन को बिजली आपूर्ति के बारे में सही जानकारी दें, समाधान कब तक, यह भी बताएंः मुख्यमंत्री
- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को समय पर और सही बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए : मुख्यमंत्री
- प्रदेशवासियों को बेहतर, भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**समाज जागरण,**

लखनऊ 24 मईः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से 3,742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था की मजबूती के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली की दक्षता अत्यंत



महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखा जाए तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास वर्तमान में 60,858 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें संचालित हैं। प्रदेश में 715 उपकेंद्रों के माध्यम से 2,05,632 एमवीए क्षमता उपलब्ध है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता 99.30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पारेषण हानियां घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह तथा उपभोक्ता केंद्रित बनाया जाए। उन्होंने फीडर वाइज जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने, फीडर बाधित होने अथवा शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आंधी-तूफान और अत्यधिक तापमान जैसी परिस्थितियों के बावजूद फील्ड स्तर पर त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखा जाए। बैठक में बताया गया कि 4, 7 और 15 मई को आए आंधी-तूफान के कारण प्रदेश में 38 सब-स्टेशन और 326 फीडर प्रभावित हुए, लेकिन मरम्मत एवं बहाली कार्य तेजी से कराया गया। मुख्यमंत्री ने भूमिगत केबल वाले स्थलों पर खुदाई से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से विधिवत स्वीकृति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि विद्युत व्यवस्था बाधित न हो।

मुख्यमंत्री ने ट्रांसफॉर्मर क्षति की घटनाओं में कमी को सकारात्मक बताते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-23 की तुलना में पावर ट्रांसफॉर्मर क्षति में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2022-23 में 429 पावर ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, जबकि वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 87 रह गई। बैठक में यह भी बताया गया कि 100 केवीए से अधिक क्षमता वाले वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षति दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2022-23 में जहां 39,177 बड़े ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 20,292 रह गई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा तंत्र की व्यापक स्थापना, समयबद्ध मरम्मत और जवाबदेही तय किए जाने से यह सुधार संभव हुआ है।

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अप्रैल और मई माह में पिछले वर्ष की तुलना में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके कारण प्रदेश में बिजली मांग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 15 अप्रैल से 22 मई के बीच औसत डिमांड मेट 501 मिलियन यूनिट प्रतिदिन से बढ़कर 561 मिलियन यूनिट प्रतिदिन हो गया, जबकि पीक डिमांड मेट 29,831 मेगावाट से बढ़कर 30,339 मेगावाट तक पहुंच गया। बैठक में बताया गया कि 20, 21 और 22 मई को उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक बिजली मांग पूरी करने वाले राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री ने बढ़ती मांग के अनुरूप विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभावित स्रोतों से बिजली खरीद और आपूर्ति प्रबंधन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 15 मई से विभिन्न पावर प्लांटों में अलग-अलग कारणों से बिजली उपलब्धता प्रभावित हुई। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 12 राज्यों के साथ पावर बैंकिंग व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32,305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं, जिनमें पिछले तीन वर्षों में लगभग 62 प्रतिशत क्षमता जोड़ी गई है। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10,719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक तकनीक आधारित तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि नवंबर 2025 से नई एकीकृत 1912 कॉल सेंटर व्यवस्था लागू की गई है। लखनऊ और नोएडा केंद्रों से कॉल लोड बैलेंसिंग के साथ व्यवस्था संचालित हो रही है। नई प्रणाली के तहत कॉल हैंडलिंग क्षमता बढ़ाकर 75 हजार से 90 हजार प्रतिदिन कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के माननीय मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत को हेल्पलाइन कॉल सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्था की पड़ताल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आमजन को समयबद्ध और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर केवल समस्या दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को यह भी स्पष्ट रूप से बताया जाए कि समाधान कब तक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद और पारदर्शिता से उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत होगा तथा शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को उपभोक्ता हितैषी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 89.23 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति पोस्टपेड व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया गया है। जून 2026 से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह की 1 से 10 तारीख के बीच पोस्टपेड आधार पर जारी किए जाएंगे। उपभोक्ताओं को एसएमएस व्हाट्सऐप और ई-मेल के माध्यम से बिल उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही 15 मई से 30 जून तक प्रदेशभर में विशेष कैंप आयोजित कर स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी को और बेहतर बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर और सही बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली आपूर्ति केवल तकनीकी विषय नहीं बल्कि आमजन के जीवन, किसानों की सिंचाई, व्यापारिक गतिविधियों और औद्योगिक विकास से जुड़ा विषय है।

# युवाओं ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत और ठंडा पानी पिलाना समाजसेवियों ने शुरू कर दिया। रविवार को पंचकोसी मार्ग के किनारे बरेमा गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में राहगीरों को शरबत व ठंडा पानी



पिलाया।बरेमा गांव के युवाओं ने भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत व ठंडा पानी राहगीरों को पिलाया। अजय तिवारी ने कहाकि गर्मी में राहगीरों की पानी की समस्या को देखते हुए उन लोगों को रविवार को शरबत व ठंडा पानी पिलाने की व्यवस्था की। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।शरबत पीने के बाद राजगीरों ने इन युवाओं के दिल से धन्यवाद देते हुए इस नेक कार्य की सहराना भी किया।राहगीरों को शरबत पिलाने में मुख्य रूप से दीपक तिवारी,भँटू सिंह,दाऊ तिवारी,किशन तिवारी,आशु तिवारी,आर्यन तिवारी,धीरज तिवारी, मोनू,दीपक सिंह,रोहित तिवारी सहित अन्य ग्रामीण युवा शामिल रहे।

# पति के बाद पत्नी ने किया नेत्रदान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राजातालाब के शाहंशाहपुर निवासिनी शांति देवी के मरणोपरांत उनके नेत्रदान किए गए।92 वर्षीय शांति देवी का रविवार की सुबह देहांत हो गया था। इनका नेत्रदान उनके पुत्र मनोज कुमार सिंह ने परिवार की सहमति से कराया। इसके पूर्व उनके पति सियाराम सिंह प्रबंधक मालवीय इंटर कॉलेज शाहंशाहपुर का भी 3 वर्ष पूर्व मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कराया गया था। पति और पत्नी के द्वारा मृत्यु के उपरांत नेत्रदान कराया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पेड़ से बाइक टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव में शनिवार की रात्रि में पेड़ से टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये मौके पर पहुँचे पीआरवी कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के झगरहा गांव निवासी 25 वर्षीय भईया लाल अपने साथ 18 वर्षीय पोलहर के साथ बाइक से पिपरा की तरफ से घर की तरफ जा रहे थे की जैसे ही पिपरा गांव में पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पीआरवी 112 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे पीआरवी 112 के चालक सोमारु मौर्य व हेड कांस्टेबल तौकीर खान ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है मौके पर पहुँचे दोनों घायलों के परिजनों द्वारा दोनों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लेकर चले गए है जंहा पर दोनों घायलों का उपचार चल रहा है

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन 231 मरीजों का हुआ उपचार

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विमल कुमार ने 51 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 41 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 47नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 49 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 43 मरीजों का उपचार किया  कुल 231 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया।सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

# उप्र. मदरसा बोर्ड रिजल्ट में बेटियों का दबदबा, 29 हजार से ज्यादा छात्राएं पास

**समाज जागरण**

लखनऊ 24 मईः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित मदरसा शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 की परीक्षा में बेटियों ने बाजी मारी है। इस वर्ष 29 हजार से अधिक छात्राएं पास हुई है। जिनका सफलता प्रतिशत 94.30 प्रतिशत रहा है। छात्राओं ने टॉप रैंकिंग में भी अपना दबदबा कायम किया है। यह उपलब्धि केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों और पारदर्शी व्यवस्था का भी सकारात्मक असर है।

**29 हजार से अधिक छात्राएं हुई पास**

उप्र. मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा वर्ष 2026 की मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा में कुल 55,788 छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं, जिनमें 29,229 छात्राएं शामिल हैं। छात्राओं का कुल सफलता प्रतिशत 94.30 रहा है, जो इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में बेटियों को बेहतर शैक्षिक माहौल और अवसर मिल रहे हैं। सेकेंडरी (मुंशी/मौलवी) परीक्षा में 21,407 छात्राएं पास हुईं है। जिनका सफलता प्रतिशत 91.46 रहा है। वहीं सीनियर सेकेंडरी (आलिम) परीक्षा में 7,822 छात्राओं ने सफलता हासिल की, जिसका सफलता प्रतिशत 90.88 दर्ज किया गया है।

**सीनियर सेकेंडरी के टॉप-3 में छात्राओं का दबदबा**

सबसे खास बात यह रही कि सीनियर सेकेंडरी (आलिम) परीक्षा की टॉप तीन रैंक पर छात्राओं ने कब्जा जमाया है। वाराणसी जिले के मदरसा दैरातुल इस्लाह चिराग-ए-उलूम की छात्रा जुमी फरीन ने 82.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसी मदरसे की छात्रा शाइस्ता परवीन ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अमरोहा जिले के मदरसा अलिया जफरिया की छात्रा उम्मुल खैर ने भी 82.40 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा वाराणसी की जैनबी हनिया ने 82 प्रतिशत अंक पाकर पांचवां स्थान हासिल किया। जबकि फरुर्खाबाद जिले के मदरसा इस्लामिया फैज-ए-आम लालबाघ हमीरपुर खास की छात्रा रेशमा ने 81.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप-10 में आठवां स्थान बनाया है।

**गोरखपुर, कुशीनगर और लखनऊ की छात्राओं ने नाम किया रोशन**

मदरसा बोर्ड की सेकेंडरी (मुंशी/मौलवी) परीक्षा में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। गोरखपुर जिले के जामिया रिज्विया अहले सुन्नत की छात्रा शाइमा परवीन ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। कुशीनगर जिले के मदरसा मुस्तफा दारुल उलूम की छात्रा सिद्दीका खातून ने 88.50 प्रतिशत अंक पाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

# शक्ति केंद्र औसानपुर सेक्टर एक की बैठक हुई सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।हरहुआ ब्लाक के औसानपुर ग्राम पंचायत में आज रविवार को भाजपा हरहुआ मण्डल के शक्ति केंद्र औसानपुर सेक्टर एक की बैठक  हरहुआ मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय मिश्रा' के निर्देशन में वरिष्ठ मण्डल उपाध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में केंद्र संयोजक आसुतोष सिंह के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में मोदी जी के 'मन की बात' में फ्यूल बचाकर देश को मजबूती देने के आह्वाहन पर उपस्थित बूथ अध्यक्षो ने चर्चा किया। इसके बाद विधानसभा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा किया गया। समाज मे दिन प्रतिदिन की आम समस्याओं के समाधान और जन आवश्यकताओं जैसी बिंदुओं पर चर्चा हुई। भाजपा के किसी भी इकाई के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ अन्याय ,भेदभाव व शोषण की घटनाओं के निस्तारण पर एकजुट होकर समाधान सहित भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में हर हर महादेव के जयघोष के साथ कार्यकताओं ने संकल्प लिया।

बैठक में प्रमुख रूप से अरुणेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, बूथ अध्यक्ष गणआनन्द प्रकाश चौबे ,श्यामबिहारी सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, ओमप्रकाश उर्फ बादल ,रोहित विश्वकर्मा व दशरथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# फूलपुर पुलिस पर युवक की पिटाई का आरोप, ग्रामीणों ने जौनपुर-वाराणसी मार्ग जाम कर जताया विरोध

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी 27 वर्षीय महेश राजभर को रविवार सुबह करीब 7 बजे क्राइम ब्रांच और फूलपुर पुलिस टीम घर से उठाकर ले गई। परिजनों का आरोप है कि हिरासत में महेश के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।




बताया गया कि सुबह करीब 10:30 बजे महेश को बाबतपुर रोड स्थित न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। और उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन और समर्थक ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए तथा वाराणसी-जौनपुर मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिजनों के अनुसार, घमहापुर क्षेत्र के मनीष हत्याकांड में आरोपियों के परिजनों को पनाह देने के आरोप में पुलिस महेश को पूछताछ के लिए उठाकर ले गई थी। घटना से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मौके पर बड़ागांव ,फूलपुर, जनसा व सिंधौरा थाना पुलिस के साथ एडीसीपी नीतू कादयान, एडीसीपी नृपेंद्र और एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार पहुंचे। पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया। प्रदर्शन में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कई स्थानीय नेता उमेश ,विनोद ,गुड्डू राजभर ,विनय राजभर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

पुलिस अधिकारी ने फूलपुर एसएचओ अतुल कुमार सिंह को निलंबित करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्यवाही पर मामला शांत हुआ। देर शाम में महेश राजभर को उपचारोपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया। परिजन  समेत घर वापसी कर सभी चले गए।

# टायर ब्लास्ट होने से ट्रेलर के पीछे घुसा हाईवा, चालक-परिचालक गंभीर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी  अंतर्गत मिजार्पुर -रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर बाबा ढाबा के पास शनिवार की देर रात टायर ब्लास्ट होने से एक हाईवा अनियंत्रित होकर खड़े ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ा। हादसे में चालक और परिचालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गए। सूचना पर पहुंची बरौंधा पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया।



जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश से गिट्टी लादकर मड़िहान जा रहा हाईवा जैसे ही बाबा ढाबा के सामने पहुंचा, तभी उसके बाएं तरफ के अगले चक्के का टायर अचानक ब्लास्ट हो गया। टायर फटने से हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा भिड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक और परिचालक इंजन के हिस्से में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी इंचार्ज नरेन्द्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल राम कृत चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं टोल प्लाजा प्रबंधक ऋषि कुमार शुक्ला भी जेसीबी और हाइड्रा मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस, मशीन चालकों और ग्रामीणों के सहयोग से घंटों चले राहत कार्य के बाद दोनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों की पहचान चालक फैजान खान (22) निवासी महेशपुर तथा परिचालक आरिफ खान (23) के रूप में हुई। हादसे में चालक का दाहिना पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि परिचालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को एम्बुलेंस सेवा के ईएमटी संतोष भारतीय द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और सड़क की अत्यधिक तपिश के कारण भारी वाहनों के टायर लगातार गर्म होकर फट रहे हैं। बरौंधा क्षेत्र में हाल के दिनों में टायर ब्लास्ट की यह दूसरी-तीसरी घटना बताई जा रही है। संयोग अच्छा रहा कि हादसे में दोनों की जान बच गई।

# अयोध्या में बनेगा भव्य लव-कुश पार्क, 17.72 करोड़ की लागत से 'कचरे से कला' थीम पर होगा विकास

**-रामायण की कहानियों को स्क्रैप मूर्तियों के माध्यम से मिलेगा नया स्वरूप**

**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्मार्ट सिटी सोच को मिलेगा नया आयाम**

**समाज जागरण**

अयोध्या,24 मई। रामनगरी अयोध्या में पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देने के लिए एक अनूठी पहल शुरू होने जा रही है। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत रायबरेली राजमार्ग पर स्थित मऊशिवाला एमआरएफ सेंटर के समीप 17.72 करोड़ रुपये की लागत से लव-कुश पार्क का निर्माण किया जाएगा। यह पार्क 'कचरे से कला' थीम पर आधारित होगा, जिसमें रामायण की पौराणिक कथाओं को स्क्रैप धातु की मूर्तियों, कलात्मक चित्रों और इंटरैक्टिव इंस्टालेशन्स के माध्यम से जीवंत किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे इस पार्क का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को एक साथ जोड़ना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्मार्ट सिटी सोच को इस परियोजना से नया आयाम मिलेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि पार्क विशेष रूप से भगवान राम के पुत्र लव और कुश की कहानियों पर केंद्रित होगा। रामायण काल की इन लोकप्रिय कथाओं को आधुनिक कला के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी पौराणिक इतिहास से जुड़ सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले से ही अयोध्या में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता और पर्यटन सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। लव-कुश पार्क इस विकास की कड़ी को और मजबूत करेगा।

**कचरे को कलाकृति में बदलने का अनूठा मॉडल**

'कचरे से कला' थीम इस परियोजना की जान है। शहर के कचरे और स्क्रैप मटेरियल को इकट्ठा कर उससे भव्य मूर्तियां, मॉडल और इंस्टालेशन्स तैयार किए जाएंगे। राम-सीता, लव-कुश, अश्वमेध यज्ञ, वनवास की घटनाएं और अन्य महत्वपूर्ण प्रसंग स्क्रैप धातु की मूर्तियों के रूप में दर्शाए जाएंगे। इंटरैक्टिव इंस्टालेशन्स के जरिए पर्यटक स्वयं इन कथाओं का हिस्सा बन सकेंगे। उदाहरण के लिए, लव-कुश द्वारा घोड़े पकड़ने की घटना को 3ऊ मॉडल और साउंड-लाइट शो के माध्यम से दिखाया जाएगा।

**छात्रों के लिए विशेष टूर और वर्कशॉप का आयोजन**

यह पार्क न केवल दर्शनीय होगा बल्कि शैक्षिक भी होगा। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए विशेष टूर और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता फैलाई जाएगी। साथ ही, यह साबित करेगा कि कचरा बोझ नहीं, बल्कि संसाधन हो सकता है।

**पार्क में होंगी आधुनिक सुविधाएं**

अयोध्या में राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन जैसे धार्मिक स्थलों के बाद लव-कुश पार्क पर्यटकों के लिए नया आकर्षण केंद्र बनेगा। रामायण की कथाओं से जुड़े श्रद्धालु यहां आकर न केवल आध्यात्मिक अनुभव करेंगे बल्कि पर्यावरण अनुकूल विकास का भी साक्षात्कार करेंगे। पार्क में वॉकवे, गार्डन, बैठने की व्यवस्था, रोशनी और सिक्योरिटी की आधुनिक सुविधाएं होंगी।

**राम भक्तों व पर्यटकों के लिए यह नया केंद्र बनेगा**

यह परियोजना सार्वजनिक कला, संस्कृति और सतत विकास का अनूठा संगम साबित होगी। आज के समय में जब प्लास्टिक और कचरे की समस्या बढ़ रही है, अयोध्या जैसे पवित्र शहर से 'कचरे से कला' का संदेश पूरे देश को प्रेरित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के पार्क न केवल पर्यटन को बढ़ाते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। नगर निगम के मुताबिक निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# आयर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 60 मरीजों की जांच, दवा वितरण सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकासखंड क्षेत्र के पंचायत भवन आयर बाजार में सुधा सर्जिकल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



शिविर में लगभग 60 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। भीषण गर्मी, हीट स्ट्रोक एवं मौसम जनित बीमारियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल की ओर से यह विशेष स्वास्थ्य अभियान चलाया गया, जिसमें गरीब एवं असहाय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. आर के सिंह सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

शिविर  में जनरल फिजिशियन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सक मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयां वितरित कीं।

इस अवसर पर सूर्य प्रकाश मौर्य उर्फ 'भीम' प्रधान ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते बीमारियों का उपचार हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

क्षेत्रकेआयर ,औरा , कांकलपुर ,कुरौली ,अहिरौली , गहनी समेत कई गांवों के लोगों ने निःशुल्क शिविर से स्वास्थ्य लाभ लिया।

# हरहुआ मंडल भाजपा की मासिक बैठक संपन्न, 16 शक्ति केंद्रों पर हुई एक साथ बैठकें

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ मंडल भाजपा की मासिक बैठक आज रविवार को मंडल के सभी 16 शक्ति केंद्रों पर एक साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इन बैठकों में कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया।



बैठक चमाव, कोइराजपुर, हरहुआ, औसानपुर, गड़वा, काजीसराय, अहरक, रमईपट्टी, प्रसादपुर, चिउरापुर, टिकरी, रसूलपुर, हथियार, बीरापट्टी, बझिया एवं सभईपुर शक्ति केंद्रों पर आयोजित की गईं।

वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की रही सहभागिता सभी शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों में शक्ति केंद्र प्रभारी, प्रवासी शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की गई।

संगठन विस्तार पर जोर

बैठक में "बूथ जीता, चुनाव जीता" के मंत्र पर काम करते हुए पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति को जल्द से जल्द पूरा करने, नए मतदाताओं को जोड़ने तथा "मेरा बूथ सबसे मजबूत" अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया।

उक्त जानकारी हरहुआ मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय'व उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ने दी।

# खाना बनाते समय प्रेशर कुकुर फटने से युवक गंभीर रूप से झूलसा जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गाँव में शनिवार की रात्रि में घर में खाना बनाते समय प्रेसर कुकुर फटने से युवक गंभीर रूप से झूलस गया है मौके पर पहुँचे परिजनों ने युवक को एम्बुलेंस 108 से उपचार के लिए आये।जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनवाल गाँव निवासी 35 वर्षीय शंभू कोल घर में खाना बना रहे थे की अचानक कुकुर फटने से युवक गंभीर रूप से पुरे शरीर में झूलस गया।



मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। युवक की पत्नी ममता ने बताया की खाना बना रही थी। की बच्चों के रोने पर पति खाना बनाने लगे की प्रेशर कुकुर फट जाने से युवक गंभीर रूप से झूलस गये।

# हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश सूची में शामिल आंशी सिंह समेत टापर्स को अपर आयुक्त ने किया सम्मानित, प्रतिभा सम्मान समारोह2026 आयोजित

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज विकास खंड क्षेत्र स्थित मां सावित्री बाई फुले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा सायर में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया।  इसमें हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली आंशी सिंह और जिले की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त डॉ. विश्राम ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने जोर दिया कि जो बच्चा अंधेरे में बैठा है उसे कोई नहीं जानता, लेकिन जब वह टॉपर बन जाता है तब सभी उसे जानते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपना हौसला बनाए रखने की सलाह दी।



डॉ. विश्राम ने आगे कहा कि लालगंज जैसे पिछड़े क्षेत्र की छात्राओं का प्रदेश की टॉप टेन सूची में जगह बनाना पूरे क्षेत्र सहित जनपद के लिए शुभ संकेत है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अधिवक्ता बच्चन राम कुशवाहा ने अपनी स्वर्गीय पत्नी सुशीला कुशवाहा की स्मृति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने प्रशस्ति पत्र के साथ संविधान की प्रस्तावना और डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति वाली फोटो तथा नगद राशि प्रदान की। समारोह का संचालन प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जयशंकर यादव एडवोकेट, रोहित पांडेय एडवोकेट, भगौती प्रसाद, जितेंद्र कुमार, डॉ. अंजनी मौर्य, हेमराज प्रजापति, तुफानी लाल यादव, अनिल कुमार यादव, अंकित दुबे, राकेश पटेल सहित विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तकनीकी समस्या दूर, आयुष्मान योजना के अस्पतालों को फिर शुरू हुआ भुगतान

**- योगी सरकार की तत्परता से सुलझी बैंकिंग की तकनीकी समस्या, 14 मई से रुक गया था भुगतान**

**- तकनीकी समस्या के कारण रुक गया था अस्पतालों का 600 करोड़  रुपये का भुगतान**

**- 23 मई को जारी हुए 100 करोड़, अगले एक-दो दिन में 500 करोड़ रुपए का हो जाएगा भुगतान**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 मई। योगी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना योगी सरकार की प्राथमिकता है। इसी का नतीजा है कि योजना के शुरू होने के बाद अब तक 50 लाख से अधिक मरीजों ने 91 लाख से अधिक बार अस्पतालों में अपना इलाज कराया। इसके लिए योगी सरकार द्वारा 15 हजार करोड़ से अधिक अस्पतालों को भुगतान किया जा चुका है। वहीं 14 मई से 22 मई तक बैंक में तकनीकी समस्या से अस्पतालों का भुगतान रुक गया था, जिसे ठीक करके 23 मई से दोबारा शुरू कर दिया गया है।

**23 मई को अस्पतालों को किया गया 100 करोड़ रु. का भुगतान**

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि 14 मई को नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) और संबंधित बैंकों के बीच भुगतान फाइलों के आदान-प्रदान के दौरान तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई थी। इसके चलते लगभग 633 करोड़ रुपये की राशि होल्ड पर चली गई थी। भुगतान प्रक्रिया बाधित होने के कारण योजना से जुड़े अस्पतालों को क्लेम राशि मिलने में देरी हो रही थी, जबकि अधिकांश दावों को राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा पहले ही स्वीकृति प्रदान की जा चुकी थी। तकनीकी बाधा के चलते अस्पतालों को समय से भुगतान नहीं मिल पा रहा था, जिससे निजी और सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों में चिंता की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि प्रदेश सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू की। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एनएचए और संबंधित बैंकों के साथ कई दौर की बैठकें कर समस्या के समाधान के लिए लगातार समन्वय बनाए रखा। उन्होंने बताया कि 22 मई को बैंक स्तर पर आई तकनीकी समस्या का सफलतापूर्वक समाधान कर लिया गया।

# नगरपालिका में नियमों का 'हंटर' चलते ही बैक डोर से रायता फैलाने में जुटे नेता!

**समाज जागरण**

शहडोल। नगरपालिका परिषद शहडोल में विकास कार्यों और पेयजल को लेकर फैलाया जा रहा पूरा बखेड़ा महज एक सुनियोजित भ्रम और 'मीडिया मैनेजमेंट' का हिस्सा है। सच्चाई यह है कि जब से नई सीएमओ ने कमान संभाली है और भ्रष्टाचार की पुरानी परिपाटी पर नियमों का कड़ा हंटर चलाया है, तब से कुछ रसूखदार नेताओं की सियासी जमीन खिसक गई है। पुराना जुगाड़ फेल होने के बाद अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदें के पीछे से 'बैक डोर' गेम खेलते-खेलते अचानक फ्रंट फुट पर आकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अपनी कमियों को प्रशासनिक लापरवाही के पीछे छुपाया जा सके।

शहर की जनता सब देख रही है कि किस तरह दिखावे के लिए अध्यक्ष भाजपा का और उपाध्यक्ष कांग्रेस का रोना रोते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि ये दोनों किस तरह चुनाव साथ में जीते थे और आज तक हर अंदरूनी काम में दोनों की कैसी अटूट साठगांठ है, यह बात अब किसी से छुपी नहीं है। जब नए सीएमओ ने नियमों के विरुद्ध जाकर ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने से साफ इनकार कर दिया, तो ये दोनों नेता बौखला गए। इसके बाद शहडोल से लेकर भोपाल तक की दौड़ लगाई गई, तरह-तरह की शिकायतें करवाई गई और प्रशासनिक दबाव बनाने के पूरे प्रयास हुए। परंतु, जब भोपाल स्तर से भी इनकी दाल नहीं गली, तो अब मीडिया के माध्यम से जनता में यह झूठ फैलाया जा रहा है कि शहर में पानी का संकट केवल प्रशासनिक उदासीनता के कारण गहराया है। सोन नदी पर बनने वाले 28 करोड़ के बैराज निर्माण और अन्य प्रोजेक्ट्स को लेकर मचे घमासान के पीछे का सच बेहद दिलचस्प है। खबरों को जिस तरह से तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे ये नेता खुद ही ठेकेदार हों! वैसे भी शहडोल में बीती पंचवर्षीय में शंभू और कई अन्य ठेकेदारों व नेताओं की जुगलबंदी और उनकी आपसी ठेकेदारी पूरे शहर में पहले से ही जगजाहिर रही है। विवाद की असली वजह यह है कि सीएमओ पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार काम करना चाहती हैं, जबकि नेता चाहते हैं कि पुरानी व्यवस्था की तरह नियमों को ताक पर रखकर चहेते ठेकेदारों को उपकृत किया जाए। जब सीएमओ ने बिना परिषद की उचित सहमति के मनमानी करने वाले टेंडरों पर रोक लगाई, तो तिलमिलाए नेताओं ने इसे 'कमीशन का खेल' बताकर खुद का पल्ला झाड़ना शुरू कर दिया।

इस पूरे घटनाक्रम में कटघरे में वे मूल भाजपाई नेता भी आ गए हैं, जिन्हें पार्टी ने निष्ठा के आधार पर टिकट दिया था। शहर के प्रबुद्ध नागरिकों का मानना है कि विपक्ष के इस झूठे प्रोपेगैंडा पर मूल भाजपाइयों की रहस्यमयी चुप्पी यह दर्शाती है कि वे भी शायद बहुत कम में ही संतुष्ट हो गए हैं और शहर के वास्तविक विकास की जगह मूकदर्शक बने हुए हैं। प्रशासन का रुख इसमें अत्यंत स्पष्ट और न्यायसंगत है कि जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, वे सभी हर हाल में कराए जाएंगे, लेकिन कोई भी काम नियमों के विरुद्ध जाकर नहीं होगा। पेयजल व्यवस्था को सुधारने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का काम सुचारू रूप से चल रहा है। ऐसे में यह साफ है कि पेयजल संकट का बहाना बनाकर केवल प्रशासनिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे जनता भली-भांति समझ चुकी है।

# श्रमिक नगर सहित कई इलाकों में शराब बिक्री व्यवस्था पर उठे सवाल: प्रिंट रेट से अधिक बिक्री और कथित पैकारी की शिकायतों पर जांच की मांग

**समाज जागरण**




जमुना-कोतमा। कोतमा क्षेत्र में शराब बिक्री व्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों के बीच असंतोष और चिंता बढ़ती दिखाई दे रही है लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानों पर निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने के साथ-साथ आसपास के मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों तक कथित रूप से पैकारी (अनधिकृत पुनर्विक्रय) के माध्यम से शराब पहुंचाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और मामले की आधिकारिक जांच होना शेष है

स्थानीय लोगों के अनुसार कोतमा, कोतमा हाईवे क्षेत्र, झिरियाटोला, राजनगर मार्केट, निगवानी, चाका, खामरोध, बेलिया फाटक, गोविंदा, श्रमिक नगर सेमरिया चौराहा सहित कई क्षेत्रों में शराब की उपलब्धता को लेकर लोगों ने चिंता व्यक्त की है नागरिकों का कहना है कि यदि नियमों के विपरीत बिक्री और पुनर्विक्रय की गतिविधियां हो रही हैं तो इसका असर सामाजिक माहौल और जनजीवन पर पड़ सकता है।

क्षेत्र की महिलाओं और परिवारों ने भी इस विषय को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों के आसपास अनुशासित वातावरण बना रहना चाहिए। कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह के समय गांवों और मोहल्लों में शराब की उपलब्धता को लेकर लोगों में चर्चा और चिंता बढ़ रही है स्थानीय स्तर पर यह मांग भी उठ रही है कि शराब दुकानों पर निर्धारित दरों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो उसके खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि नियमों का पालन और सामाजिक संतुलन दोनों समान रूप से आवश्यक हैं।

ठेका संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर जानकारी दी गई कि संबंधित शराब दुकान का संचालन ठेकेदार वीरेंद्र कुमार राय के नाम से किया जा रहा है। हालांकि समाचार प्रकाशित होने तक शिकायतों पर संबंधित पक्ष की आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी

नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग से क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाने, शराब दुकानों पर मूल्य जांच करने तथा कथित पुनर्विक्रय संबंधी शिकायतों की वस्तुनिष्ठ जांच कराने की मांग की है

**इनका कहना है**

क्षेत्र में लल्लू प्रकाश सहित कुछ लोगों के माध्यम से गांवों में सुबह के समय शराब पहुंचाए जाने की शिकायतें स्थानीय स्तर पर सामने आ रही हैं। मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**मित्तल महरा स्थानीय शिकायतकर्ता**

यदि कोतमा शराब दुकान से प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित मूल्य से अधिक बिक्री नहीं होने दी जाएगी। यदि पैकारी की शिकायतें प्राप्त होती हैं तो उनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
कृष्णकांत उईके,आबकारी अधिकारी कोतमा

# दुअरा की पत्थर खदान पर प्रशासन का बड़ा छापा

## विस्फोटक उपयोग में गंभीर अनियमितता उजागर, खदान संचालन तत्काल बंद

**समाज जागरण सीधी।**

**जीरो टॉलरेंस की चेतावनी,**
जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से खिलवाड़, खनन नियमों का उल्लंघन तथा विस्फोटक सामग्री के अवैध उपयोग को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

जिले के बहरी तहसील अंतर्गत ग्राम दुअरा स्थित स्वीकृत पत्थर खदान में विस्फोटक सामग्री के उपयोग और खदान संचालन में

भारी अनियमितताओं का खुलासा होने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खदान में उत्खनन और ब्लास्टिंग कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान विस्फोटक सामग्री के परिवहन एवं उपयोग से जुड़े दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां मिलने पर प्रशासन ने वाहन जब्त कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी विकास मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में एसडीएम सिहावल राजेश शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खदान में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी सामने आई। खदान की सीमा निर्धारित करने वाले चिन्ह, तार फेंसिंग तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं नियमानुसार नहीं पाई गईं, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। निरीक्षण के दौरान ब्लास्टिंग कार्य में प्रयुक्त वाहन क्रमांक एमपी-17-जी-3415 मौके पर मिला। अधिकारियों ने वाहन के साथ मौजूद व्यक्तियों से विस्फोटक सामग्री के परिवहन और उपयोग संबंधी वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई अधिकृत अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जांच के दौरान मामला उस समय और गंभीर हो गया जब मोबाइल पर दिखाए गए प्रपत्र आरई-13 में विस्फोटक सामग्री के उपयोग का स्थान ग्राम बारी, तहसील गोपद बनास दर्ज पाया गया, जबकि वही विस्फोटक सामग्री ग्राम दुअरा की खदान में उपयोग के लिए मौजूद थी। प्रशासन ने इसे प्रथम दृष्टया विस्फोटक सामग्री के परिवहन एवं उपयोग संबंधी नियमों के गंभीर उल्लंघन का मामला माना है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने वाहन को थाना बहरी के सुपुर्द कर दिया है तथा विस्फोटक अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। साथ ही खदान में सभी प्रकार की उत्खनन और ब्लास्टिंग गतिविधियों पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

# गौ-संरक्षण के साथ पर्यटन का नया केंद्र बनेगी गुबरा गौशाला : मंत्री प्रहलाद पटेल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दमोह प्रवास के दौरान गुबरा गौशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी मौजूद रहे। दोनों मंत्रियों ने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं, गौ-संरक्षण गतिविधियों और प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गौशाला में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि आने वाले समय में गुबरा गौशाला को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौशाला केवल गौ-संरक्षण का केंद्र नहीं रहेगी, बल्कि इसे प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण संस्कृति और धार्मिक आस्था से जोड़कर एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए यहां होम स्टे निर्माण की योजना भी तैयार की जा रही है, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिल सके।

मंत्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण परिवेश और प्रकृति के बीच विकसित यह स्थान लोगों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला विकास कार्यों में गुणवत्ता और दीर्घकालिक उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाए।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि गुबरा गौशाला को प्राकृतिक वातावरण में विकसित किया गया है और अब इसे गौ-संरक्षण के साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि यहां एक अभिनव पहल भी शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत लोग अपने जन्मदिन या विशेष अवसरों पर गौशाला पहुंचकर गौ माता को गौ-ग्रास अर्पित कर उत्सव मनाते हैं। इस पहल को लोगों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। राज्यमंत्री लोधी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ गौशाला के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई है। आने वाले समय में यहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, पर्यावरण संरक्षण आधारित गतिविधियां और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकेंगे।

# मेडिकॉन दमोह 2026 बुंदेलखंड के चिकित्सा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पहल : मंत्री प्रहलाद पटेल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि वर्ष 2026 बुंदेलखंड के चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार के चिकित्सा और स्वास्थ्य विषयक सम्मेलन महानगरों में आयोजित होते हैं, उसी स्तर का मेडिकॉन दमोह 2026 कार्यक्रम दमोह में आयोजित करना अत्यंत सराहनीय और साहसिक पहल है।

वे शहर के एक निजी होटल में आयोजित मेडिकॉन दमोह 2026 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा विषयों पर विचार एवं अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में जिले सहित अन्य शहरों से आए डॉक्टरों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि इतिहास में जब बुंदेलखंड के चिकित्सा विकास की चर्चा होगी, तब ऐसे आयोजनों को विशेष रूप से याद किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में संवाद, शोध और अनुभव साझा करने के लिए इस तरह के मंच अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सत्रों को गंभीरता और एकाग्रता से सुनना चाहिए, क्योंकि इनमें चिकित्सा क्षेत्र के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सामने आती हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दौरान डॉक्टरों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे आयोजनों में चिकित्सकों को खुलकर अपनी समस्याएं, अनुभव और सुझाव साझा करने चाहिए, ताकि सामूहिक रूप से समाधान खोजे जा सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों पर चर्चा और समाधान के लिए इससे बेहतर मंच नहीं हो सकता।

मंत्री श्री पटेल ने मेडिकॉन दमोह 2026 आयोजन की पुनः सराहना करते हुए कहा कि इससे बुंदेलखंड क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ सेवाओं और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बाहर से आए सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों और अतिथियों का बुंदेलखंड की धरती पर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं, नई तकनीकों और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। सम्मेलन में चिकित्सा क्षेत्र में समन्वय और सहयोग बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

# भाजपा दीनदयाल मंडल में शक्ति केंद्र क्रमांक 4 की बैठक संपन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक 4 की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में फुटेरा वार्ड क्रमांक 2, 3 एवं 4 के कार्यकताओं की सक्रिय उपस्थिति रही। बैठक में पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बूथ समितियों की समीक्षा की गई तथा मन की बात कार्यक्रम के प्रमुख, लाड़ली बहना योजना एवं अन्य लाभार्थियों की जानकारी एकत्रित कर संगठनात्मक कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर दीनदयाल मंडल के प्रभारी एवं जिला मंत्री रानू नामदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, मंडल महामंत्री अरुण सोनी, महेंद्र अहिरवाल, पार्षद मनीष शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी आशीष राय, विक्की जैन, मंडल मंत्री श्रीमती रेनू रजक, श्रीमती राधा सोनी, अभिषेक सोनी, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे, मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री नर्मदा पटेल, बबलू चक्रवर्ती, मुकेश नामदेव, गया साहू सहित वार्ड के समस्त बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए-2 उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विशेष जोर दिया गया।



# रक्षक ही बने भक्षक, वन विभाग की टीम पर हमले के बाद भी रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार!

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के देवलौद थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वा सतानी इलाके से कानून-व्यवस्था को तार-तार करने वाला एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ सोन घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र में अवैध उत्खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर रेत माफियाओं ने न सिर्फ जानलेवा हमला किया, बल्कि इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय पुलिस की संवेदनहीनता, निष्क्रियता और माफियाओं के साथ उनकी गहरी सांठगांठ को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है।

**वर्दी पर दाग: हमलावरों को शह, रक्षकों को दुत्कार**

हैरानी और आक्रोश की बात यह है कि जब खाकी के साए में खौफजदा सोन घड़ियाल की टीम अपनी जान बचाकर शिकायत दर्ज कराने देवलौद थाना पहुंची, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने न्याय करने के बजाय न्याय की उम्मीद लेकर आए सरकारी अमले की शिकायत लेने से ही साफ इंकार कर दिया। यह घटना सीधे तौर पर देवलौद पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़े और गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या देवलौद पुलिस ने रेत माफियाओं के सामने पूरी तरह घुटने टेक दिए हैं? या फिर खाकी खुद इस काले कारोबार की मूक दर्शक और हिस्सेदार बन चुकी है? वन अमले पर हमला होने के बाद भी प्राथमिकी (FIR) दर्ज न करना यह साबित करता है कि स्थानीय स्तर पर अपराधियों को खुला संरक्षण मिल रहा है।

खुफिया तंत्र और सीआईडी का महा-फेलियरः सोया रहा इंटेलिजेंस यह पूरा मामला अब गलियारों में बेहद गरमा गया है और क्षेत्र में इसकी तीखी चर्चा है। जानकारों का साफ कहना है कि सोन घड़ियाल अभ्यारण्य जैसे अति-संवेदनशील और प्रतिबंधित क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर संगठित रूप से अवैध उत्खनन चल रहा था, तो इसकी पल-पल की जानकारी पुलिस के मुख्य खुफिया तंत्र और सीआईडी (CID) तक होनी चाहिए थी। यदि इतनी बड़ी आपराधिक गतिविधि और सरकारी टीम पर हमले की भनक पुलिस के शीर्ष खुफिया तंत्र को नहीं थी, तो यह विभाग की बहुत बड़ी विफलता (फेलियर) है। यह घटना चीख-चीख कर गवाही दे रही है कि पुलिस का लोकल इंटेलिजेंस एक बार फिर पूरी तरह फेल साबित हुआ है। जब विभाग अपने ही प्रशासनिक साथियों की सुरक्षा को लेकर इतना लापरवाह और अनभिज्ञ है, तो आम जनता की सुरक्षा का भगवान ही मालिक है।

**बिना स्थानीय पुलिस के संरक्षण के यह दुस्साहस असंभव**

अभ्यारण्य क्षेत्र में लंबे समय से धड़ल्ले से पोकलेन और ट्रैक्टर चल रहे हैं। प्रकृति और जलीय जीवों के आशियाने को उजाड़ा जा रहा है, लेकिन देवलौद पुलिस का इस पर मौन रहना उनकी नीयत को साफ बयां करता है। क्षेत्र में यह चर्चा अब आम हो चुकी है कि स्थानीय पुलिस के वरदहस्त के बिना रेत माफियाओं में इतना दुस्साहस आ ही नहीं सकता कि वे एक सरकारी विभाग की टीम पर हमला करने की जुर्रत करें।

वन अमले में इस वक्त दहशत का माहौल है और वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अगर रक्षक ही भक्षकों के मददगार बन जाएंगे, तो जंगलों और वन्य जीवों को कौन बचाएगा? इस शर्मनाक वाकये और इंटेलिजेंस के इस बड़े फेलियर के बाद अब देखना यह है कि शहडोल के आला पुलिस अधिकारी और भोपाल में बैठे शीर्ष अफसर इस सुस्त देवलौद पुलिस पर क्या एक्शन लेते हैं, या फिर रेत के इस मलाईदार खेल में सब 'मौन' बने रहेंगे।

# सोन घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग टीम पर हमला, रेत माफियाओं के हौसले बुलंद

**समाज जागरण**



शहडोल। जिले के देवलौद थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वा सतानी इलाके में एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से लगातार रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सोन घड़ियाल अभ्यारण्य की वन विभाग टीम कार्रवाई करने मौके पर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही वन विभाग की टीम अवैध उत्खनन रोकने पहुंची, उसी दौरान रेत माफियाओं ने टीम पर हमला कर दिया। घटना के बाद वन अमले में दहशत का माहौल है।

आरोप है कि जब सोन घड़ियाल की टीम शिकायत दर्ज कराने देवलौद थाना पहुंची, तब थाना पुलिस ने शिकायत लेने से ही इंकार कर दिया। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि पूरे अवैध उत्खनन के पीछे आरक्षक धीरेंद्र भदोरिया की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि धीरेंद्र भदोरिया वर्तमान में गोहपारू में पदस्थ हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका अधिकांश समय देवलौद थाना क्षेत्र में ही बीतता है।

क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध उत्खनन और वन विभाग की टीम पर हुए हमले के बाद अब यह चर्चा तेज हो गई है कि बिना स्थानीय संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर अवैध रेत कारोबार संभव नहीं है। मामले को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

# विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के इंतजार में बूढ़े हो रहे शिक्षक

## (शिक्षकों के लिये चतुर्थ क्रमोन्नत -समयमान वेतनमान बना दिवा स्वप्न )

**समाज जागरण**



कटनी / विभाग को पैंतीस वर्षों की अनवरत सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को चतुर्थ समयमान क्रमोन्नत वेतनमान देने के आदेश प्रसारित हुए, डेढ़ माह से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी पात्र शिक्षकों को लाभ से महरूम रखना, जिला शिक्षा विभाग के साख पर करारा प्रहार है। आज तक विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित न होने से पात्र शिक्षकों के लाभ से जुड़ी सूची तक का प्रकाशन न होने से इन दिनों जिले के शिक्षक वेहद हताश और निराश है।साथ ही उनका गुस्सा चौथे आसमान पर है।

शिक्षकों का आरोप है, कि वर्षों पुरानी मांग को पूरी करने में शासन स्तर से हुए लेट लतीफी के कारण, वैसे भी सहायक शिक्षक और उच्च श्रेणी शिक्षक पहले से ही जबरजस्त आर्थिक नुकसान के दौर से गुजर चुके हैं।और अब जब शासन द्वारा इन संवर्ग के शिक्षकों की पीड़ा को समझकर जैसे -तैसे शिक्षक संगठनोंऔर विशेष कर समग्र शिक्षक संघ के संघर्ष तले मिली सफलता के चलते,किसी तरह आदेश जारी किया गया, तो अब जिला स्तर पर इस प्रकरण को जानबूझकर लटका कर रखा जाना, शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों के कार्य करने के तौर तरीके को प्रश्नचिन्हित करता है।आज ऐसा प्रतीत होता है मानो जबाबदार अधिकारीयों को इन संवर्ग के शिक्षकों के आर्थिक नुकसान की कोई फिक्र ही नहीं है।

तत संबंध में गत दिवस अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिँह राजपूत द्वारा इस जिले के जिला शिक्षा अधिकारी से बात की गयी, तो उन्होने संकुल स्तर से हो रहे, विलंब को उत्तरदायी बताये।

प्रवक्ता ने बताया कि आज भी शिक्षकों को जिले के विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों की बैठक का बेसब्री से इंतजार है। देखना है, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों के आर्थिक हित से जुड़े इस प्रकरण को अभी और कितना खींच कर आगे ले जाना चाहेंगे ।

प्रवक्ता ने इस प्रकरण में हो रहे अनावश्यक विलंब पर अफसोस जाहिर करते हुए,इसे गतिमान करने की दिशा में एक बार पुनः जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कलेक्टर कटनी को शिक्षकों के आक्रोश का साक्षात्कार कराने का मन बनाते हुए, यथा शीघ्र डी. पी. सी. कराने की मांग करने की मानसिकता बना रहे हैं।

# नर्मदा लीग में शहडोल के खिलाड़ियों का चयन, जिले में खुशी की लहर

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश नर्मदा खो-खो लीग सीजन 2 हेतु आयोजित चयन ट्रायल में शहडोल जिले के 11 बालक एवं 1 बालिका खिलाड़ी का चयन होने पर जिले में हर्ष एवं गौरव का माहौल है। यह चयन ट्रायल कुशाभाऊ खेल मैदान, बुढ़ार में संपन्न हुआ, जिसमें शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयनित खिलाड़ियों में अभिनय, सावन, शिवा, आर्यन, उदय, सत्यम, शिवम, अभिमन्यु, अनुराग, प्रभात, आकाश एवं बालिका वर्ग से अंजू चौधरी का चयन मध्य प्रदेश नर्मदा खो-खो लीग सीजन 2 हेतु किया गया। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण एवं कठिन परिश्रम के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

जिला खो-खो संघ शहडोल सचिव मोहम्मद इमरान एवं कोषाध्यक्ष एकता मैडम की उपस्थिति में चयन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में चयन प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु मध्य प्रदेश एमेच्योर खो-खो संघ के सह सचिव जीतू तिवारी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चंद्रशेखर स्वामी जी एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी आफरीन शेख की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। जिला खो-खो संघ शहडोल द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं। संघ सचिव ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए आगामी टूनामेंट की जानकारी भी साझा की तथा शहडोल जिले में खो-खो खेल को और अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचाने की बात कही।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि आने वाले समय में जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी तथा शहडोल जिले को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। शहडोल की शान – प्रदेश की पहचान मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली पहचान है।

# शीतल प्रसाद शुक्ला का निधन

**समाज जागरण**



बृजभान प्रसाद मिश्रा रिटायर शिक्षक अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की जीजा जी शीतल प्रसाद शुक्ला ग्राम सकंदी जिनका निधन अचानक 6:00 बजे उमरिया अस्पताल में हो गया है जिसका अंतिम संस्कार को सगरा मंदिर रोड मुक्ति धाम उमरिया में किया गया शुक्ला जी की अचानक तबियत बिगड़ने से उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहाँ 4 घंटे इलाज पश्चात उन्होंने अंतिम सांस ली वह अपने पीछे पत्नी तीन बच्चे एवं दो बच्चियों नाती सहित इस दुनिया से छोड़ कर चले गए पूरे परिवार में दुख की लहर व्याप्त है एवं परिवार वालों के बीच रो-रो करके बुरा हाल है पंडित बृजभान प्रसाद मिश्रा के जीजा जी ही नहीं पितृ के समान थे श्रंद्धाजंली देने वालो में प्रमुख रूप से वृंदावन दुवेदी रामचरित मिश्रा रमाकांत त्रिपाठी भास्कर पांडेय संजय तिवारी चंद्रप्रकाश दुवेदी विनोद मिश्रा विजय गौतम दिनेश शुक्ला ब्रजेश शुक्ला मिथलेश शुक्ला रहे

# हिण्डालको रेणुकूट के कर्मचारी रवि सिंह ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता रजत पदक देश का बढ़ाया मान

**समाज जागरण**



सोनभद्र। जिला सोनभद्र के रेणुकूट निवासी रवि सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम रोशन किया है। हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के बॉयलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत रवि सिंह ने यूरोप के देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीतकर देश, प्रदेश और जिले को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 20 से 24 मई 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें दुनिया के 37 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। रवि सिंह, स्वर्गीय महामाया प्रसाद सिंह के पुत्र हैं अपनी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के दम पर उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। विशेष बात यह है कि रवि सिंह उत्तर प्रदेश के पहले खिलाड़ी हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। विश्व चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पूर्व सोनभद्र के जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रवि सिंह को शुभकामनाएं देकर सम्मानपूर्वक विदा किया था। अधिकारियों ने उनकी उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का विषय बताया और विश्व मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की थी। रवि सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, टीम कोच अतुल पंगोत्रा, एवं मैनेजर डॉ सुनील दत्त, अजय दलाल सहयोगियों तथा हिण्डालको रेणुकूट प्रबंधन को दिया। उन्होंने विशेष रूप से क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सीईओ सतीश ठुल, उत्तर प्रदेश क्वान की डो एसोसिएशन के महासचिव अमित कुमार सिंह, क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तथा संगठन के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। रवि सिंह ने कहा, देश के लिए खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गर्व है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने हर कदम पर मेरा समर्थन किया। मैं आगे भी पूरी मेहनत और समर्पण के साथ भारत का नाम रोशन करने का प्रयास करता रहूंगा। रवि सिंह की इस उपलब्धि पर रेणुकूट एवं पूरे सोनभद्र जिले में खुशी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों,खेल प्रेमियों, सहकर्मियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# बकरीद पर्व सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने की अपील, नई परंपरा की अनुमति नहीं : जिलाधिकारी

**समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में आगामी बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं कानून व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर सहमति जताई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेने तथा स्थानीय स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली फर्जी खबरों एवं अफवाहों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और उसकी तत्काल सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी स्थिति में नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर कुबार्नी देना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुबार्नी के बाद अवशेषों एवं मांस को खुले में न फेंकें। इन्हें निर्धारित स्थान पर सुरक्षित तरीके से भूमि में दफन किया जाए, जिससे स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बगीश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, धर्मगुरु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी धर्मगुरुओं एवं समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जनपद में बकरीद का पर्व पूर्व वर्षों की भांति आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को रायपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। महिलाओं से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के तहत थाना रायपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, थाना रायपुर क्षेत्र की एक युवती ने 5 मई 2026 को थाना रायपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना रायपुर में मु.अ.सं. 77/2026 के तहत धारा 69, 351(2) एवं 352 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल तथा क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में रविवार 24 मई 2026 को थाना रायपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अखिलेश कुमार यादव पुत्र शंकर यादव निवासी ग्राम मझुई, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र को सुबह करीब 8:30 बजे रामपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शमशेर यादव, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र तथा आरक्षी सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मलेशिया में करांटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली नियती दीक्षित का राज्यमंत्री लखन पटेल ने किया सम्मान

## दमोह की बेटी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया प्रदेश का गौरव

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल करांटे चैंपियनशिप 2026 में पदक जीतकर दमोह जिले और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली सकोर गांव की छात्रा नियती दीक्षित का प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने सम्मान किया। दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री पटेल ने नियती दीक्षित से भेंट कर उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नियती की सफलता उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। नियती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत संकल्प और निरंतर परिश्रम से गांव की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार विभिन्न खेल गतिविधियों एवं योजनाओं के माध्यम से मंच उपलब्ध करा रही है।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने नियती दीक्षित के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि नियती जैसी प्रतिभाएं मध्यप्रदेश की नई पहचान बन रही हैं।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी नियती दीक्षित का उत्साहवर्धन करते हुए उनके परिवार एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

# पटेरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पटेरा में 40 हजार का अवैध गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा/दमोह- नशामुक्त समाज और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए दमोह पुलिस लगातार एक्शन मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक (SP) श्री आनंद कलादगी के सख्त निर्देशों के पालन में पटेरा थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक तस्कर को दबोचा है।

**वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बिछाया जाल**

यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया एवं एस.डी.ओ.पी. हटा श्री सौरभ त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। दिनांक 23 मई 2026 को पटेरा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध गांजे की तस्करी करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए तत्काल योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी।

**लाखों की कीमत का गांजा और मोबाइल बरामद**




पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से आरोपी बहादुर सिंह (पिता मिट्ठू सिंह आदिवासी राजगौड़, उम्र 35 वर्ष, निवासी जेर-इमलिया, थाना पटेरा) को हिरासत में लिया। जब पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से 02 किलो 864 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 40,000 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिसका उपयोग वह तस्करी के नेटवर्क में कर रहा था।

**NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज, मुख्य सोर्स की तलाश जारी**

पटेरा थाना पुलिस ने आरोपी बहादुर सिंह के खिलाफ **धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. (NDPS) एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस बात की गहनता से तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह गांजा कहाँ से लाया था और इसे किसे सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस रैकेट से जुड़े अन्य बड़े नामों का भी खुलासा किया जाएगा। सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम इस पूरी और प्रभावी कार्रवाई में पटेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में उप निरीक्षक संतोष सिंह, स.उ.नि. दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक 537, आरक्षक 788 बृजेश अठ्या, आरक्षक 420 नीतेश, आरक्षक 303 सुरेश लोधी, आरक्षक 524 गब्बर और सायबर सेल दमोह की अत्यंत सराहनीय एवं सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों द्वारा पूरी टीम की इस सफलता पर पीठ थपथपाई गई है। यह रिपोर्ट पटेरा पुलिस द्वारा अपराधियों और नशा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# भारत के भव्य राष्ट्रमंडल खेलों के दिवस समारोह में अहमदाबाद ने अग्रणी भूमिका निभाई, जबकि फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 75वें संस्करण ने पूरे देश को एकजुट किया

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया साबरमती नदी तट पर हजारों लोग राष्ट्रमंडल खेलों के दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित हुए डॉ. मांडविया ने कहा, साइकिल चलाना सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है यह हमें स्वस्थ रखता है, प्रदूषण कम करता है और ईंधन बचाने में मदद करता है, साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ईंधन की खपत कम करने की अपील के अनुरूप भी है अभिनेता आयुष्मान खुराना ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदृष्टि और मार्गदर्शन में, संडे ऑन साइकिल जैसी पहल भारतीय खेलों के भविष्य को आकार दे रही हैं फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 75वें संस्करण में आज देशभर में 8,000 से अधिक स्थानों पर भारी भागीदारी देखी गई, जो राष्ट्रमंडल खेल दिवस का स्मरणोत्सव मनाता है और अहमदाबाद में होने वाले ऐतिहासिक 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की ओर गति प्रदान करता है।

अहमदाबाद के प्रतिष्ठित साबरमती नदी तट से राष्ट्रीय समारोहों का नेतृत्व करते हुए, केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, गुजरात के उपमुख्यमंत्री श्री हर्ष संघवी और बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने 5,000 साइकिल चालकों, एथलीटों, युवा स्वयंसेवकों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के साथ सामुदायिक भागीदारी और खेल भावना का एक जीवंत प्रदर्शन किया। अहमदाबाद संस्करण, जिसका विषय एक स्वस्थ भारत के लिए एक नया प्रतीक - 2030 तक साइकिल चलाना था, में योग और जुम्बा प्रदर्शनों के साथ-साथ एक भव्य 5 किलोमीटर की साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसने साबरमती नदी तट को फिटनेस, संस्कृति और भारत के खेल विकास के उत्सव में बदल दिया। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण डॉ. मांडविया द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन था, जिसमें भारत की खेल उपलब्धियों, खेलो इंडिया मिशन के तहत खेल अवसंरचना के विकास और 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी में देश के विस्तारित खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन में पिकलबॉल, बॉक्स क्रिकेट, वॉलीबॉल, रस्साकशी और कई सहभागिता आधारित सामुदायिक खेलों सहित कई प्रकार की आकर्षक गतिविधियां भी शामिल थीं, जिससे सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए एक उत्सव जैसा माहौल बन गया। अभिनेता आयुष्मान खुराना पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं और ओलंपियनों जैसे गुरजीत कौर, रजनी एतिमार्पु, सोनिका तांडी, अंजुम मौदगिल, अंकुर मित्तल और तृप्ति मुगंडे के साथ शामिल हुए, जिन्होंने युवा प्रतिभागियों को प्रेरित किया और भारत के युवाओं के बीच फिटनेस और खेल की बढ़ती संस्कृति को मजबूत किया। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति और खेल जगत के नेता भी उपस्थित थे, जिनमें भारतीय ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल; ओलंपिक निशानेबाज और चैंपियनशिप पदक विजेता गगन नारंग; खेलो इंडिया के उप महानिदेशक श्री मयंक श्रीवास्तव; और ओलंपियन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष आदिल सुमारीवाला शामिल थे।

# यूपी पुलिस ने रोमांचक मुकाबले में रेलवे पुलिस को हराया , सत्यम बने मैन ऑफ द मैच

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**





चोपन/ सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन में आयोजित नाइट क्रिकेट टूनामेंट में यूपी पुलिस और रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के बीच खेले गए नॉकआउट मुकाबले में यूपी पुलिस ने रोमांचक जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली एवं विशिष्ट अतिथि ईसीआरकेयू रेलवे यूनियन चोपन शाखा के अध्यक्ष वीकेडी द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर आरपीएफ टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों में 56 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी पुलिस टीम को अंतिम 12 गेंदों में 10 रन की जरूरत थी, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। मैदान में मौजूद दर्शकों की भारी भीड़ और टूनामेंट के मीडिया प्रभारी एवं कमेंटेटर शाकिब खान की शानदार कमेंट्री ने मैच का रोमांच और बढ़ा दिया। अंतिम क्षणों में कोन थाना प्रभारी एवं टीम कप्तान अखिलेश मिश्रा की सूझबूझ और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर यूपी पुलिस ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। हार के बावजूद आरपीएफ कप्तान महेश और कोच इंस्पेक्टर प्रशांत ने विजेता टीम को बधाई दी। इस अवसर पर गुर्मा थाना प्रभारी अतुल पटेल, एससी/एसटी सचिव मनीष कुमार, सेबेस्टियन बारला, सुनील तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, अमित सिंह, डी.एन. महतो, अखिलेश सिंह यादव, दिनेश जैन, सद्दाम कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मैच के शानदार प्रदर्शन के लिए यूपी पुलिस टीम के खिलाड़ी सत्यम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। टूनामेंट के सफल आयोजन में ग्राउंड इंचार्ज विनीत शर्मा, अमलेश सोनकर, अंपायर सुजीत यादव व पप्पू, स्कोरर सोनू व प्रमोद तथा वालंटियर लालू यादव सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अनपरा तापीय परियोजना में स्वच्छता अभियान जारी, अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

**समाज जागरण**



सोनभद्र। भारत सरकार के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के तहत अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा कॉलोनी परिसर में प्रत्येक रविवार को चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के क्रम में रविवार को सीआईएसएफ मैदान एवं शिव मंदिर प्रांगण में वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) इं. अजय कुमार कटियार ने किया। सुबह सात बजे से शुरू हुए इस अभियान में परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान सीजीएम इं. अजय कुमार कटियार ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और सभी को अपने आवासीय परिसर व कार्यस्थल को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य प्लांट एवं कॉलोनी परिसर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाना है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा घरेलू कचरे को निर्धारित कूड़ेदान या कचरा वाहन में ही डालने की अपील की। साथ ही आवासों के पीछे की गलियों में कचरा न फेंकने की सलाह दी। सीजीएम ने कहा कि व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ एवं हरित परिसर का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने आगामी रविवार को सीआईएसएफ ग्राउंड के शेष भाग में भी श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों से अभियान में भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, लेखाधिकारी,केमिस्ट,अवर अभियंता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चों ने भाग लेकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

# जमीन के नीचे छिपा था इतिहास! दमोह में मकान की खुदाई के दौरान मिले ब्रिटिशकालीन चांदी के सिक्के, हिस्सेदारी विवाद के बाद खुला मामला

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**







दमोह। शहर के फुटेरा वार्ड क्रमांक-3 में एक मकान निर्माण के दौरान हुई साधारण खुदाई अचानक चर्चा का विषय बन गई, जब जमीन के नीचे से पुराने चांदी के सिक्के मिलने की जानकारी सामने आई। देखते ही देखते यह मामला इलाके में चर्चा का केंद्र बन गया और बाद में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार फुटेरा वार्ड में एक पैतृक मकान पर निर्माण कार्य चल रहा था। पिलर निर्माण के लिए मजदूर खुदाई कर रहे थे, तभी जमीन के अंदर एक पुराना धातु का पात्र मिलने की बात सामने आई। मजदूरों का दावा है कि खुदाई आगे बढ़ने पर वहां से बड़ी संख्या में चांदी के पुराने सिक्के और कुछ धातु सामग्री निकली। उनका आरोप है कि मकान मालिक सामग्री अपने कब्जे में ले गए। वहीं मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब मजदूरों ने हिस्सा नहीं मिलने की बात कहते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस तक पहुंचा दी। सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ और पुलिस के साथ राजस्व एवं पुरातत्व विभाग की टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित पक्षों से जानकारी जुटाई। जांच के दौरान कुछ पुराने चांदी के सिक्के बरामद किए गए। जानकारी के मुताबिक बरामद सिक्कों पर ब्रिटिश शासनकाल से जुड़े प्रतीक चिन्ह और ऐतिहासिक तस्वीरें अंकित मिली हैं, जिससे उनके पुराने होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी ओर मकान मालिक का कहना है कि मजदूरों द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह सही नहीं हैं। उनका दावा है कि खुदाई के दौरान सीमित संख्या में पुराने सिक्के मिले थे, जबकि बड़ी मात्रा में खजाना निकलने जैसी बातें बढ़ा-चढ़ाकर कही जा रही हैं।

इधर पुरातत्व विभाग ने शुरूआती जांच में सिक्कों को ब्रिटिश काल से जुड़ा बताया है। अब मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और वरिष्ठ अधिकारियों को भी पूरी जानकारी भेजी गई है।

फिलहाल जमीन के नीचे दबे इतिहास और ऊपर खड़े विवाद ने पूरे इलाके में उत्सुकता बढ़ा दी है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह साफ हो सकेगा कि आखिर जमीन से निकला यह खजाना इतिहास का हिस्सा है या फिर अफवाहों का।

# भीषण गर्मी में बंदरों को मिली राहत, राहगीरों ने पिलाई फ्रूटी

## दमोह जनसंपर्क अधिकारी वाईके कुरैशी ने कैमरे में कैद किए भावुक कर देने वाले दृश्य

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवर भी बेहाल नजर आ रहे हैं। ऐसे ही हालात में सड़क किनारे प्यास से व्याकुल घूम रहे बंदरों को राहगीरों ने राहत पहुंचाई। राहगीरों ने बंदरों को फ्रूटी पिलाई, जिसे बंदरों ने बड़े चाव से पिया।

इस भावुक कर देने वाले दृश्य को दमोह जनसंपर्क विभाग के अधिकारी वाईके कुरैशी ने अपने कैमरे में कैद किया। तस्वीरों और वीडियो में बंदर गर्मी से परेशान दिखाई दे रहे हैं और फ्रूटी पीते हुए उनकी मासूमियत लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

कहावत है कि बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, लेकिन इस तपती गर्मी में फ्रूटी का स्वाद बंदरों के लिए किसी अमृत से कम नहीं लगा। प्यास से व्याकुल बंदरों ने जिस तरह राहत महसूस की, उसने वहां मौजूद लोगों को भी भावुक कर दिया।

भीषण गर्मी के इस दौर में यह दृश्य इंसानियत और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता नजर आया।

# तिरुलडीह थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल/तिरुलडीह : आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को तिरुलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कौशल कुमार ने की।




बैठक में चांडिल के वर्तमान पुलिस अंचल निरीक्षक रवि कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, कुकड़ू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला सिंह पातर, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया रामबालक सिंह, चौड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, तिरुलडीह पंचायत के सचिव सहित अंजुमन कमेटी एवं शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने तथा आपसी भाईचारा कायम रखने को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी कौशल कुमार ने सभी से प्रशासन को सहयोग करने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में उपस्थित लोगों ने भी आपसी समन्वय एवं भाईचारे के साथ बकरीद पर्व मनाने का संकल्प लिया।

# बकरीद पर्व को लेकर नीमडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को नीमडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल द्वारा की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, नीमडीह भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न धार्मिक संगठनों के सदस्य, शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों के साथ पर्व के दौरान क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द कायम रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, त्याग और सामाजिक सद्भाव का पर्व है। सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाएं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस अथवा प्रशासन को दें।

बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की ओर से पर्व को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं अंचल अधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान सभी लोग कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में शांति एवं भाईचारे का माहौल बनाए रखने में वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में पर्व के दौरान जुलूस मार्ग, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि बकरीद पर्व को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा थाना स्तर पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

बैठक के अंत में सभी लोगों से आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

# तिरिंग घाटी बनेगी नया पर्यटन केंद्र, पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया स्थल निरीक्षण

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

संजीव सरदार ने रविवार को पोटका विधानसभा क्षेत्र के हाता-तिरिंग मेन रोड स्थित उड़ीसा बॉर्डर के समीप बनकटा गांव के तिरिंग घाटी काली मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया। घने जंगलों और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस इलाके को जल्द पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल शुरू की गई है। विधायक ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक वातावरण और पर्यटन की संभावनाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की।

तिरिंग घाटी क्षेत्र झारखंड-उड़ीसा सीमा पर स्थित होने के कारण लंबे समय से आसपास के लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने और प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने पहुंचते हैं। क्षेत्र में स्थित काली मंदिर और आसपास की हरियाली लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। विधायक ने कहा कि यदि इस क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए तो यह आने वाले समय में पूर्वी सिंहभूम जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है।

निरीक्षण के दौरान विधायक संजीव सरदार ने कहा कि तिरिंग घाटी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस संबंध में वन विभाग को विस्तृत प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि आवश्यक स्वीकृतियां लेकर क्षेत्र का विकास कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करना है, जिससे स्थानीय लोगों को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ मिल सके।

विधायक ने कहा कि यह क्षेत्र केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि झारखंड और उड़ीसा के लोगों के सामाजिक एवं पारिवारिक संबंधों का भी केंद्र है। दोनों राज्यों के हजारों लोग यहां समय-समय पर पहुंचते हैं। ऐसे में यदि यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास होता है तो यह दोनों राज्यों के लोगों के लिए एक बेहतर पर्यटन और मनोरंजन स्थल बनकर उभरेगा।



उन्होंने बताया कि प्रस्तावित पर्यटन स्थल में बच्चों के खेलने के लिए पार्क, पिकनिक स्पॉट, बैठने की आधुनिक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा सुरक्षा संबंधी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखते हुए पर्यावरण के अनुकूल विकास कार्य किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तैयार करना भी है।

तिरिंग घाटी के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से स्थानीय दुकानदारों, हस्तशिल्प कारोबारियों, वाहन चालकों तथा खानपान व्यवसाय से जुड़े लोगों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ने से आसपास के गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विधायक ने कहा कि सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने विधायक की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद विकास से वंचित रहा है। यदि यहां पर्यटन स्थल विकसित होता है तो क्षेत्र की पहचान पूरे राज्य में बनेगी और गांवों में व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। ग्रामीणों ने विधायक संजीव सरदार की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पोटका क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि तिरिंग घाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम होगा। लोगों को उम्मीद है कि सरकार जल्द प्रस्ताव को मंजूरी देकर विकास कार्य प्रारंभ करेगी, जिससे यह क्षेत्र आने वाले दिनों में झारखंड और उड़ीसा के लोगों के लिए प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान बना सके।

# दिनदहाड़े बिष्टुपुर में महिला से पर्स छिनतई, चलती बाइक से गिरकर गंभीर घायल

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के पॉश इलाके बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला से पर्स छीन लिया। छीना-झपटी के दौरान महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर होते हुए साकची की ओर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



घटना कीनन स्टेडियम के समीप की बताई जा रही है। घायल महिला की पहचान नीतू पांडेय के रूप में हुई है। उनके पति गौरी शंकर पांडेय ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ साकची स्थित एक पुराने बुक स्टोर से वापस घर लौट रहे थे। दोनों बाइक पर सवार होकर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास से बीएसएनएल ऑफिस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में एक बाइक पर सवार दो युवक उनके करीब पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित परिवार के अनुसार बदमाशों में से एक युवक ने लाल रंग की टोपी पहन रखी थी। जैसे ही उनकी बाइक कीनन स्टेडियम के समीप पहुंची, पीछे बैठे अपराधी ने झपट्टा मारकर नीतू पांडेय का पर्स छीन लिया। पर्स छीनने की घटना इतनी तेजी से हुई कि महिला संतुलन नहीं बना सकीं और चलती बाइक से सीधे सड़क पर गिर पड़ीं। गिरने के कारण उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

गौरी शंकर पांडेय ने बताया कि घटना के वक्त वह बाइक पर थोड़ा आगे निकल चुके थे। अचानक पीछे से गिरने की आवाज सुनकर उन्होंने बाइक रोकी और पीछे मुड़कर देखा तो उनकी पत्नी सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी थीं। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक दोनों बदमाश तेजी से बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर की ओर भाग निकले। आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला की मदद की।

स्थानीय लोगों की सहायता से नीतू पांडेय को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड पुलिस के अंतर्गत बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अपराधियों ने पहले से ही इलाके की रेकी कर रखी थी और सुनसान मोड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। विशेष रूप से कीनन स्टेडियम, जेआरडी कॉम्प्लेक्स और बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर के पास लगे कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि लाल टोपी पहने अपराधी और उसकी बाइक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि बिष्टुपुर जैसे पॉश इलाके में दिनदहाड़े इस तरह की वारदात होना पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। नागरिकों ने शाम और दोपहर के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि पिछले कुछ समय से शहर में छिनतई और लूटपाट की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बेसिक शिक्षा में यूपी ने बनाई नई पहचान, परिषदीय विद्यालयों का बदलता स्वरूप बना 'योगी मॉडल'

**- ऑपरेशन कायाकल्प से 1.32 लाख विद्यालयों की बदली तस्वीर, संतृप्तिकरण 36% से बढ़कर 96.30% हुआ**

**- स्मार्ट स्कूल, मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और आधुनिक सुविधाओं से बदल रही सरकारी स्कूलों की पहचान**

**- 75 जिलों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना, 141 के लिए भूमि चयन का कार्य पूर्ण**

**- बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए आवासीय विद्यालयों की स्थापना का निर्णय**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 मई। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अब भवनों और नामांकन पर जोर देने के साथ-साथ परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक, स्मार्ट और तकनीक आधारित शिक्षा केंद्रों में बदलने का व्यापक अभियान चल रहा है। कभी जर्जर भवनों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के लिए चर्चा में रहने वाले सरकारी स्कूल अब 'योगी मॉडल' के अंतर्गत नई पहचान बना रहे हैं। योगी सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शामिल 'ऑपरेशन कायाकल्प' ने प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल दी है। अभियान के अंतर्गत अब तक 1.32 लाख विद्यालय आच्छादित किए जा चुके हैं। वर्ष 2017-18 में जहां विद्यालयों का संतृप्तिकरण केवल 36 प्रतिशत था, वहीं अब यह बढ़कर 96.30 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह बदलाव अब गांवों के सरकारी स्कूलों में साफ दिखाई दे रहा है।

**3.42 लाख डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की कार्यवाही तेज**

विद्यालयों में बच्चों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु 3.42 लाख डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है। इसके साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने की विशेष योजना पर काम चल रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी तकनीक आधारित शिक्षा से जुड़ सकें।

**मॉडल विद्यालयों से शिक्षा व्यवस्था को मिल रही नई दिशा**

योगी सरकार अब परिषदीय शिक्षा को आधुनिक और समग्र शिक्षा मॉडल से जोड़ने पर विशेष जोर दे रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 75 जिलों में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक संचालित होने वाले 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों में से 141 के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन विद्यालयों को आधुनिक कक्षाओं, डिजिटल शिक्षण संसाधनों, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशालाओं और खेल सुविधाओं से लैस किया जाएगा, ताकि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी निजी विद्यालयों जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही 75 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय भी विकसित किए जा रहे हैं, जहां प्री-प्राइमरी से कक्षा-8 तक के बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

**बालिका शिक्षा पर विशेष फोकस**

योगी सरकार ने बालिका शिक्षा को मजबूत करने के लिए भी बड़ा कदम उठाया है। जिन विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहां नए आवासीय बालिका विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इससे दूरदराज और वंचित क्षेत्रों की बेटियों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा।

**राष्ट्रीय स्तर पर उभर रहा योगी मॉडल**

उत्तर प्रदेश में जिस तेजी से परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है, वह देश के लिए एक बड़े मॉडल के रूप में उभर रहा है। योगी सरकार की रणनीति अब केवल स्कूल खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक आधारित और परिणामोन्मुखी शिक्षा केंद्रों में बदलने की दिशा में काम किया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट स्कूल, मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से उत्तर प्रदेश अब बेसिक शिक्षा में नई राष्ट्रीय पहचान बनाने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# गो संरक्षण विशेष : यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में बजा यूपी का डंका

**- एक हजार से ज्यादा देशी गायों के सहारे 10 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार का एथिकल डेयरी मॉडल**

**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की है इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन**

**- सीएम योगी की प्रेरणा से अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत टीम 100 ने संभाला देशी गायों के संरक्षण का जिम्मा**

**- देशी गायों से बने अ2 दूध, बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, शतधौत घृत, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय समेत 150 प्रकार के प्रोडक्ट की दुनिया में धूम**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 मई : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गो संरक्षण से समृद्धि मॉडल अब जमीन से उठकर ग्लोबल मंच पर अपनी ताकत दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश में देशी गायों के सहारे न सिर्फ 10 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार खड़ा हुआ है, बल्कि यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में मेड इन यूपी गो उत्पादों की धूम मच गई है। यह मॉडल सिर्फ गोसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक सशक्त आर्थिक ताकत में बदल दिया गया है। हेता के जरिए 1000 से ज्यादा देशी गायों पर आधारित एथिकल डेयरी सिस्टम खड़ा किया गया है, जिसने देशी नस्लों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन कर चुके हैं।



सीएम योगी की प्रेरणा से सिकंदरपुर, गाजियाबाद के असीम रावत ने इस अभियान की शुरूआत की। असीम 14 साल तक लगातार अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देशों की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों में इंजीनियर रहे। फिर इन्होंने गो संरक्षण की राह चुनी। आज 100 लोगों की एक स्पेशल टीम के साथ वे इस मिशन को न सिर्फ चला रहे हैं, बल्कि इसे ग्लोबल ब्रांड बना दिया है।

हेता का मॉडल देशी गायों के समग्र उपयोग पर आधारित है। यहां दूध से लेकर पंचगव्य, आयुर्वेदिक उत्पाद, ऑर्गेनिक फूड और वेलनेस प्रोडक्ट्स तक करीब 150 प्रकार के प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं। अ2 दूध, बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, शतधौत घृत, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय, स्किन-हेयर केयर और गोमूत्र अर्क जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं।

अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोप, सिंगापुर, दुबई तक यूपी की पहचान

इस मॉडल की सबसे खास बात यह है कि यहां वृद्ध गोवंश को भी बोझ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी माना गया है। उन्हें छोड़ा नहीं जाता, बल्कि संरक्षण का अभिन्न हिस्सा बनाया जाता है। हेता के उत्पाद आज भारत के अलावा अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोप, सिंगापुर, दुबई और अन्य मध्य-पूर्व व एशियाई देशों तक पहुंच रहे हैं, जिससे यूपी की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है।

**डेयरी मास्टर प्लान के तहत लाखों रुपये अनुदान**

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार योगी सरकार इस मॉडल को व्यापक बनाने के लिए बड़े स्तर पर नीतिगत समर्थन भी दे रही है। ह्यऑपरेशन-4ह्ल के तहत स्वदेशी गायों के पालन पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी मास्टर प्लान के तहत 2 से 25 गायों तक पशु पालकों को लाखों रुपये का अनुदान मिल रहा है। योजना में 15 प्रतिशत स्वयं निवेश, 35 प्रतिशत बैंक ऋण और 50 प्रतिशत सब्सिडी का स्पष्ट फामूर्ला लागू किया गया है।

**गो-इकोनॉमी मॉडल उत्तर प्रदेश को वैश्विक डेयरी शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

साहीवाल, गिर, गंगातीरी और सिंधी जैसी उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और विस्तार पर सरकार का विशेष फोकस है। प्रदेश में लागू चार बड़ी योजनाएं मिलकर डेयरी सेक्टर को नई रफ्तार दे रही हैं। इसका नतीजा यह है कि अब किसान देशी गायों के सहारे करोड़ों की आय अर्जित कर रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नया उछाल देखने को मिल रहा है। योगी सरकार का यह ह्यगो-इकोनॉमीह्ल मॉडल अब सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक डेयरी शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम बन चुका है।

# डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर भारत का नया इंजन बनेगा यूपी, प्रस्तावित कॉन्क्लेव से निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**- पीएम मोदी के मार्गदर्शन में योगी सरकार के विजन को मिलेगी नई उड़ान, नई दिशा देगा प्रस्तावित यूपी डिफेंस एंड एयरोस्पेस कॉन्क्लेव-2026**

**- लखनऊ में प्रस्तावित कॉन्क्लेव के जरिए यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मिलेगा नया विस्तार, निवेश और रोजगार पर रहेगा फोकस**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 24 मई। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और एयरोस्पेस सेक्टर को नई गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कॉन्क्लेव-2026 आयोजित करने की तैयारी है। प्रस्तावित कॉन्क्लेव का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में डिफेंस इंडस्ट्री की स्थापना, निवेश आकर्षण और औद्योगिक विस्तार पर विशेष फोकस रहेगा। कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। इसके माध्यम से उद्योग जगत, रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू), एयरोस्पेस कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

**यूपी डिफेंस कॉरिडोर की ताकत का होगा प्रदर्शन**

प्रस्तावित एजेंडे के अनुसार कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश की रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें राज्य की रणनीतिक लोकेशन, मजबूत एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो सुविधा और बेहतर कानून व्यवस्था को निवेश के प्रमुख आधार के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के साथ उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण पैनल चर्चाएं भी प्रस्तावित हैं। इनमें प्रमुख रूप से डिफेंस और एयरोस्पेस इन्वेस्टमेंट के लिए उत्तर प्रदेश क्यों?, यूपी एयरोस्पेस और रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024 रक्षा क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी और यूपी डिफेंस कॉरिडोर को बढ़ावा देने में डीपीएसयू और सरकारी संस्थानों की भूमिका जैसे विषय शामिल हैं।

**रक्षा उत्पादन सचिव और मुख्यमंत्री का विजन रहेगा केंद्र में**

कॉन्क्लेव में भारत सरकार के रक्षा उत्पादन सचिव द्वारा रक्षा क्षेत्र के भविष्य को लेकर विजन और मार्गदर्शन दिए जाने का प्रस्ताव है। वहीं प्रस्ताव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन और एयरोस्पेस सेक्टर में अग्रणी राज्य बनाने की रणनीति प्रस्तुत किया जाना भी शामिल है। कार्यक्रम में स्टेकहोल्डर्स के बीच बी2जी और बी2बी इंटरैक्शन भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे उद्योग और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके।

**डिफेंस सेक्टर के लिए यूपी की बड़ी ताकतें होंगी हाईलाइट**

कॉन्क्लेव के दौरान जिन प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया जाएगा, उनमें रणनीतिक स्थान, कनेक्टिविटी और औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, कुशल कार्यबल और परीक्षण सुविधाएं, राजकोषीय प्रोत्साहन एवं अनुसंधान एवं विकास सहयोग, सिंगल विंडो सिस्टम और सुव्यवस्थित अनुदान व्यवस्था, डीपीएसयू एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ सहभागिता तथा रक्षा निर्माण क्षमताएं शामिल हैं।

**देश की बड़ी कंपनियां और संस्थान होंगे आमंत्रित**

प्रस्तावित सूची के अनुसार कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय एवं भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, एचएएल, बीईएल, बीईएमएल जैसी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां तथा टाटा, अडानी, बोइंग, एयरबस और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी इंडस्ट्री कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त डीआरडीओ, एनएएल और बीआईएस जैसी इंडस्ट्री एसोसिएशंस एवं एजेंसियां भी सहभागिता करेंगी। एमएसएमई सेक्टर से एमकेयू लि., पीटीसी इंडस्ट्रीज, आइडियाफोर्ज और स्काईरूट जैसी कंपनियों की भागीदारी भी प्रस्तावित है।

# पटना के भुसौला दानापुर के वार्ड-1 में तीन दिनों से अंधेरा

## आक्रोशित लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना से सटे फुलवारी शरीफ के भुसौला दानापुर स्थित वार्ड नंबर 1 में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इलाके में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे स्थानीय लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एक मामूली फ्यूज खराब होने की वजह से पूरा इलाका तीन दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है।लगातार तीन दिनों से बिजली गुल रहने के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच रात गुजारना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली न होने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत खराब है। स्कूल की छुट्टियों के कारण घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस समस्या की सूचना दी, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। आक्रोशित लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की उदासीनता के कारण उन्हें इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अविलंब बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मामले पर जब विद्युत विभाग के जेई से संपर्क किया गया, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें समस्या की जानकारी काफी देर से मिली थी। जेई ने कहा की हमें जैसे ही सूचना मिली, हमने तुरंत बिजली कर्मियों और मिस्त्री को मरम्मत के लिए मौके पर भेज दिया है। समस्या समाधान की प्रक्रिया जारी है। जिन लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, उन्होंने हमें सीधे तौर पर कोई सूचना नहीं दी थी।

# इस्लाम की रहमत पूरी इंसानियत के लिए

## कुबार्नी में स्वच्छता और अनुशासन का रखें ख्यालः अमीर-ए-शरीयत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर इमारत-ए-शरीयत के अमीर-ए-शरीयत, हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने देशवासियों, विशेषकर मुसलमानों को मुबारकबाद दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस्लाम की रहमत किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि यह पूरी इंसानियत के लिए है। हजरत अमीर-ए-शरीयत, जो मुंगेर स्थित खानकाह-ए-रहमान के सज्जादा नशीन भी हैं, ने कहा कि ईद-उल-अजहा हमें हजरत इब्राहीम (अ.स.) की याद दिलाता है। यह त्योहार ईमान, सब्र और अल्लाह के प्रति पूर्ण समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल खुशी का त्योहार नहीं, बल्कि अनुशासन, जिम्मेदारी, सेवा और सामाजिक सौहार्द का पैगाम भी है।अमीर-ए-शरीयत ने कुबार्नी के दौरान स्वच्छता को सबसे अहम बताते हुए कहा कि कुबार्नी एक इबादत है, इसे तमाशा न बनने दें। उन्होंने हिदायत दी कि कुबार्नी के बाद खून, हड्डी, चमड़ी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को सड़कों, नालियों या सार्वजनिक स्थानों पर बिल्कुल न फेंकें। अपशिष्टों का सुरक्षित तरीके से निस्तारण करें और कुबार्नी स्थल पर कीटाणुनाशक का उपयोग सुनिश्चित करें। कानूनी नियमों और सामाजिक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से पालन करें। हजरत ने विशेष रूप से चेतावनी दी कि कुबार्नी के दौरान शोर-शराबा, नारेबाजी और अत्यधिक भीड़ न करें। उन्होंने युवाओं से अपील की कि कुबार्नी की तस्वीरें या वीडियो सोशल



मीडिया पर साझा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे कार्यों से गलत फहमियां पैदा हो सकती हैं और सामाजिक तनाव बढ़ने का खतरा रहता है। अमीर-ए-शरीयत ने मुसलमानों से अपील की कि कुबार्नी के मांस का वितरण करते समय गरीबों, विधवाओं, अनाथों और जरूरतमंदों को प्राथमिकता दें। साथ ही, कुबार्नी की खाल को जरूरतमंदों, मदरसों और अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को दान करने का आह्वान किया, ताकि इसका लाभ समाज के वंचित तबके तक पहुंच सके।

# मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के कर्मा लहंग गांव में मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कांड में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी




आरोपी कर्मा लहंग गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में कुंदन कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार, गोलू कुमार और अभिषेक कुमार शामिल हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी को उनके घर से पकड़ा।कर्मा लहंग गांव में कुछ दिन पहले दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर टंडवा थाना में कांड संख्या दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# पटना के होटल में पिता के साथ ठहरी छात्रा से छेड़छाड़

## आरोपी गिरफ्तार, लापरवाही पर होटल सील

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में महिलाओं की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रूपसपुर थाना क्षेत्र के महावीर कॉलोनी स्थित एक होटल में परीक्षा देने आई छात्रा के साथ छेड़खानी की शर्मनाक घटना सामने आई है। नशे में धुत आरोपी ने छात्रा के पिता के सामने ही इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले होटल को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बेगूसराय की रहने वाली छात्रा अपने पिता के साथ पॉलिटेक्निक की परीक्षा में शामिल होने पटना आई थी। दोनों महावीर कॉलोनी स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। देर रात शराब के नशे में चूर एक युवक जबरन उनके कमरे में घुस गया और पिता की मौजूदगी में छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा। अचानक हुई इस हरकत से पिता-पुत्री स्तब्ध रह गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस जांच में होटल प्रबंधन की घोर लापरवाही सामने आई है। पता चला है कि होटल के सीसीटीवी कैमरे बंद थे, जिसके कारण घटना की रिकॉर्डिंग नहीं हो सकी। इसके अलावा, होटल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नदारद थे। इस गंभीर चूक को देखते हुए प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए होटल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। पश्चिमी एसपी भानु प्रताप ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है। उन्होंने कहा की पीड़िता की शिकायत पर रूपसपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मुख्य आरोपी सत्येंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथ मौजूद अन्य साथियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए विशेष टीम छापेमारी कर रही है।

एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि होटल प्रबंधन से कड़ाई से पूछताछ की जाएगी कि सीसीटीवी कैमरे क्यों बंद थे और बिना किसी सुरक्षा निगरानी के बाहरी व्यक्तियों को कमरे तक पहुंचने कैसे दिया गया। पुलिस अब यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए होटल संचालकों की जवाबदेही तय की जाए। इस घटना ने एक बार फिर पटना के होटलों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

# पटना में कायस्थ समाज ने हुंकार भरी

## मंत्रिमंडल में उचित भागीदारी नहीं मिली, तो बदलेंगे राजनीतिक रुख

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ कायस्थ चित्रगुप्त सेना की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक वंशी कुंज, कदमकुआं में आयोजित की गई। सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कायस्थ समाज की उपेक्षा पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज को संगठित करने के लिए अब प्रदेश भर में ह्यघर-घर संपर्क अभियानह्न चलाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज ने जनसंघ के दौर से लेकर भाजपा तक हमेशा शत-प्रतिशत समर्थन दिया है। इसके बावजूद, समाज को राजनीतिक सम्मान और भागीदारी से वंचित रखा गया है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल के बाद अब बिहार में भी सम्राट सरकार के मंत्रिमंडल में कायस्थ समाज को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है, जो बेहद चिंताजनक है। सेनाध्यक्ष ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कायस्थ विधायकों की संख्या सिमटकर तीन रह गई थी और 2025 के चुनाव में दो सिटिंग विधायकों का टिकट काटकर समाज को हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया गया। वर्तमान में भाजपा के पास विधानसभा में एक भी कायस्थ विधायक नहीं है। कुम्हरार विधानसभा में कायस्थ प्रत्याशी का टिकट काटे जाने पर भी उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाण्डेय अखिलेश ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि कायस्थ समाज किसी दल का बंधुआ वोटर नहीं है। उन्होंने कहा, "जो दल समाज को सम्मान और राजनीतिक भागीदारी देगा, समाज उसी के साथ खड़ा होगा।" उन्होंने सम्राट सरकार से मांग की है कि मंत्रिमंडल में कायस्थ समाज के प्रतिनिधि को शामिल कर उन्हें उचित भागीदारी दी जाए।

बैठक में अधिवक्ता अमिताभ ऋतुराज, सुधांशु भूषण, प्रमिला वर्मा, नवल किशोर, संजीव कर्ण, रौशन प्रियदर्शी सहित समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पटना के पालीगंज में जमीनी विवाद के दौरान एक बृद्ध की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत डीहपाली गांव में दो पक्षो के बीच हुई जमीनी विवाद के दौरान धक्का मुक्की के दौरान गिरकर एक बृद्ध की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के डीहपाली गांव निवासी 75 वर्षीय रामईश्वर यादव को अपने ही हिस्सेदार के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। इसी दौरान रविवार की शाम दोनो के बीच विवाद हो गया। जिसके दौरान रामईश्वर यादव धक्का खाकर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सम्राट चौधरी के 'हरा गमछा' वाले बयान पर गरमाई सियासत

## तेजस्वी यादव का जोरदार पलटवार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा हाल ही में 'हरा गमछा' को लेकर की गई टिप्पणी पर सूबे की राजनीति में उबाल आ गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री के इस बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे समाज को बांटने वाली संकीर्ण मानसिकता करार दिया है। तेजस्वी यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री को विकास और जनहित के मुद्दों पर बात करनी चाहिए, लेकिन वे 'हरा और नीला गमछा' जैसे बेतुके बयानों के जरिए समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा की मुख्यमंत्री जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उस पर मुझे हंसी आती है। यह साफ दर्शाता है कि उनके अंदर नफरत कितनी भरी हुई है। बिहार की जनता सब देख रही है और ऐसी बांटने वाली राजनीति को कतई सफल नहीं होने देगी। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश का खजाना खाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय महिलाओं को दी जाने वाली सहायता राशि और पेंशन के वादों से सरकार पीछे हट गई है। उन्होंने बिजली दर में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने जनता को सिर्फ धोखा दिया है। तेजस्वी ने राज्य में बढ़ते अपराधों पर भी चिंता जताई और आरोप लगाया कि अपराधी बेलगाम हैं, जबकि सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री केवल बयानबाजी में व्यस्त हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को बिहार एआई समिट के उद्घाटन के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा था कि यदि एआई (AI) को आदेश दिया जाए कि 'हरा गमछा' वालों को खोजो, तो वह तुरंत उन्हें पकड़ लेगा। हालांकि, विवाद बढ़ता देख मुख्यमंत्री ने बाद में स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि उनका इशारा किसी खास व्यक्ति या समुदाय की ओर नहीं था। इस बयानबाजी ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नई तकरार पैदा कर दी है, जिससे आने वाले दिनों में राजनीतिक पारा और चढ़ने के आसार हैं।

# नबीनगरः सड़क दुर्घटना से शादी समारोह में जा रही महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला अपने दो पुत्रों के साथ बाइक से शादी समारोह में जा रही थी। हादसे में दोनों बेटे भी मामूली जख्मी हुए हैं।जानकारी के अनुसार दमड़ी बीघा गांव निवासी बहादुर राम की पत्नी मंजू देवी अपने दो पुत्रों के साथ बाइक से किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान नबीनगर रोड स्थित रेलवे स्टेशन फाटक




के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया। तीनों सड़क पर गिर पड़े।हादसे में मंजू देवी की मौके पर मौत हो गई।गस्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतका के दोनों पुत्रों को मामूली चोटें आई हैं। उनका इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही नबीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बाइक के अनियंत्रित होने से हादसा होना सामने आया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# पटना के फुलवारी शरीफ स्थित बिरला कॉलोनी को मिली 71 लाख की सौगात

## विभिन्न विकास योजनाओं का हुआ उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ नगर परिषद फुलवारी शरीफ के वार्ड संख्या-05 स्थित बिरला कॉलोनी में रविवार को विकास की नई इबारत लिखी गई। यहाँ लगभग 71.80 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद सभापति आफताब आलम ने किया, जबकि अध्यक्षता वार्ड पार्षद विमलेश कुमारी ने की। इस परियोजना के तहत बिरला कॉलोनी और उसके आसपास के क्षेत्रों में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। इन कार्यों में संजय शर्मा के मकान से देवव्रत पंडित के मकान तक पीसीसी सड़क व नाली निर्माण, सत्येन्द्र शर्मा से डी.एन. सिंह के मकान तक सड़क व नाली निर्माण, बिरला कॉलोनी मोड़ से कन्या विद्यालय तक आरसीसी नाली का निर्माण, सुनील सिन्हा मार्केट से रामोवती सदन तक नाला निर्माण और नामी लाल रजक के मकान से मिल्लत कॉलोनी मोड़ तक आरसीसी नाली निर्माण शामिल है। इन कार्यों से जल निकासी की पुरानी समस्या का समाधान होगा और स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम रजक ने कहा कि राज्य सरकार फुलवारी शरीफ के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आज हर वार्ड में सड़क, नाली, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य में अब भयमुक्त माहौल है और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर सभी समाज के लोग प्रदेश की प्रगति में योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह दिखा। नगर परिषद के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र का कायाकल्प होगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मोहम्मद मिनहाज, पूर्व पार्षद भीम पंडित, गुड्डू रजक, रमेश यादव और भाजपा नेता अभय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नबीनगरः शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, तीन गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड-12 भवानो खाप में शराब मामले के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में कई पुलिसकर्मी चोटिल हुए थे। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार विगत रात्रि पुलिस की एक टीम भवानों खाप में शराब के आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी। छापेमारी के दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया और मारपीट की। हमले में पुलिस के कई जवानों को चोटें आईं।घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय पासवान, निरंजन पासवान और पप्पू पासवान के रूप में हुई है। तीनों भवानो खाप के ही रहने वाले हैं।




पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला गंभीर अपराध है। ऐसी घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# नबीनगरः बकरीद पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट, थानाध्यक्ष के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बकरीद पर्व पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नबीनगर थाना पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में रविवार को थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च नबीनगर थाना से शुरू होकर बस स्टैंड, जनकपुर पोखरा, परसिया, शनिचर बाजार, मस्जिद गली,मंगल बाजार और न्यू एरिया होते हुए वापस थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस बल ने पूरे इलाके में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।थानाध्यक्ष



मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।फ्लैग मार्च में एसआई राजू कुमार, एसआई कामिनी कुमारी सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को देने की अपील की।थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। भ्रामक पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेहरमा और बलबड्डा थाना में फरियादियों सहित राहगीरों के लिए की गई प्याऊ की व्यवस्था

**समाज जागरण गोड्डा**

मेहरमा बीते कइ दिनों से चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। राहगीरों और थाना आने वाले फरियादियों सहित अन्य को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रविवार को मेहरमा और बलबड्डा थाना में शीतल पेयजल (प्याऊ) लगाया गया। मेहरमा में थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने तथा बलबड्डा में पुलिस इंस्पेक्टर रूबी मिंज की ओर से लोगों को शुद्ध और शीतल पानी पीलाकर इसका उद्घाटन किया गया। मेहरमा में थाना परिसर के मुख्य दरवाजा के नजदीक तथा बलबड्डा में थाना परिसर में शुद्ध पेयजल (प्याऊ) की व्यवस्था की गई। ताकि थाना आने वाले फरियादियों राज्यों सहित अन्य लोग यहां से अपनी प्यास बुझा सकें। पुलिस के इस मानवीय रूप की लोगों द्वारा काफी प्रशंसा की जाने लगी है। लोगों का कहना है कि पुलिस का यह प्रयास आमजनों और पुलिस प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि



चिलचिलाती धूप और हीटवेव से बचाव के लिए यह पहल की गई है। दोनों थाना में दो-दो नये मटके में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। ताकि थाना आने वाले फरियादियों सहित राहगीरों और स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्हें पेयजल के लिए यत्र तत्र भटकना नहीं पड़े। अधिकारियों ने क्षेत्र के अन्य समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से भी विभिन्न चौक चौराहों, भीड़भाड़ वाले जगहों और सार्वजनिक सथलों पर प्याऊ लगवाने पर बल दिया है। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक राजकिशोर शर्मा, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक, सहदेव प्रसाद, वीरेंद्र मंडल, राजेश पांडे सहित कई गणमान्य फरियादी और राहगीर उपस्थित थे।वहीं बलबड्डा में पुलिस इंस्पेक्टर के अलावा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।बीते कइ दिनों से चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। राहगीरों और थाना आने वाले फरियादियों सहित अन्य को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रविवार को मेहरमा और बलबड्डा थाना में शीतल पेयजल (प्याऊ) लगाया गया। मेहरमा में थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने तथा बलबड्डा में पुलिस इंस्पेक्टर रूबी मिंज की ओर से लोगों को शुद्ध और शीतल पानी पीलाकर इसका उद्घाटन किया गया। मेहरमा में थाना परिसर के मुख्य दरवाजा के नजदीक तथा बलबड्डा में थाना परिसर में शुद्ध पेयजल (प्याऊ) की व्यवस्था की गई। ताकि थाना आने वाले फरियादियों राज्यों सहित अन्य लोग यहां से अपनी प्यास बुझा सकें। पुलिस के इस मानवीय रूप की लोगों द्वारा काफी प्रशंसा की जाने लगी है। लोगों का कहना है कि पुलिस का यह प्रयास आमजनों और पुलिस प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि चिलचिलाती धूप और हीटवेव से बचाव के लिए यह पहल की गई है। दोनों थाना में दो-दो नये मटके में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। ताकि थाना आने वाले फरियादियों सहित राहगीरों और स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्हें पेयजल के लिए यत्र तत्र भटकना नहीं पड़े। अधिकारियों ने क्षेत्र के अन्य समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से भी विभिन्न चौक चौराहों, भीड़भाड़ वाले जगहों और सार्वजनिक सथलों पर प्याऊ लगवाने पर बल दिया है। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक राजकिशोर शर्मा, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक, सहदेव प्रसाद, वीरेंद्र मंडल, राजेश पांडे सहित कई गणमान्य फरियादी और राहगीर उपस्थित थे।वहीं बलबड्डा में पुलिस इंस्पेक्टर के अलावा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।